देशबन्धु
जबलपुर, मंगलवार 19 दिसम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –39 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ मी लाई फैसला मिला है...
■ भारत को लेकर अमेरिका... 04
■ न्यूजीलैंड में महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप...
■ कतर ने हमास-इजरायल बंधक सौदे पर... 09
■ चालू मार्केटिंग इयर में एक अक्टूबर से...
■ शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला... 11
■ भारत की निगाहें दक्षिण...
■ ऑस्ट्रेलिया ने की... 10

# संसद में चला अनुशासन का बुल्डोजर.. इस सत्र में 92 सांसद निलंबित

## सोमवार को लोकसभा के 33 और राज्यसभा से 45 सांसदों पर की गई निलंबन की कार्रवाई

- संसद में सुरक्षा सेंध पर हंगामा, 78 सांसद निलंबित
- गृहमंत्री के बयान की मांग कर रहा है विपक्ष
- निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर भी शमिल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद की सुरक्षा में हुई चूक के बाद विपक्ष के गृहमंत्री के बयान की मांग करते हुए लगातार हंगामा हंगामा कर रहा है। दोनों सदनों में संसद की कार्यवाही नहीं चल पा रही है। संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ, जिसके चलते सोमवार को लोकसभा से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी सहित 33 सांसद और राज्यसभा से 45 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस तरह मौजूदा सत्र में अब तक दोनों से निलंबित सांसदो की संख्या बढकर 92 तक पहुंच गई है। मालूम हो कि राज्यसभा से सोमवार को संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष के 34 सांसदों को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित किया गया। जबकि 11 सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया है। सभापति जगदीप धनकड ने सदन में हंगामे को लेकर विपक्षी दलों के 34 सदस्यों का नाम लिया। आसन द्वारा सदस्यों का नाम लेना, इसे निलंबित करने की प्रक्रिया की शुरुआत माना जाता है। इसके बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने इनके निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। एक सत्र में इतने सांसदों का निलंबन संसदीय इतिहास की पहली घटना बताई जा रही है। इससे पहले राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल 1989 में 63 सांसद निलंबित किए गए थे।




### संसदीय इतिहास की पहली घटना

**राज्यसभा से निलंबित सांसद**–अभी तक जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है,उसमें कांग्रेस से प्रमोद तिवारी,जयराम रमेश, अमी याज्ञिक, नारायण जे राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देबी नेताम, शक्तिसिंह गोहिल,केसी वेणुगोपाल,रजनी पाटिल,रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, >>शेष पृष्ठ 2 पर

### तानाशाही



तानाशाही मोदी सरकार द्वारा अभी तक 92 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर सभी लोकतांत्रिक प्रणालियों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया है।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस नेता

### भद्दा हंगामा



राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष और सहयोगी दल घमंडिया गठबंधन के सदस्यों ने संसद में भद्दा हंगामा किया। इसे देश नहीं सहेगा।

– **पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

## सार संक्षेप

### जम्मू कश्मीर और लद्दाख में भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.5 की तीव्रता

**एक घंटे में चार बार कांपी धरती**

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू, श्रीनगर, पुंछ, किश्तवाड़, कारगिल समेत दोनों प्रदेशों के कई हिस्सों में भूकंप के झटके लगे। एक घंटे के भीतर चार बार धरती कांपी। सबसे पहला झटका दोपहर तीन बजकर 48 मिनट पर लगा। इसके बाद दूसरा झटका तीन बजकर 57 मिनट पर महसूस किया गया। दूसरे झटके की तीव्रता 3.8 रही। इन दोनों झटकों का केंद्र लद्दाख का कारगिल क्षेत्र रहा। इसके बाद तीसरा झटका चार बजकर एक मिनट पर दर्ज किया गया। इसकी तीव्रता 4.8 रही। चौथा झटका चार बजकर 18 मिनट पर लगा। इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। तीसरे और चौथे भूकंप का केंद्र जम्मू संभाग का जिला किश्तवाड़ रहा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने ये जानकारी साझी की है। इसके चलते किसी तरह के जानमाल के नुकसान की फिलहाल सूचना नहीं मिली है।

### पुणे में दो सड़क दुर्घटनाओं में 12 की मौत

**पुणे।** पुणे क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रविवार देर रात ट्रक, एक कार और एक ऑटोरिक्शा से जुड़ी दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने ये जानकारी दी। पहली घटना में, रात 11.30 बजे ठाणे में अहमदनगर से कल्याण की ओर तेज गति से जा रहे एक डिलीवरी ट्रक ने एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे आठ की मौत हो गई। दूसरी घटना में, पुणे-नासिक राजमार्ग पर हुई जिसमें एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल गठन को लेकर माथापच्ची चल रही है।

**चुहिया- हां प्रिये-** राजयोग जिसका होगा उसे लाल बत्ती मिलेगी लेकिन तुम फिर चौंकने तैयार रहो।

# 20,000 करोड़ से बनेगी अटल मेडिसिटी, हर संभाग में मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस

- मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सात दिन में रोडमैप तैयार करने के दिये निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20,000 करोड़ रूपये के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जायेगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित किया जायेगा। मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में दी गारंटी को पूरा करने के लिए सात दिन में रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं।

संकल्प पत्र के अनुसार प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पैलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किये जायेंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जायेंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाये जायेंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जायेगा।

वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं। वर्ष 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे जो आज बढ़कर 24 हो गए हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई हैं। साढ़े तीन वर्षों में 800 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और विकास किया गया है। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2,000 से 42,000 हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 11,000 से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू किए हैं। प्रदेश में 2,000 से अधिक एंबुलेंस उपलब्ध हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या 7 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 51,000 से अधिक की गई है।आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिये पाँच लाख से ज्यादा खर्च होने पर अतिरिक्त खर्च सीएम रिलीफ फंड से किया जायेगा।



औचक निरीक्षण करने हमीदिया अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव मरीजों और उनके परिजनों से सीधी बात करते हुए।

# ज्ञानवापी मामले में एएसआई ने पेश की रिपोर्ट

**1500 से ज्यादा पेज की रिपोर्ट में 250 से ज्यादा साक्ष्य पेश किए गए**



**मुस्लिम पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक करने के खिलाफ**

**जिला जज को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की**

**वाराणसी, (एजेंसियां)।** ज्ञानवापी मामले में लंबे समय के बाद आखिर एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने सोमवार को वाराणसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश कर दी। एएसआई के एडिशनल डायरेक्टर ने वाराणसी के जिला जज को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की है। ये रिपोर्ट 1500 से ज्यादा पेज की है, जिसमें 250 से ज़्यादा के साक्ष्य पेश किए गए हैं। एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश एके विश्वेश के समक्ष रिपोर्ट सौंपी है। हिंदू पक्ष के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। हिंदू पक्ष ने इसमें शामिल सभी पक्षों को रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए निर्देश देने की मांग की।

**21 दिसंबर को फैसला आएगा**–मुस्लिम पक्ष इसका विरोध कर रहा है। मुस्लिम पक्ष कह रहा है कि इसे पब्लिक डोमेन में न लाया जाए। इस पर अब 21 दिसंबर को फैसला आएगा। सर्वे रिपोर्ट की कॉपी 21 दिसंबर को ही पक्षकारों को दी जाएगी। एएसआई ने इससे पहले दो-तीन बार रिपोर्ट जमा करने के लिए कोर्ट से और समय मांगा था, जोकि उसे दिया भी गया था। एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के 21 जुलाई के आदेश के अनुसार वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं।

# मप्र : मंत्रिमंडल को लेकर माथापच्ची, कई नामों पर सहमति बनने की खबर

### दिग्गजों के साथ नए चेहरे भी दिखेंगे

*__जबलपुर, भोपाल, देशबन्धु।__ मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल गठन को लेकर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक हुई। देर रात करीब दो घंटे तक चली बैठक में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मध्य प्रदेश के मंत्री मंडल में नामों की सूची को लेकर चर्चा हुई।*

*कैबिनेट में नई पीढ़ी की झलक देखने को मिलेगी। इस बैठक में खास बात यह रही कि शिवराज सिंह चौहान बैठक से नदारद थे। उन्हें बुलाया गया था या नहीं? यह स्पष्ट नहीं हो सका। इस बीच रविवार-सोमवार की देर रात चली बैठक के बाद खबर है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिल्ली बुलाया गया है जहां वे आज मंगलवार की दोपहर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे।*

*उधर सूत्रों का कहना है कि- दिग्गजों के साथ नए चेहरे भी मंत्रिमंडल में दिखाई पड़ेंगे। बताया जा रहा है कि-पहली बार के विधायकों को शामिल करने पर अमित शाह निर्णय लेंगे। बैठक में शामिल होने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद मंत्री मंडल की सूची लेकर दिल्ली पहुंचे। सूत्रों के अनुसार बैठक में प्रस्तावित 15 से 18 नामों को लेकर सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच सहमति बन गई है। अब संभावना जताई जा रही है कि दो चरणों में मंत्रिमंडल का गठन हो सकता है। बैठक में ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा।*

### शिवराज अचानक दिल्ली बुलाए गए

# दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक आज

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की बैठक कल मंगलवार को दिल्ली में होगी। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीटों के बटवारे को लेकर चर्चा होगी। लेकिन हाल में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के रवैए और पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद अब सहयोगी दलों ने सीटों के बंटवारे को लेकर अपना रूख सख्त कर लिया है।

**बैठक में हिस्सा लेने ममता बनर्जी सहित कई दिग्गज दिल्ली पहुंचे**

कल आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर दी थी तो वहीं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को महज दो लोकसभा सीटे ही छोड़ने को तैयार हैं। माना जा रहा है कि कल गठबंधन की बैठक सीटों का बटवारा बडा मुद्दा बन सकता है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लेने ममता बनर्जी दिल्ली पहुंच चुकी है। इससे पहले उन्होंने कोलकाता में कहाकि अभी वे सीटों के बटवारे को लेकर कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। 19 दिसम्बर की बैठक के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं टीएमसी के जुडे सूत्रों का कहना है कि पार्टी कांग्रेस के लिए सिर्फ दो लोकसभा सीटें ही छोड सकती है। इसमें एक सीट मुर्शिदाबाद की बरहामपुर सीट है,जहां से 2019 में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके अलावा मालदा जिले की मालदा दक्षिण सीट को भी कांग्रेस का गढ माना जाता रहा है। इस सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस नेता अबू हासिम खान ने जीत हासिल की थी।

# केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा नोटिस

**21 दिसम्बर को पेश होने के लिए कहा**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले 2 नवंबर को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने नोटिस को गैरकानूनी बताकर इसे वापिस लेने की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल को समन ऐसे समय पर भेजा गया है जब वो विपश्यना केंद्र जाने वाले हैं।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## चिंतनीय

### भारत में शिक्षा के स्तर पर राष्ट्रपति ने कहा-

# देश का एक भी शिक्षण संस्थान विश्व के 50 शिक्षण संस्थानों में भी नहीं

**खड़गपुर।** विश्व की प्राचीनतम ज्ञान परंपरा वाले इतने विशाल देश का एक भी शिक्षण संस्थान विश्व के शीर्ष 50 शिक्षण संस्थानों में नहीं है ये मंथन करने का विषय है। रैंकिंग की दौड़ अच्छी शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन अच्छी रैंकिंग न केवल दुनियाभर के विद्यार्थियों और अच्छे फेकल्टी को आकर्षित करती है, बल्कि देश के सम्मान में भी वृद्धि करती है। इसलिए मैं चाहूंगी देश का सबसे पुराना आईआईटी होने के नाते आईआईटी खड़गपुर इस दिशा में जरूर प्रयास करें।

उक्त बातें आईआईटी खड़गपुर के 69 वें दीक्षा समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कही। आईआईटी खड्गपुर भारत का सबसे बड़ा ग्रीन फील्ड कैंपस है। राष्ट्रपति ने उपाधि प्राप्त करने वाले 3205 विद्यार्थी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप उपलब्धियों के उच्चतम शिखर को छुएं। मैंने पाया है आज उपाधि प्राप्त करने वालों में करीब 21 प्रतिशत बेटियां हैं। मैं आज उनको विशेष तौर पर बधाई देती हूं। मेरा मानना है साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महिलाओं के अधिक से अधिक भागीदारी एक सशक्त समाज के लिए आवश्यक है।



**ये मंथन का विषय : मुर्मू**

**भारत के आईआईटी सिस्टम की पूरी दुनिया में साख**–राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी कामना है आप आने वाले समय में भी विज्ञान के ऐसे सेवा करते हुए समाज की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगे। हमारे आईआईटी सिस्टम की पूरी दुनिया में एक साख है। ये सम्मान साइंस एजुकेशन और रिसर्च के प्रति आपके समर्पण का प्रतीक है। मेरी कामना है आप आने वाले समय में भी विज्ञान के ऐसे सेवा करते हुए समाज की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी खड़गपुर ने अपने लगभग 73 वर्ष में अनेक प्रतिभाओं को तरासा है। संस्थान को देश का पहला आईआईटी होने का गौरव प्रदान है। देश के विकास में आपका योगदान अतुलनीय है। मैं आपकी योग्यता, दक्षता और योगदान की सराहना करने के साथ साथ आपसे ये अपेक्षा करती हूं की देश भर के लिए आप नए संस्थानों का मार्गदर्शन भी करेंगे।

# देश-विदेश

## संसद की सुरक्षा भंग करने के आरोपी ललित झा के घर पर छापेमारी

**कोलकाता।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के तीन सदस्यों ने सोमवार को कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में संसद सुरक्षा चूक मामले में मुख्य आरोपी ललित झा के घर पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी में दिल्ली पुलिस के साथ कोलकाता पुलिस भी शामिल थी। सूत्रों ने बताया कि तलाशी अभियान 218 रवीन्द्र सारणी के पते पर चलाया गया, जहां झा ने एक कमरा किराए पर लिया था। दिल्ली पुलिस ने उसी बिल्डिंग के अन्य किरायेदारों से भी बात की और झा के बारे में पूछताछ की। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग की गई।

### कोविड के बढ़ते मामलों ने बढ़ाई चिंता

## किसी भी स्थिति से निपटने केंद्र ने राज्यों को दिया निर्देश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने कोविड -19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्कता बरतने, कोविड मानक लागू करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि केरल समेत सभी कई राज्यों में कोविड-19 के मामले बढ़ने की सूचनाएं मिली हैं। केरल में कोविड-19 का नया रूप जेएन-1 का एक मामला सामने आया है। पत्र में कहा गया कि स्थानीय प्रशासन को कोविड-19 की क्षेत्रीय स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने चाहिए और संबंधित प्रावधान लागू करने



### भारत में कोरोना से एक दिन में 5 की मौत

चाहिए। आगामी त्यौहारी मौसम को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा जिला स्तर किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी रखने चाहिए। सभी संदिग्धों को आरटी - पीसीआर की जांच की जानी चाहिए और सभी नमूनों के जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि जेएन-1 की उपचार प्रक्रिया कोविड -19 के समान ही है। इसलिए सभी संबंधित दवाओं और संबंधित उपकरणों, मानव संसाधन की समुचित तैयारी जानी चाहिए। इसके बारे आम जनता के बीच व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

भारत में कोविड-19 मामलों में एक बार फिर इजाफा होने लगा है। केरल में कोविड का नया सब वैरिएंट जीएन 1 मिला है। इससे 17 दिसंबर को चार लोगों की मौत हो गई। वहीं उप्र में भी कोविड पॉजिटिव शख्स की जान चली गई। हालांकि यह पता नहीं चला है कि यह मरीज जीएन 1 वैरिएंट से संक्रमित था या नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए और एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई।

## एनआईए ने 19 स्थानों पर की छापेमारी

### जिहादी आतंकवादी समूह के खिलाफ कार्रवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को एक कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी समूह के संबंध में देश में 19 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि सुबह से ही 19 से अधिक स्थानों पर तलाशी चल रही है।

सूत्रों ने कहा कि तलाशी एक प्रमुख आईएस जिहादी आतंकवादी समूह के भंडाफोड़ के संबंध में है। पिछले हफ्ते, एनआईए ने आईएस मॉड्यूल मामले में 44 से ज्यादा स्थानों पर तलाशी ली थी और 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान, आतंकवाद-रोधी जांच एजेंसी ने बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी, हथियार, संवेदनशील दस्तावेज और विभिन्न डिजिटल उपकरण जब्त किए। एनआईए अधिकारियों ने कहा कि आरोपी विदेशी आकाओं के निर्देश पर भारत में काम कर रहे हैं और देश में आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

### नगदी और कई दस्तावेज बड़ी संख्या में बरामद

दो अन्य संदिग्धों की संपत्तियों की भी तलाशी ली गई। छापेमारी में, एनआईए की टीमों ने मोहम्मद उमर, मोहम्मद फैसल रब्बानी, तनवीर अहमद, मोहम्मद फारूक और भगोड़े जुनैद अहमद के आवासों पर की गई छापेमारी के दौरान कई डिजिटल डिवाइस, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और 7.3 लाख रुपये की नकदी जब्त की। सूत्रों ने मिले इनपुट के अनुसार कहा कि आतंकवादी समूह भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त है और उसने हमलों की योजना बनाना, युवाओं की भर्ती करना सीख लिया है।

### अमेरिका की पाकिस्तान के आर्मी चीफ को दो टूक

## चीन से दूरी और भारत से नजदीकियां बढ़ाओ

### अमेरिका के दौरे पर हैं पाक के सेना प्रमुख

**वाशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनिर को बाइडेन प्रशासन ने भारत को लेकर कड़ी नसीहत दी है। अमेरिका ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पकिस्तान चीन की पैठ को केवल आर्थिक गलियारे तक ही सीमित रखें, उसे अपने सुरक्षा व्यवस्था तक नहीं पहुंचने दें। इसके साथ ही भारत के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश बनी रहे।

नेटवर्क 18 ने अपने शीर्ष खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका का यह कदम पाकिस्तान में चीनी सुरक्षा चौकियों को रोकने के लिए है। बता दें कि चीन ने पाकिस्तान में काम करने वाले अपने नागरिकों के लिए बलूचिस्तान के ग्वादर में सैन्य चौकियां बनाने और अपने लड़ाकू विमानों के लिए ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उपयोग करने की मांग की है। ऐसे में अमेरिका ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख को स्पष्ट शब्दों में समझा दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में किसी समय अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने गुप्त रूप से बलूचिस्तान में चीन द्वारा वित्त पोषित ग्वादर बंदरगाह का दौरा किया था। ऐसे में अमेरिका चीन की हरकतों से भलीभांति वाकिफ है। मालूम हो कि ग्वारदार बंदरगाह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसंदीदा प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) का अहम हिस्सा है। जिसका नेतृत्व 2015 से बीजिंग

### अमेरिकी राजदूत ने किया था बलूचिस्तान का दौरा



कर रहा है। दोनों देशों के बीच असहमति के कारण यह परियोजना गतिरोध पर पहुंच गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने पाकिस्तान सेना प्रमुख से कहा था कि अगर उनके देश को वित्तीय मदद की जरूरत है तो उन्हें भारत के साथ व्यापार सहित कुछ नियम और शर्तें स्वीकार करनी होंगी। उन्होंने सेना प्रमुख को यह भी सलाह दी कि पाकिस्तान को भारत के साथ जितनी जल्दी हो सके बात करनी चाहिए और उनके साथ व्यापार संबंध बनाए रखने के लिए एलओसी पर शांति बनाए रखनी चाहिए।

रिपोर्ट में इस बात को लेकर भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान कुछ विकास परियोजनाओं पर चीन की शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका की ओर रुख किया है, जिससे सऊदी अरब को भी फायदा हो सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### संसद में चला अनुशासन.....

रणदीप सिंह सुरजेवाला, तृणमल कांग्रेस से सुखेंदु शेखर रे,मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विस्वास, शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बडाइक, समीरूल इस्लाम, राजद से मनोज कुमार झा, और फैयाज अहमद, जदयू से रामनाथ ठाकुर एवं अनिल हेगडे, माकपा से वी शिवदासन,एनसीपी से- वंदना चव्हाण,झामुमो से महुआ माझी, जोस के मणि और अजीत कुमार भुइयां व सपा से रामगोपाल यादव,जावेद अली शामिल हैं। इसके साथ ही 11 अन्य सदस्यों को भी विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया है। इस सदस्यों में जेबी माथेर हिसाम,एल हनुमथैया,नीरज डांगी,राजमणि पटेल,कुमार केतकर,जीसी चंद्रशेखर,विनय विश्वम,संतोष कुमार पी, मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और एए रहीम शामिल हैं।

**लोकसभा से निलंबित सांसद**-इसके अलावा लोकसभा से कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, ए एंटनी, के मुरलीधरन,सुरेश कोडीकुनील, अमर सिंह,गौरव गोगोई, राजमोहन उन्नीथम, जयकुमार,अब्दुल खालिक, टीएमसी के कल्यान बनर्जी, ए पोद्दार,प्रसून बनर्जी, शताब्दी राय, एस राय,प्रतीमा मंडल,काकोली घोष,सुनील कुमार मंडल, डीएमके से ए राजा, दयानिधि मारन, गनेशन सेल्वम,सीएन अन्नादुरई, टी सुमंती, एसएस पलानिमक्कल, एस रामालिंगम, टीआर बालू,के वीरा स्वामी, आईयूएमएल से मोहम्मद बसीर, केएन कानी, आरएसपी से प्रेमचंद्रन,जदयू से कौशलेंद्र कुमार शामिल है।

**सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस**- कांग्रेस ने सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा करने के कारण संसद के दोनों सदनों से 47 सांसदों को निलंबित कर निरंकुशता और तानाशाही का परिचय दिया है। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि संसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इस बारे में विपक्षी दलों के नेताओं ने जब गृहमंत्री अमित शाह से संसद में बयान देने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में आने की मांग की तो सरकार ने मांग पर विचार करने की बजाय यह मांग करने वाले सांसदों को ही निलंबित कर दिया। ऐसा कर निरंकुश मोदी-सरकार ने सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में फेंक दिया। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने निलंबन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि न केवल लोकसभा में बल्कि आज राज्यसभा में भी 'खून-खराबा' कर दिया गया।

# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

//निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-539 18/12/2023 | संभाग क्र. 13 पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड अंतर्गत नया मोहल्ले में नाला निर्माण। | 02 माह 09.09/- | 2,000/- 9097/- | 05/01/2024 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

### निजी वाहन किराये पर लेने हेतु ऑफर सूचना कार्यालय का नाम (जहाँ वाहन की आवश्यकता है)

1. कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग क्रं. 1, धनवंतरी नगर जबलपुर।
2. उपायुक्त, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत्त जबलपुर।

| निविदा का विवरण | निविदा प्रस्तुत करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|
| शासकीय कार्यों के भ्रमण हेतु मासिक किराये (भाड़े) पर मारूति डिजायर/होण्डा/टाटा/हुण्डई या समकक्ष डीजल वाहन वर्ष 2022 एवं उसके पश्चात के पंजीयन वाले मॉडल की चालक सहित मासिक किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक वाहन मालिक/पंजीकृत ट्रेवल एजेन्टों से जिनके पास स्वयं की टेक्सी परमिट एवं केन्द्रीय आबकारी विभाग में पंजीकृत हो। शेष शर्तें निविदा फॉर्म में दी गई हैं। | दिनांक 22.12.2023 शाम 5:30 बजे तक। | दिनांक 26.12.2023 दोपहर 3:00 बजे तक। | राशि रु. 6000/- (ड्राफ्ट द्वारा) | राशि रु. 1180/- जी.एस.टी. सहित। (कार्यालय से चालान प्राप्त कर इण्डियन बैंक कटंगा जबलपुर में जमा करने पर) |

Visit us : www.mphousing.in
ई-मेल :- eedn1hbjbp@mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/112836/2023

/mphidb
/mphidb

(एस.के. उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री
संभाग-1 जबलपुर

## कार्यालय अधीक्षक जिला जेल, छिंदवाड़ा म.प्र.

क्रमांक/5966/निर्वाह/2023 — छिंदवाड़ा, 12.12.2023

### प्रथम ई-निविदा- सूचना

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों की ओर से जिला जेल, छिंदवाड़ा में स्थापित सी.सी.टी.वी. सर्विलेंस सिस्टम में रख रखाव तथा मरम्मत की सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु ए.एम.सी. के लिए प्रथम ई-निविदा वर्ष 2023-24 वेबसाईट पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की कीमत रु. 1000/- फार्म ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त कर शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमाकर विज्ञप्ति जारी दिनांक से दिनांक 02.01. 2024 तक आवश्यक पूर्तियां कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी ऑनलाईन निविदा शर्तो अनुसार मांगे गये समस्त दस्तावेज ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा दिनांक 03.01.2024 को शाम 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म का मूल्य रुपये 1000/- लेखा शीर्ष 0056 जेलें- 008 अन्य प्राप्तियाँ में ऑनलाईन जमा की जावेगी। | 02.01.2024 को शाम 05.30 बजे तक | https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 02. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03.01.2024 को शाम 05.30 बजे तक | https://mptenders.gov.in ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 03. | तकनीकी निविदा ( आवश्यक दस्तावेज ) खोलने की तिथि | 05.01.2024 को प्रातः 11.00 बजे | जिला जेल, छिंदवाड़ा |
| 04. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 05.01.2023 को दोपहर 01: 30 बजे | जिला जेल, छिंदवाड़ा |

निविदा फार्म, नियम व शर्तें तथा इन निविदा संबंधी अन्य विवरण https://mptenders.gov.in के पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

जी- 21783/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

अधीक्षक
जिला जेल, छिंदवाड़ा

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अजय प्रताप सिंह उम्र 42 वर्ष आत्मज श्री यादवेन्द्र सिंह निवासी सी.एम.एम.रिज रोड जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं सी. एम.एम.रिज रोड जबलपुर में हबलदार सीएचएम के पद पर कार्यरत हूँ मेरा आर्मी नंबर जेसी 6940931एन है ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता जी का नाम (Ysomati singh) एवं जन्मतिथि दिनांक 10/06/1958 गलत दर्ज हो गया है ! मेरी माता जी का सही नाम (Yashomati singh) एवं जन्मतिथि दिनांक 01/01/1960 की है जो कि मेरी माता जी के आधार कार्ड में दर्ज है ! मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपनी माता जी का सही नाम एवं सही जन्मतिथि संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ ! अतः दैनिक समाचार पत्र में मेरी माता जी का नाम (Yashomati singh) एवं जन्मतिथि दिनांक 01/01/1960 प्रकाशित करने की दया करें !

जबलपुर
दिनांक - 18/12/2023

**अजय प्रताप सिंह**
**निवासी- सी.एम.एम.रिज रोड जबलपुर**

र.नं. -1790

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अजय प्रताप सिंह उम्र 42 वर्ष आत्मज श्री यादवेन्द्र सिंह निवासी सी.एम.एम.रिज रोड जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं सी. एम.एम.रिज रोड जबलपुर में हबलदार सीएचएम के पद पर कार्यरत हूँ मेरा आर्मी नंबर जेसी 6940931एन है ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम (Yadvendra singh) एवं जन्मतिथि दिनांक 18/06/1933 गलत दर्ज है मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपने पिता जी का सही नाम एवं सही जन्मतिथि संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ ! अतः दैनिक समाचार पत्र में मेरे पिता का नाम (Yadvendr singh) जन्मतिथि दिनांक 01/01/1948 दर्ज है अतः दैनिक समाचार पत्र में मेरे पिता का नाम यादवेन्द्र सिंह (Yadvendr singh) एवं जन्मतिथि दिनांक 01/01/1948 प्रकाशित करने की दया करें !

जबलपुर
दिनांक - 18/12/2023

**अजय प्रताप सिंह**
**निवासी- सी.एम.एम.रिज रोड जबलपुर**

र.नं. -1791

## असल लिंक रजिस्ट्री गुमी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रविकांत शर्मा तनय श्री मायाराम शर्मा निवासी करेलीकला, तहसील-गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर, के द्वारा आराजी खसरा नं.-75 रकवा 0.0200 हे. यानी 2175 वर्गफिट मौजा ईश्वरखेड़ा, पटवारी हल्का नं.-54/41 रानिम/तहसील-शहपुरा, जिला जबलपुर, हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर रहा है उक्त आराजियात विक्रेता राघवेन्द्र उर्फ राघेन्द्र पचौरी पिता रविन्द्र उर्फ रविन्द्रनाथ पचौरी से विक्रय पत्र क्रमांक-MP182572023A12349616 दिनांक 11.09.2023 को क्रय की गई थी तथा उक्त आराजियात राघवेन्द्र उर्फ राघेन्द्र पचौरी पिता रविन्द्र उर्फ रविन्द्रनाथ पचौरी ने विक्रेता सत्यनारायण भुर्रक तनय श्री उमाशंकर भुर्रक एवं श्रीमती शकुन बाई पत्नी सत्यनारायण भुर्रक दोनों निवासी-बेलखेड़ा, तहसील-पाटन, जिला-जबलपुर, से विक्रय पत्र क्रं.-773 दिनांक 29.06.1996 के माध्यम से क्रय की गई थी। उपरोक्त मूल लिंक रजिस्ट्री कहीं खों गई है, काफी खोजबीन के उपरांत नही मिल पा रही है जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाना धनवन्तरी नगर, जबलपुर को दिनांक 16.12.2023 को दी जा चुकी है।

अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त रजिस्ट्री की मूल लिंक (असल) प्रति किसी व्यक्ति संस्था या बैंक को मिली हो तो सात दिवस के अंदर मेरे अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी को सूचित कर वापस कर देवें अन्यथा म्याद समाप्त उपरांत वह स्वयं जवाबदार होगा।

**ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी**
**अधिवक्ता**
**मो.-8109283241**
**26, नर्मदा परिसर, बिरसा मुण्डा वार्ड-75, सुहागी, जबलपुर म.प्र.**

र.नं. 1787

## In The Court of VI, Civil Judge Class-II District Court, Jabalpur presiding Officer:

भूपेन्द्र सिंह

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCSA/ 0001046/2023)

शीलचंद्र जैन....वादी
Vs
प्रदीप जैन.....प्रतिवादी

**Process Id- /2023**
**पेशी दि.:-23/01/2024**

प्रेषिती-(1) सुधीर जैन पिता शीलचंद जैन पता- म.. 180 नरघैया देवी स्वीट्स मार्ग के पीछे ताम्हनकर का बाड़ा भरतीपुर नरघैया मालदारपुरा जिला जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी शीलचंद्र जैन ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते निष्कासन हेतु मूल्यांकन 6000 रूपये छः हजार रूपये के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 दिसम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते निष्कासन हेतु मूल्यांकन 6000 रूपये छः हजार रूपये की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(भूपेन्द्र सिंह)**
**षष्टम् व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 1789

## प्रारूप छ -3

### (मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)

सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर पंजी. क्र. 1860

क्रमांक/नि.आ./23/02 — जबलपुर, दिनांक 18.12.23

सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन सम्पन्न होना है। अतएव सोसाइटी की मतदाता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटी कार्यालय, संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 18.12.23 को किया गया हैं। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 18.12.23 से दिनांक 26.12.23 के भीतर लिखित में आपत्ति श्री राजेश परोहा, पद सहकारिता निरीक्षक को अथवा मुझे कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, अपेक्स बैंक बिल्डिंग द्वितीय तल, सिविक सेंटर, जबलपुर में समय दोप: 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 27.12.23 को प्रात: 11.00 बजे से किया जायेगा।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिश: सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**(सजेश परोहा) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर पंजी. क्र. 1860**

र.नं. 1785

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं 1077/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक ......

### आम इश्तहार

**एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम चौकीताल प.ह.नं. 35 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अर्पणा चाकसे पति श्री सुरेश कुमार जाति चौकसे निवासी 1072, एकता चौक शुक्ला नगर रोड गढ़ा के द्वारा ग्राम चौकीताल बंदोबस्त नंबर 162 प.ह.नं. 35 में स्थित भूमि खसरा नंबर 33/3 के भाग पर निर्मित अपार्टमेंट आई.बी.डी. रायल सिटी रकवा क्रमशः के ब्लॉक नं. ए-5 को तल में जिसका फ्लैट नं. 104 निर्मित 89/6 व.फु. अवि. 401 व.फु. पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 14/08/2014 विक्रं. 1976 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 28.12.23 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।**

**यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**
**जारी दिनांक - 14/12/23**
**पेशी दिनांक 28.12.2023**

**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

र.नं. 1784

## नाम की स्पेलिंग में सुधार की सूचना

मैं PRITY PHATAK W/O LATE PRADEEP PHATAK यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर M0860247 जारी दिनांक 08/08/2014 वैद्यता दिनांक 07/08/2024 में मेरे नाम की स्पेलिंग PREETI PHATAK लिखी हुई हैं, जिसे बदलकर मैंने अपने नाम की स्पेलिंग PRITY PHATAK रख ली है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि में लिखी हुई है ।

अतः मेरे नाम को PRITY PHATAK ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें।

पूर्व नाम -
PREETI PHATAK
वर्तमान नाम -
PRITY PHATAK

पता -H.NO. 235, SANJAY NAGAR COLONY, BADA PATHAR, RANJHI, JABALPUR (M.P.) PIN-482005

र.नं. 1792

## संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.08,नगर निगम, जबलपुर

पत्रांक- स. अधि./08 /2023-24
...दिनांक 18/12/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्ण गोपाल पिता स्व. श्री श्याम लाल सोनकर श्रीमती चांदनी सोनकर पति श्री कृष्ण गोपाल भवन/क्रमांक 452 वार्ड शीतलामाई क्षेत्रफल 1145 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 452 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 08, में समस्त प्रपत्रों सहित प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-08 भानतलैया, नगर निगम, जबलपुर**

र.नं. -1786

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0001/ अ-6/2023-24

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनेश कुमार मिश्रा पिता स्व. अयोध्या प्रसाद मिश्रा निवासी- प्लाट नं. 65 हाईकोर्ट हाउसिंग सोसायटी, शंकर शाह नगर वार्ड, छापर रामपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा नयागांव नं.बं..... प.ह.नं. 28/32 ख.नं. 36/2, 36/3, 36/18, व नया खसरा नं. 36/18/1/8 रकवा 1500 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 19/12/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/12/2023 को जारी।

जारी दिनांक 01/12/2023
पेशी दिनांक 19/12/2023

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

र.नं. 1794

## विज्ञापन पत्र क्रमांक/ 5445/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2023 सिवनी, दिनांक -13.12.2023

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- सिवनी (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई- प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27/नि.प्र./2023-24 दिनांक 13.12.2023 | 2023_PHED_319693_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 200/150 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 40 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-01 | 34.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 27.12.2023 | 27.12.2023 | 180 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 28/नि.प्र./2023-24 दिनांक 13.12.2023 | 2023_PHED_319694_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में 200/150 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 25 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूही क्रमांक-02 | 21.75 | 50,000.00 | 5,000.00 | 27.12.2023 | 27.12.2023 | 180 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |


G-21834/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

**कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)**

# देश-प्रदेश

उवाच

**कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की स्थापना के 138वें साल पर सोमवार को पार्टी के 'देश के लिए करें दान' अभियान की शुरुआत की और कहा कि इस अभियान में देश के बाग़रीक़ों के सहयोग से आम जन की प्रगति में मदद मिलेगी। श्री खडगे ने आज यहां अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देश के लिए दान करने से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी जी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी।

16वीं विधानसभा का पहला सत्र



## पहले दिन 207 नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ के साथ शुरू हुआ। सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव ने 207 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।

सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। मुख्यमंत्री के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को शपथ दिलाई गई। फिर क्रमशः उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य विधायकों ने शपथ ली।पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नव निर्वाचित विधायक-नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल के अलावा भाजपा विधायक कैलाश विजयवर्गीय, कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल भैया सहित आज कुल 207 विधायकों ने विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव को राज्यपाल मंगुभाई पटेल पहले ही शपथ ग्रहण करा चुके हैं। इस तरह सदन के कुल 208 सदस्य अब तक शपथ ले चुके हैं। शेष 22 सदस्यों को शपथ लेना है।

शपथ लेने के बाद सभी विधायकों ने सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव का अभिनंदन किया। एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच सदन में और सदन के बाहर भी चलता रहा।

### 10 विधायकों ने संस्कृत, 1 ने उर्दू और 1 ने अंग्रेजी में ली शपथ

पूर्व सांसद और नवनिर्वाचित विधायक रीति पाठक ने संस्कृत में शपथ ली। भगवानदास सबनानी, अभिलाष पांडेय और धर्मेंद्र लोधी सहित 10 विधायकों ने भी संस्कृत में शपथ ली। वहीं कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने उर्दू में शपथ ली। जबकि सैलाना विधानसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक कमलेश्वर डोडियार ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण की।



### आदिवासी वेशभूषा में आए विक्रांत भूरिया

झाबुआ से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया आदिवासी वेशभूषा में विधानसभा पहुंचे। आदिवासियों के परंपरागत पहनावे में नजर आए। उनके अलावा विधायक संजय पाठक और अभिलाष पांडेय भी धोती कुर्ता पहनकर सदन में पहुंचे।

### धार्मिक स्थलों के लिए बना रहे रोड मैप

डॉ. यादव ने कहा कि हम भगवान बाबा महाकाल के साथ-साथ ओरछा, सलकनपुर और मैहर में महालोक निर्माण के लिये रोड मैप बना रहे हैं। श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

## तोमर ने दाखिल किया नामांकन, निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय

**विपक्ष ने भी किया समर्थन**



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह तोमर का निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष बनना तय है। श्री तोमर ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस पद के लिए पार्टी ने पहले ही उनके नाम का ऐलान कर लिया था। विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आज तोमर के समर्थन का ऐलान किया। उनके नामांकन दाखिल करते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल के अलावा विपक्ष की ओर से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता हेमंत कटारे भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से की चर्चा, बोले-

## प्रशासन का विकेंद्रीकरण होगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी जनकल्याण और विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रभावी रूप से कर रही है। उन्होंने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेशवासियों ने विकास के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उससे संवैधानिक संस्थाओं का मान और विश्वास बढ़ा है। हमारा प्रयास है कि प्रशासन का विकेंद्रीकरण हो, अर्थात जिले पर जिला स्तरीय इकाई, संभाग पर संभाग स्तरीय इकाई और प्रदेश स्तर पर प्रदेश स्तरीय इकाई, विकास गतिविधियों के धरातल पर क्रियान्वयन में नीचे अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। मुख्यमंत्री ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायक और मंत्रिपरिषद के सदस्य अपनी भूमिका अधिक प्रभावी तरीके से निभा सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मंत्रिमंडल का गठन शीघ्र

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा समृद्ध विधायक समूह निर्वाचित होकर आया है, जन कल्याण और विकास को समर्पित मंत्रिमंडल का शीघ्र ही गठन किया जाएगा। उन्होंने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया से अपेक्षा की कि मीडिया प्रतिनिधि रचनात्मक व सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे तथा विकास और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना सकारात्मक योगदान देंगे।

## पीढ़ी परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली बुलाया है। मंगलवार को वह दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि केन्द्र में उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने स्वयं को संतुष्ट और आनंदित बताया। साथ ही कहा कि यह आनंद का विषय है कि पीढ़ी परिवर्तन हुआ है। मोहन यादव मुख्यमंत्री है तो नेता प्रतिपक्ष भी उमंग सिंघार है और पीढ़ी परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, दोनों पक्षों में देखने को मिल रही है। हमें इसको सकारात्मक रूप में लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने 7 दिन में कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश, कहा-

## हर नागरिक को मिलेगी स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जाएगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित किया जाएगा। मध्यप्रदेश संकल्प पत्र में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। डॉ. यादव ने संकल्प पत्र में दी गारंटी को पूरा करने के लिए 7 दिन में कार्ययोजना बनाने की लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

संकल्प पत्र के मुताबिक प्रदेश के प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पैलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाए जाएंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जाएगा। वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10 हजार मरीज लाभ उठा रहे हैं। मेडिकल कॉलेजों कि संख्या आज बढ़कर 24 हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4 हजार से अधिक हो गई हैं। साढ़े 3 वर्षों में 8 सौ से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और विकास किया गया है। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2 हजार से 42 हजार हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 11 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू किए हैं। प्रदेश में 2 हजार से अधिक एंबुलेंस उपलब्ध हैं।

डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या 7 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 51 हजार से अधिक की गई है। आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिए 5 लाख से ज्यादा खर्च होने पर अलावा खर्च सीएम रिलीफ फंड से किया जाएगा। निजि अस्पतालों में अत्यधिक चिकित्सा शुल्क को नियंत्रित करने के लिए एक रेगुलेटरी अथॉरिटी की स्थापना की जाएगी।

पूरे प्रदेश में 5 सौ नए जन औषधि केंद्र शुरू किए जाएंगे। इनमें कम कीमत पर दवाइयां मिलेंगी।

वाराणसी व पूर्वांचल को 19 हजार करोड़ से अधिक की दी सौगात

## देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनाऊंगा

### संकल्प यात्रा को लोगों के लिए चलती-फिरती यूनिवर्सिटी बताया



**वाराणसी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से पूरे देश को इस बात की गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाएंगे। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने काशी से ही देश को आश्वस्त किया और कहा कि किसान, महिला, युवा और गरीब-वंचित ही उनके लिए चार जातियां हैं, इन चारों जातियों के शत-प्रतिशत कल्याण से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने वाराणसी और पूर्वांचल को 19 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री ने कई बार भोजपुरी में लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले सभी लोगों के लिए चलती-फिरती यूनिवर्सिटी बताया।

### वंदे भारत ट्रेन सहित चार रेलगाड़ियों को हरी झंडी

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वाराणसी से नई दिल्ली के लिए दूसरी वंदे भारत ट्रेन सहित चार रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांव और हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। इस यात्रा में गाड़ी चल रही है जिसे देशवासी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बता रहे हैं। उन्होंने जिक्र किया कि हमारा प्रयास है कि भारत सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए जो भी योजनाएं बनाई गई हैं, उनसे कोई लाभार्थी वंचित ना रहे। पहले गरीब सरकार के पास चक्कर लगाता था अब सरकार खुद चलकर गरीबों के पास जा रही है।



*16वी विधानसभा के सत्र के पहले दिन सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुलाकात की। अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।*

### विद्यार्थी परिषद के दोनों कार्यकर्ताओं को मिली जमानत

**भोपाल, देशबन्धु।** ट्रेन में अचानक बीमार हुए एक व्यक्ति को ग्वालियर में अस्पताल पहुंचाने के दौरान एक जज की कार छीनने के मामले में आज उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने विद्यार्थी परिषद के दोनों कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है। न्यायाधीश सुनीता यादव ने दोनों आरोपियों हिमांशु और सुकृत को जमानत प्रदान कर दी। इन दोनों युवाओं की जमानत याचिका निचली अदालत ने खारिज कर दी थी। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस प्रशासन को सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं। इसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गयी है।

दरअसल ट्रेन में यात्रा के दौरान एक कुलपति को हृदयाघात हो गया था। उनके साथ यात्रा कर रहे लोगों ने ग्वालियर स्टेशन पर आने के पहले ही उन्हें ग्वालियर में अस्पताल ले जाने के प्रयास कर दिए थे।

मुख्यमंत्री ने अचानक हमीदिया चिकित्सालय पहुंचे, मरीजों का जाना हाल

## डॉक्टरों को दिए बेहतर सुविधाएं और दवाईयां मुहैया कराने के निर्देश





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार रात हमीदिया अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने यहां भर्ती मरीजों का हाल-चाल पूछा। मरीजों के परिजनों से भी अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और दवाईयों के संबंध में जानकारी ली। वहीं आयुष्मान कार्ड पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और समय पर दवाईयां मुहैया कराने के लिए कहा।


मुख्यमंत्री ने तीसरी मंजिल पर स्थित स्थित एसएनसीयू और एमएनयू वार्ड के निरीक्षण के दौरान महिला पुरुष और बाह्य रोगी कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें, मरीजों को इलाज के लिए कोई परेशानी नहीं हो। सभी को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। डॉ. यादव ने अस्पताल परिसर में भी मरीजों के परिजनों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। डॉ. यादव ने अस्पताल में उपलब्ध मशीनों और आधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया और डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की। हमीदिया अस्पताल से निकलते समय मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती ज्योति कुशवाह ने बैंक ऋण वसूली संबंधी समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को श्रीमती कुशवाह की समस्या के उचित निराकरण के संबंध में निर्देश दिए।

डॉ. यादव के साथ अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से मिल रो पड़ी महिला, बोली- बच्चे का हो बेहतर इलाज

मुख्यमंत्री ने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती महिला मरीजों से चर्चा भी की, नवजात शिशुओं को देखा। इसी दौरान अपने बच्चे के इलाज के लिए आई एक महिला रो पड़ी और मुख्यमंत्री से बच्चे के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री से मदद मांगी। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मरीजों के परिजनों से चर्चा कर बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ढांढस बंधाया और डॉक्टरों को बच्चे के बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया।

## पटवारी आज संभालेंगे कांग्रेस की कमान



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार दोपहर 3 बजे प्रदेश कार्यालय में पदभार संभालेंगे। इसके पहले वे बैरागढ़ से एक रैली के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के सभी विधायक, जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पदभार ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है, पूरे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को फूलों से सजाया गया है।

बताया गया कि श्री पटवारी कार्यभार ग्रहण करने के पहले मंगलवार सुबह इंदौर से सबसे पहले उज्जैन के लिए रवाना होंगे। वह उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन एवं पूजा अर्चन कर महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद श्री पटवारी 11 बजे उज्जैन से भोपाल के लिए रवाना होंगे वह देवास में 11:30 कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद श्री पटवारी सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर बायपास मार्ग से होते हुए लगभग दोपहर 2 बजे बैरागढ़ आएंगे। इसके बाद वह बैरागढ़ से रैली के रूप में इमामी गेट, बुधवारा, लिली टॉकीज चौराहा, रोशनपुरा, लिंक रोड होते हुए अपरान्ह करीब 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेंगे। जहां वह कांग्रेस के सभी वरिष्ठ विधायक, जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में पदभार संभालेंगे। बैरागढ़ से निकाली जाने वाली स्वागत रैली में मप्र विधानसभा में नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी श्री पटवारी के साथ मौजूद रहेंगे।

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/234 दिनांक 18.12.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार पटेल पिता स्व. श्री जगन्नाथ पटेल ने मकान नं. 732/अ-1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 1325 व.फु. भूतल 625 व.फु. प्रथम तल 625 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/239 दिनांक 18.12.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश पाहूजा पिता श्री अमरलाल पाहूजा ने मकान नं. 131/एफ का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 221.42 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2023-24/ दिनांक ............
**भवन नामांतरण**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नर्मदा प्रसाद श्रीवास्तव, अतुल, अमित, संध्या, ज्योति श्रीवास्तव पिता/पति नर्मदा प्रसाद श्रीवास्तव ने भवन क्रं. 1007 वार्ड महात्मा गांधी भूतल 300 प्रथम तल 300 द्वितीय तल 300 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 1007 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री नियत लाल आ. भगवान दास गुप्ता भवन क्र. 1007 पिन नं. 4131275, 1000367237 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 15/12/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश कुमार टेकचंदानी पिता स्व. मोनोहर लाल श्री कोमल टेक चंदानी पिता श्री सुरेश कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 06 दत्त बगलो कटारिया थीम पार्क तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46702893, 1000379567 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... जिस पर निर्मित भूतल 950 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1020 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज जॉय मुखर्जी पि. स्व. श्री चितरंजन मुखर्जी नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 18/12/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री योगेश कुमार साहू पिता श्री शिवदास साहू ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-34 फैस-1 चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004565159 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1468 पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती रश्मि तलूजा पति राजू तलूजा नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 18/12/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरूण सिंह सोलंकी पिता श्री बृजेश सिंह सोलंकी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 98 ख.नं. 81/20 मां नमर्दे नगर कजरवारा बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46384492, 1000389757 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती चंचल सिंह पति स्व. श्री जनार्दन सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**Change of Name & DOB**
I ABDUL GANIRUDDIN ALI SHAH Father of Service No. 15696548K LNK AKBAR ALI SHAH Resident of Village KHOJABARH Post- MANDARPUR PS: RAMNAGAR Distt: PURBA MEDINIPUR (WEST BENGAL) PIN 721433 my name is ABDUL GANIRUDDIN ALI SAHA and Date of Birth 01 JUL 1949 as per my Son Army Service Records name & date of birth which is wrongly. My correct Name is ABDUL GANIRUDDIN ALI SHAH and Date of Birth 03 SEP 1936 as per his Aadhar Card & PAN Card and should be corrected in my Son Army Service Records for all purpose.
Incorrect Name & DOB
ABDUL GANIRUDDIN ALI SAHA
(01 Jul. 1949)
Correct Name & DOB
ABDUL GANIRUDDIN ALI SHAH
(03 Sep. 1936)

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 19 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## भारत को लेकर अमेरिका की चिंता

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए बने अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ ने बाइडेन सरकार से अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत को 'विशेष चिंता वाला देश' घोषित करने का आह्वान किया है। यह आयोग 2020 से लगातार ऐसी ही मांग उठाते आया है। इस साल फिर आयोग ने कहा है कि भारत व्यवस्थित तरीके से लोगों की धार्मिक आजादी और आस्था को निशाना बना रहा है। इसलिए भारत को विशेष चिंता का देश नामित किया जाए। खास बात यह है कि इस बार भारत के लिए यह नकारात्मक टिप्पणी विदेशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों को कथित रूप से निशाना बनाने का हवाला देते हुए की गई है। कुछ समय पूर्व कनाडा में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और उसके बाद अमेरिका में इसी तरह गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को आयोग ने चिंताजनक बताया है। हालांकि इन दोनों मामलों पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि जरूरी नहीं कि दोनों मुद्दे एक जैसे हों। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां हम जो करते हैं जिम्मेदारी से करते हैं।

अच्छी बात है कि भारत सरकार कहीं तो ये स्वीकार कर रही है कि वो जो करती है जिम्मेदारी से करती है। वर्ना पिछले कुछ सालों में तो यही दिख रहा है कि बड़े-बड़े फैसले बिना किसी जिम्मेदारी के लिए जा रहे हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे फैसले इसकी मिसाल हैं, जिनमें लाखों लोग प्रभावित हो गए और फिर भी कहीं किसी की जिम्मेदारी नहीं तय हुई। अभी संसद पर इतने सनसनीखेज तरीके से धुएं का हमला किया गया, उस पर भी सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग, जिम्मेदार तरीके से जवाब देने से बचते रहे हैं। अब कम से कम विदेश मंत्री ने जिम्मेदारी से काम करने की बात तो मानी है। इसके बाद अब विदेश मंत्री को इस बात का जवाब भी दे देना चाहिए कि आखिर क्यों अमेरिकी आयोग लगातार तीसरे साल भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताजनक टिप्पणी कर रहा है। जिस तरह प्रेस की स्वतंत्रता से लेकर भुखमरी के आंकड़ों तक भारत हर अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को गलत बताता आया है, और इससे पहले अमेरिकी आयोग की धार्मिक स्वतंत्रता की रिपोर्ट को भी खारिज करता आया है, इस साल की रिपोर्ट को भी रद्दी की टोकरी में डाला जा सकता है। लेकिन अयोध्या के बाद मथुरा और काशी में अपने संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार बैठी भाजपा क्या यह बताएगी कि आखिर साल दर साल एक जैसी ही चिंता क्यों व्यक्त की जा रही है। कहीं कोई चिंगारी सुलग तो रही है, जिसका धुआं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर आने लगा है।


अयोध्या में राम मंदिर तो बन कर लगभग तैयार हो ही चुका है, इस बीच पिछले साल काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के लिए अदालती आदेश जारी हुआ था और अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में कोर्ट की निगरानी में सर्वे कराने की मांग स्वीकार कर ली गई है। 1991 में लागू किया गया प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खोता जा रहा है, जिसमें कानूनी प्रावधान है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। जब यह कानून बनाया गया था, उस वक्त किसी ने शायद कल्पना नहीं की होगी कि भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने का उन्माद इतने व्यापक तौर पर असर दिखाने लगेगा। लेकिन 30 सालों में गंगा-जमुना में इतना पानी बह गया है कि गंगा-जमुनी संस्कृति भी वक्त की धार में खो गई है। अब जो जितनी नफरत के साथ राजनैतिक सौदेबाजी करेगा, वो उतना बड़ा नेता कहलाएगा। तो इस वक्त देश में सत्ताधारी लोगों में बड़ा नेता बनने की होड़ लगी हुई है।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हलाल और झटके के मांस पर राजनीति करते हुए कहा है कि मैं उन मुसलमानों की प्रशंसा करता हूं जो केवल हलाल मांस ही खाते हैं। अब हिंदुओं को अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति इसी तरह की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि हत्या करने का हिंदू तरीका झटका है। इसलिए हिंदुओं को हमेशा झटका पर कायम रहना चाहिए। अब तक नवरात्रि और सावन के महीने में मीट की दुकानें बंद करने की मुहिम छेड़ी जाती थी। फिर कई जगहों पर धार्मिक स्थलों के आसपास मांस की दुकानें बंद करवाई गईं। जयपुर में मांसाहारी खाद्य वस्तुओं के ठेले बंद करवाने का अभियान छेड़ा गया, हालांकि पांच सितारा होटलों पर ऐसा कोई जोर नहीं दिखाया गया। और अब हलाल और झटके के मांस को लेकर राजनेता सलाह देने लगे हैं कि किसे क्या खाना चाहिए और क्यों खाना चाहिए।

उधर असम में बीते बुधवार सरकार संचालित और सरकारी सहायता प्राप्त 'एमई मदरसों' यानी मिडिल स्कूल मदरसों को तत्काल प्रभाव से सामान्य स्कूलों में बदलने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद राज्य के 1,281 मदरसे अब एम ई स्कूल कहलाएंगे, मदरसा नहीं। अरबी के शब्द मदरसा का अर्थ पाठशाला, विद्यालय या स्कूल ही होता है। लेकिन धर्म के नाम पर भेदभाव करने वाले लोग भाषा के भेद को समझ नहीं सके। उन्हें इस्लाम से ही नहीं, अरबी के शब्द से भी तकलीफ होने लगी। क्योंकि अपने संकुचित नजरिए में वे यह देख ही नहीं पाए कि मदरसा केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित नहीं होता है, जहां कहीं भी ज्ञान की शाला लगती है, वो मदरसा ही कहलाएगा। दरअसल असम में भाजपा सरकार ने 2021 में मदरसा शिक्षा-संबंधित दो अधिनियमों को समाप्त करने के लिए एक कानून बनाकर सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की थी, तब हिमंता बिस्वासरमा शिक्षा मंत्री थे। अब वे मुख्यमंत्री हैं और उनकी सरकार मदरसों को बंद करने पर तुली है। भाजपा का तर्क है कि सरकारी पैसे पर धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। लेकिन क्या यह तर्क सरस्वती शिशु मंदिर जैसे शिक्षा संस्थानों पर भी लागू होगा, यह विचारणीय है।

बहरहाल, हलाल, झटका और मदरसा बनाम स्कूल तक के तमाम विवाद कपड़ों की पहचान के गुजरात मॉडल को ही अभिव्यक्त कर रहे हैं। जब तक सत्ता हाथ में है, तब तक इस बात की फिक्र क्यों की जाए कि भारत में बढ़ रही धार्मिक असहिष्णुता को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसी छवि बन रही है।

## मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!



राजेंद्र शर्मा

> स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है।

2019 के अगस्त में शुरू में जम्मू-कश्मीर के संबंध में केंद्र सरकार ने जो विवादास्पद कदम उठाए, उनकी कानूनी/ संवैधानिक वैधता पर उस समय संसद में तथा संसद के बाहर भी गंभीर सवाल उठे थे और उसी आधार पर इन कदमों को सुप्रीम कोर्ट में कई राजनीतिक तथा सामाजिक-नागरिक अधिकार संगठनों की ओर से चुनौती भी दी गई थी। बहरहाल, कानूनी वैधता पर विवाद के विपरीत, मोदी सरकार के उक्त कदमों के संबंध में एक बात निर्विवाद थी। ये कदम सत्ताधारी भाजपा और उससे भी बढ़कर उसके मातृ संगठन, आरएसएस के बुनियादी लक्ष्यों में से एक को पूरा करने वाले कदम थे। कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली, संविधान की धारा-370 को खत्म कराना, स्वतंत्रता की शुरूआत से ही आरएसएस के और उसके द्वारा खड़ी की गई राजनीतिक पार्टियों, पहले जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के मूल एजेंडे पर रहा था। अगर सवा चार साल पहले, भाजपा की प्रबल बहुमत की सरकार ने, आरएसएस के इस पुराने एजेंडे को पूरा कर दिया था, तो अब सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने, मोदी सरकार के उक्त कदमों पर वैधता की मोहर लगाकर, आरएसएस के उक्त एजेंडे के पूरे किए जाने को, तथाकथित अमृतकाल के भारत की नियति बना दिया है।

कहने की जरूरत नहीं है कि देश को बलपूर्वक इस दिशा में धकेले जाने की समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यह दिशा आरएसएस के एजेंडे की है। समस्या यह है कि यह दिशा, इस देश के स्वतंत्रता संघर्ष की मूल दिशा से उल्टी है। स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। आरएसएस के एजेंडे की मूल दिशा, जो जम्मू-कश्मीर की इस बहुसंख्यक आबादी के प्रति वैरभाव पर आधारित है, इस नाजुक रिश्ते को उधेड़ने का ही काम कर सकती है, फिर चाहे एक भूभाग के रूप में उसके कितने ही बड़े हिस्से पर बलपूर्वक नियंत्रण रखना क्यों न संभव हो।

इसलिए, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच से निकली, स्वतंत्र भारत की मूल संकल्पना की परवाह करने वाला कोई व्यक्ति अगर बरबस, बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बैंच के ही फैसले के बाद चलन में आई इस उक्ति को एक बार फिर दोहराए तो हैरानी की बात नहीं होगी—मी लार्ड, फैसला मिला है, न्याय नहीं!

न्याय नहीं मिलने के दो पहलू हैं, जो आगे चलकर आपस में जुड़ जाते हैं। पहला तो यही कि धारा-370 के निरस्त किए जाने को वैध ठहराते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उस विशिष्ट रिश्ते की ओर से आंखें ही मूंदे रखी हैं, जिसकी अभिव्यक्ति इस धारा की विशिष्ट व्यवस्था में हो रही थी। इसी का नतीजा सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस दावे के रूप में सामने आता है कि जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ के साथ विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, उसकी कोई 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं रह गई थी। और इसलिए, संप्रभुता के इकलौते आसन के रूप में भारतीय संघ को, अपने अंग के रूप में उसके लिए निर्णय लेने के समस्त अधिकार हैं, जिसमें धारा 370 को खत्म करना भी शामिल है।

लेकिन, संप्रभुता की यह नितांत एकात्मवादी अवधारणा है, जबकि भारतीय संविधान में स्थापित संघीय व्यवस्था, संप्रभुता की एक बहुपरतीय अवधारणा की मांग करती है, जहां स्वायत्तता के रूप में संप्रभुता के तत्व दूर तक बिखरे रहते हैं। राज्यों के अधिकारों की विस्तृत व्यवस्था पर आधारित भारतीय संघीय व्यवस्था, संप्रभुता के तत्वों के इसी बिखराव की अभिव्यक्ति है। धारा-371 के अंतर्गत उत्तर-पूर्व के अनेक राज्यों में तथा अन्य कई राज्यों में भी, संघीय शासन के बरक्स स्थानीय शासन को दिए गए विशेषाधिकार, इसी का एक और स्तर हैं। धारा-370 इसी के एक और स्तर को अभिव्यक्त करती थी, जिसमें इस रूप में इसकी अनुल्लंघनीयता की गारंटी भी जोड़ी गई थी कि इसका अनुमोदन करने वाली जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के अनुमोदन से ही, इसे बदला जा सकता था। यह एक पवित्र वादे की अभिव्यक्ति थी, जो भारतीय संघ की ओर से विलय के समय, जम्मू-कश्मीर की जनता से किया गया था।

लेकिन, 2018 में राज्य में राज्यपाल/ राष्ट्रपति शासन लगाकर, विधानसभा के भंग किए जाने के जरिए, कपटपूर्वक इस वादे को तोड़े जाने का रास्ता तैयार किया गया, जिस पर अदालत ने इसलिए अनुमोदन की मोहर लगा दी है कि उसकी नजर में ऐसा करना उस संप्रभुता के दायरे में था, जिसका एकमात्र संघ में ही वास है। संप्रभुता की इसी सीमित करने वाली अवधारणा का विस्तार कर, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में, पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस मनमाने निष्कर्ष पर पहुंची कि संविधान की धारा, जम्मू-कश्मीर के भारत से 'पूर्ण-एकीकरण' के लिए की गई एक 'अस्थायी' व्यवस्था थी और इसलिए, उसका खत्म होना उसके अस्तित्व के उद्देश्य के ही पूरा होने का सूचक है। धारा 370 के खत्म किए जाने के लिए, इस धारा को ही दलील बनाए जाने से, ऊटपटांग चीज दूसरी नहीं हो सकती है।

न्याय नहीं मिलने का दूसरा पहलू, मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटने के निर्णय से संबंधित है। राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे टुकड़ों में बांटने का यह निर्णय, इसके बावजूद लिया गया था कि उस समय जम्मू-कश्मीर विधानसभा अस्तित्व ही नहीं थी जबकि संघीयता के तकाजों के आधार पर संविधान इसकी स्पष्ट व्यवस्था करता है कि संघ के हिस्से के रूप में किसी राज्य के दर्जे या उसकी सीमाओं में बदलाव के लिए, संघ का प्रस्ताव राष्ट्रपति द्वारा राज्य की राय हासिल करने के लिए उसे भेजा जाना आवश्यक है, भले राज्य की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकर नहीं होती है। इस मामले में कपटपूर्वक इस मामले में राज्य की राय के स्थानापन्न के रूप में राज्यपाल की राय को रख दिया गया, जो निर्विवाद रूप से संघीय सरकार का एजेंट होता है। विचार करने का प्रश्न यह था कि क्या केंद्र को इसकी इजाजत दी जा सकती है कि, अपने ही एजेंट की राय को, राज्य की राय बनाकर, राज्यों के साथ अपनी मनमानी का रास्ता बना ले।

दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस प्रश्न को सीधे संबोधित करने से बचने का ही रास्ता ही अख्तियार किया। उल्टे उसने पूरे मामले में विचार कर कोई निर्णय देने से ही इस बहाने से इंकार कर दिया कि संघ सरकार की ओर से यह वादा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। इसलिए, इस प्रश्न पर विचार करने की जरूरत ही नहीं रह जाती है! लेकिन, इस मामले में विवाद में न जाने की अदालत की उत्सुकता इतनी प्रबल थी कि उसने वादा करने वाले संघीय शासन से यह तक जानने की जरूरत नहीं समझी कि राज्य के दर्जे की बहाली कब की जाएगी? उल्टे, उसी फैसले में उसने मोदी सरकार के उन्हीं कदमों के क्रम में, जम्मू-कश्मीर को तोड़कर, लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने को वैध भी, ठहरा दिया। यानी कुल मिलाकर, एक राज्य को उसकी राय लिए बिना टुकड़ों में बांटे जाने को उसी अदालत ने वैध ठहरा दिया, जिसने ऐसा किए जाने की वैधता को दी गई चुनौतियों पर विचार कर इस पर संवैधानिक व्यवस्था स्पष्ट करने की जरूरत नहीं समझी।

एक नजीर के रूप में, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का यह पहलू, जम्मू-कश्मीर के साथ जो कुछ करता है, उसके अलावा देश की संघीय व्यवस्था मात्र के लिए गंभीर खतरे का रास्ता खोल देता है। इस तरह तो कोई संघीय शासन अपनी मर्जी से पहले किसी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाकर और इस तरह से वहां अपने एजेंट के रूप में राज्यपाल को राज्य की राय का स्थानापन्न बनाकर, इस कपटचाल के जरिए आसानी से किसी राज्य का दर्जा घटा सकता है, उसे तोड़ सकता है, उसकी सीमाओं को बदल सकता है या उसके क्षेत्र का किसी दूसरे राज्य में विलय कर सकता है। सिद्धांत रूप में तो इस तरह संघीय शासन, सभी राज्यों को खत्म कर, संघीय ढांचे का अस्तित्व ही खत्म कर सकता है और देश में एकात्मक व्यवस्था कायम कर सकता है। जिस तरह, धारा 370 का सहारा लेकर धारा 370 को खत्म किया गया है, उसी प्रकार संघीय व्यवस्था करने वाले संविधान का सहारा लेकर, संघीय व्यवस्था को भी खत्म किया जा सकता है।

अन्याय के ये दोनों पहलू वहां जुड़ जाते हैं, जहां संविधान पीठ भारतीय संघ के केंद्रीयकरणकारी मंसूबों पर अंकुश लगाने का अपना संवैधानिक दायित्व पूरा करने के बजाय, उसमें संप्रभुता के वास के नाम पर ज्यादा से ज्यादा उसके कदमों के साथ चलता नजर आता है। हैरानी की बात नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के दो-दो पूर्व-न्यायाधीश अब तक सार्वजनिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अन्यायपूर्ण करार देकर, सर्वोच्च न्यायालय से अपने निर्णय को बदलने की मांग कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व-न्यायाधीश रोहिंग्टन नारीमन ने तो यह गंभीर सवाल भी उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह अन्याय कैसे होने दिया कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन का बिना किसी आधार के विस्तार किया जाता रहा है, जबकि देश का संविधान एक साल से आगे विस्तार पर काफी कड़ाई से अंकुश लगाता है और इसके कोई लक्षण नहीं हैं कि जम्मू-कश्मीर के मामले में इस कड़े अंकुश के तकाजों को पूरा किया गया हो। परोक्ष रूप से वह इसका इशारा करते नजर आते हैं कि जम्मू-कश्मीर के प्रति, संघ परिवार के सांप्रदायिक पूर्वाग्रह से संचालित अन्याय में, सुप्रीम कोर्ट भी हमकदम बनता नजर आता है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

## उत्तर प्रदेश में विपक्ष का बड़ा राजनीतिक प्रदर्शन 20 दिसंबर से

■ अरुण श्रीवास्तव

> तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

भाजपा की कथित जनविरोधी सरकार से छुटकारा पाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अब 20 दिसंबर को सहारनपुर के शाकंभरी देवी मंदिर से अपनी उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा शुरू करेगी जो 25 दिनों तक चलने के बाद नैमिषारण्य (सीतापुर) में समाप्त होगी। इस दौरान यात्रा उत्तर प्रदेश के 10 पश्चिमी और मध्य जिलों के 16 संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

जाहिर तौर पर यह यात्रा कांग्रेस का शो है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा वरिष्ठ विपक्षी नेता, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और कई वरिष्ठ विपक्षी नेता भी भाग लेंगे।

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

आरएसएस द्वारा चुनावी प्रबंधन की कमान संभालने और रणनीति तैयार करने के साथ, कांग्रेस के लिए इंडिया ब्लॉक के घटकों को एक साथ लाने और आरएसएस की योजना को चुनौती देने की रोमांचकारी तात्कालिकता पैदा हो गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी भगवा राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र का सार्वजनिक चेहरा होंगे, मतपत्र की मुख्य लड़ाई आरएसएस द्वारा लड़ी जायेगी।

भाजपा के चुनावी तंत्र पर अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखने का आरएसएस का संकल्प इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रूप में अपने तीन भरोसेमंद कैडरों को स्थापित करने की योजना में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, भले ही इन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाने के लिए मोदी को श्रेय दिया जा रहा है। स्पष्ट राजनीतिक मजबूरियों के कारण आरएसएस नेतृत्व मोदी को दरकिनार करना पसंद नहीं करेगा, लेकिन तब यह उन्हें चुनावी रणनीतियों और तैयारियों में हस्तक्षेप करने की अनुमति भी नहीं देगा।

हालांकि मोदी और अमित शाह को उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए रणनीतिकार माना जाता है और वे स्पष्ट रूप से राज्य के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं, यह आरएसएस नेतृत्व है जो दिशानिर्देश जारी कर रहा है और नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार कर रहा है। यद्यपि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएसएस कैडर नहीं हैं, संघ नेतृत्व उनकी नाव को बर्बाद करने को तैयार नहीं है।

सत्ता विरोधी खतरे को खत्म करने के लिए आरएसएस ने जिला इकाइयों के पदाधिकारियों में फेरबदल और बदलाव का काम किया है। आरएसएस का मुख्य निशाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश रहा है। संयोग से 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के बाद आरएसएस ने इस क्षेत्र में एक मजबूत आधार हासिल कर लिया था। लेकिन हालिया किसान आंदोलन के मद्देनजर क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण बदल गये हैं। जिन जाटों ने मुसलमानों पर खतरनाक हमले किये थे, वे अविश्वास के तत्व पर काबू पा चुके हैं और अब मुसलमानों के साथ अच्छे संबंध बना रहे हैं। जाटों ने भाजपा से नाता तोड़ लिया है। भाजपा के लिए बुरी खबर यह है कि हिंदू किसानों के एक बड़े वर्ग ने भाजपा की ओर से मुंह मोड़ लिया है। किसान आंदोलन के दौरान मरने वाले 800 किसानों में से अधिकांश राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के थे।

यह भाजपा से हिंदू अलगाव का तत्व है जिसने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा को पश्चिमी यूपी में केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया है। 2024 के आम चुनाव पर नजर रखते हुए सपा, बसपा और कांग्रेस ने मुस्लिम वोटों को लुभाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। फिर भी वे देश के राजनीतिक रूझान का अनुसरण करना पसंद कर सकते हैं और वे हो सकता है कि कांग्रेस के पीछे चल दें।

कांग्रेस भाजपा को हरा सकती है, लेकिन राज्य से लोकसभा सीटें जीतने के लिए उसे हिंदुत्व को लेकर आरएसएस द्वारा शुरू किये गये मनोवैज्ञानिक युद्ध को हराना होगा।

राज्य में जाति निर्णायक कारक रही है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व स्थानीय जाति क्षत्रपों तक पहुंचने में विफल रहा है। उत्तर प्रदेश में 17 आरक्षित लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से अधिकांश पर दलित वोट बैंक का प्रभाव है। लेकिन सच तो यह है कि न तो समाजवादी नेता अखिलेश और न ही कांग्रेस ग्रामीण स्तर पर इस आबादी तक पहुंच पाई है। कांग्रेस के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का जादू दलितों को कितना प्रेरित करेगा, यह अभी साफ नहीं है।

2024 के चुनाव में दलित मतदाताओं का विश्वास जीतना, जो धीरे-धीरे मायावती और बसपा से दूर हो रहे हैं, विपक्षी दलों का प्राथमिक मिशन रहा है।

योगी के सत्ता में आने के बाद पिछले सात सालों में भाजपा ने समाजवादी पार्टी और बीएसपी से कई दलित नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। हाल के महीनों में अखिलेश अपने 'पीडीए' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) नारे के जरिये दलित मतदाताओं को जोड़ने में सक्रिय हैं। लेकिन यह काम करता नजर नहीं आ रहा है। दलित यादवों के वर्चस्व को लेकर सशंकित हैं। दलित नेताओं को लगता है कि वे न तो समाजवादी पार्टी में और न ही भाजपा में स्वीकार्य हैं। उनसे बस दिखावा किया जाता है।

कांग्रेस के साथ समस्या यह है कि वह इस उलझन में फंसी हुई है कि किसके साथ गठबंधन किया जाए- चाहे यह ऊंची जातियों के साथ हो या दलितों के साथ। दोनों के बीच घोर विरोधी संबंध हैं। वह स्थानीय दलित नेताओं द्वारा गठित विभिन्न छोटे दलित उन्मुख दलों के साथ तालमेल को लेकर भी उलझन में है।

एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि कांशीराम की विरासत पर कब्ज़ा किया जा रहा है। सभी दल उन्हें और उनकी विचारधारा को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं। 9 अक्टूबर को कांग्रेस ने उनके आदर्शों पर केंद्रित 'दलित गौरव यात्रा' शुरू की। सपा भी बाबासाहेब अंबेडकर और कांशीराम दोनों का आह्वान करते हुए 'संविधान बचाओ जन चौपाल' आयोजित कर रही है। राष्ट्रीय राजनीतिक दिग्गजों को अपने पाले में करने में माहिर आरएसएस ने सभी प्रतिस्पर्द्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिस्पर्धा कड़ी कर दी है।

हाल के विधानसभा चुनावों में 35 प्रतिशत वोट शेयर के साथ समाजवादी पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी है और यह इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। यह एक मिथ्या आख्यान है कि मोदी के करिश्मे ने भाजपा को 2019 के चुनाव में 62 लोकसभा सीटें जीतने में मदद की थी। सच तो यह है कि पुलवामा में सैनिकों की हत्या के बाद की लहर मोदी और भाजपा के लिए आश्चर्यजनक रूप से लाभदायी साबित हुई। अगर पुलवामा कांड नहीं हुआ होता तो भाजपा की सबसे बुरी हार होती। तीन राज्यों में जीत का श्रेय मोदी को देते हुए, विश्लेषक अक्सर इन राज्यों में आरएसएस द्वारा निभाई गई भूमिका को नजरअंदाज कर देते हैं। यदि मोदी वास्तव में निर्णायक होते तो उन्होंने आरएसएस को इन राज्यों में आरएसएस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री बनाने की अनुमति नहीं दी होती।

## पावन प्रसंग

### संभावानाएं जगाएं, सृष्टि सुंदर बनाएं

भगवान ने इंसान को बहुत उत्साह से बनाया है। जितना परिश्रम, जितनी योजना निधाता ने इंसान को गढ़ने में लगाए हैं-ऐसा प्रतीत होता है कि उतना परिश्रम भगवान ने अन्य किसी प्राणी के साथ नहीं किया। भगवान ने इंसान को एक विशेषता, मौलिकता और गुण देकर के भेजा है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि यदि सृष्टा को अपनी सृष्टि चलाने में किसी प्राणी के सहयोग की आवश्यकता आन पड़े तो उसे मनुष्य के अतिरिक्त और कोई प्राणी सम्यक रीति से कर पाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने इंसान के भीतर वह सारी शक्तियां और विभूतियां सजाकर के रख दी हैं, जो स्वयं परमेश्वर के भीतर थीं और इसीलिए इंसान को भगवान का अंश कहकर पुकारा जाता है। इंसान के भीतर वही विभूतियां हैं, वही शक्तियां हैं जो भगवान के भीतर हैं या हो सकती हैं। एक जैसी शक्तियां, एक जैसी विशेषताएं दोनों के ही भीतर हैं। शक्तियों की दृष्टि से देखें तो हम अन्य प्राणियों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हैं, ज्यादा सामर्थ्यवान हैं। संभव है कि शारीरिक बल की दृष्टि से हम हाथी, शेर, गैंडे इत्यादि से कमजोर सिद्ध हों,परंतु तब भी क्या यह सत्य यही कि ये ही इंसान हाथी पर महावत बनकर, शेर पर रिंग मास्टर बनकर सवारी करता नजर आता है। ऐसा इसलिए कि बौद्धिक दृष्टि से आत्मिक दृष्टि से जो शक्ति इंसान के पास है, वो दूसरों को नसीब नहीं है। इसीलिए जहां हम शारीरिक दृष्टि से कम पड़ते हैं, तो वहां-वहां उन दिक्कतों से पार पाने के लिए हमने दूसरे मार्ग खोज लिए हैं।

जैसे हम एक चीते से तेज नहीं दौड़ सकते हैं, पर हमारी बनाई कार दौड़ सकती है। हम हाथी से ज्यादा वजन नहीं उठा सकते, पर हमारी बनाई क्रेन तो उठा सकती है। हम मछली की तरह डुबकी नहीं लगा सकते पर हमारा द्वारा बनाई हुई पनडुब्बी तो है। हम पक्षियों की तरह उड़ नहीं सकते तो मनुष्यों द्वारा बनाया हवाई जहाज उड़ सकता है। कहने का अर्थ मात्र इतना है कि ईश्वर ने इंसान को ऐसी बौद्धिक क्षमता देकर भेजा है कि जिन-जिन क्षेत्रों में हम दूसरे प्राणियों से पिछड़ते दिखे, उन-उन क्षेत्रों में हमने शक्ति के या तो दूसरे स्रोत ढूंढ लिए या अन्य माध्यम ढूंढ लिए। इसके अतिरिक्त शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक ही नहीं, इंसान के पास आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग भी खुले हैं।

अनेक महामानवों का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि यदि मनुष्य अपने भीतर की दिव्य संभावना को जाग्रत करना जान जाता है तो वो ऋषि मुनि, सिद्ध, संत, महात्मा बनता दिखाई पड़ता है और उन संभावनाओं को साकार करता दिखाई पड़ता है, जो इंसानी गुणों की अंतिम पराकाष्ठा है। इतनी सारी महान संभावनाओं के होते हुए भी कई बार आश्चर्य होता है, जब मनुष्य को अत्यन्त तुच्छ, निकृष्ट जीवन जीते देखा जाता है। कई लोग शारीरिक समस्याओं के कारण जीवन में रुके-ठहरे नजर आते हैं तो कई लोग मानसिक उलझनों के शिकार हो जाते हैं। कुछ सामाजिक समस्याओं से परेशान हैं तो कइयों को भावनात्मक आघात निराश करते नजर आते हैं यदि ऐसी परेशानियां हममें से किसी की प्रगति को बाधा पहुंचाती दिखें तो हमें महापुरुषों के जीवन की ओर दृष्टि उठा के देखने की जरूरत है।

जो शारीरिक बीमारियों से कभी परेशान हों तो वो राणा सांगा के जीवनवृत्त को देखें, हरिसिंह नलवा की जिंदगी देखें, अष्टावक्र की जिंदगी देखें और यदि कभी मानसिक दिक्कतें हमें रोकने की कोशिश करें तो हम देखेंगे कि क्या ध्रुव, हरिश्चंद्र, गुरु गोविंद सिंह को भावनात्मक प्रतिघातों को सहन नहीं करना पड़ा था? जो सामाजिक विडंबना की राह पर चल पड़े हैं वे ये साचें कि हमारी समस्याएं कितनी भी बड़ी हों, पर सुदामा से ज्यादा, राणा प्रताप से ज्यादा पूज्य गुरुदेव से ज्यादा नहीं हैं।

सत्य यही है कि हममें से अनेकों के जीवन में कठिनाइयां इतनी ज्यादा या बड़ी नहीं होतीं पर हमें उनको बड़ा करके आंकने की आदत पड़ जाती है। हम सोचें कि हमारे पास जो संभावनाएं है, जो ताकतें हैं, उनका अंत नहीं है, पर जो संभावनाएं हैं, जो ताकतें हैं, उनका अंत नहीं हैं, पर हम अपने कर्तव्य को और भगवान को दिए अपने वचन को विस्मृत करके बैठ गए हैं। कर्तव्य यह है हमारा कि हम भगवान की बनाई इस सृष्टि के निगरानीकर्ता हैं इसको सुव्यवस्थित, सुंदर बनाए रखना कर्तव्य है हमारा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### विकसित गांव से विकसित भारत का सफर

पिछले कुछ दशकों में भारत ने दुनिया के अन्य देशों की तुलना में तेज़ी से तरक्की की है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तो यह विश्व में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। दुनिया की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों ने भारत को अगले कुछ सालों में विश्व की सबसे तेज़ उभरती अर्थव्यस्था वाला देश घोषित किया है। यही कारण है कि आज लगभग सभी बड़ी कंपनियां भारत में निवेश करने को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री के हर विदेश दौरे में बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ उनके साथ एक मीटिंग के लिए उत्सुक नज़र आते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज़ी इस बात की परिचायक बनती जा रही है कि अगले कुछ सालों में भारत दुनिया का तीसरा और एक दशक के अंदर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने वाला है। केंद्र सरकार भी देश की सभी राज्यों की सरकार के साथ मिलकर लगभग सभी राज्यों में निवेश के विकल्पों को तलाश रही है।

किसी भी अर्थव्यवस्था की मज़बूती के लिए सबसे पहले वहां बुनियादी सुविधाओं का पूरा होना पहली शर्त होती है। लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां इनका सबसे अधिक अभाव नज़र आता है। जो ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्रों के करीब हैं वहां तो बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं लेकिन अब भी कई ऐसे दूरदराज़ के इलाके हैं जहां इनका अभाव नज़र आता है। इन्हीं में एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का मिकीला गांव है। जहां सड़क और अस्पताल जैसी ज़रूरी चीज़ों का भी घोर अभाव है। राज्य के बागेश्वर जिले से करीब 48 किमी दूर और ब्लॉक कपकोट से 23 किमी दूर इस गांव में पहुंचना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। गांव में न तो बेहतर सड़क है और न ही अस्पताल की सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में गांव के एक 42 वर्षीय हेमंत दानू कहते हैं कि पिछले कई दशकों से गांव वाले इन्हीं अभावों में जीने को मजबूर हैं। किसी प्रकार ग्रामीण अपना जीवन बसर कर रहे हैं। वह आरोप लगाते हैं कि इतने वर्षों में कभी भी कोई प्रशासनिक अधिकारी या संबंधित विभाग के लोग इस गांव की स्थिति के बारे में जानने नहीं आये। हेमंत के साथ ही खड़े खेती किसानी करने वाले 40 वर्षीय संतोष कपकोटी कहते हैं कि केवल प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं बल्कि कोई जनप्रतिनिधि भी हमारा हाल जानने नहीं आता है। लोग चुनाव के समय वादा करते हैं लेकिन पूरा नहीं होता है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि किसी भी गांव के विकास के लिए अन्य विषयों के साथ-साथ सड़क और अस्पताल भी बहुत ज़रूरी है। यह गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। ऐसे में इसके विकास को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। वह कहती हैं कि अब बर्फ़बारी का मौसम शुरू हो चुका है। रास्ते बर्फ से ढंक जाएंगे जिससे होकर गुज़रना खतरे से खाली नहीं होता है। जहां सड़कें अच्छी हालत में होती है वहां लोगों को किसी भी मौसम में कठिनाई नहीं है लेकिन जर्जर सड़क के कारण मिकीला गांव इस दौरान अन्य क्षेत्रों से कट जाता है। यह न केवल लोगों के लिए परेशानी का सबब है बल्कि गांव को विकास की राह में और भी पीछे ढ़केल देता है। यह न केवल गांव के विकास बल्कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में भी रुकावट है।

**हेमा मर्तोलिया, कपकोट उत्तराखंड**

# कोहरे और ठिठुरन ने बढ़ाया इवनिंग वॉक कॉन्सेप्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** ठंड में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। हर दिन ठंड हौले-हौले बढ़ रही है। सुबह के वक्त पडने़ वाली ठंड अब ठिठुरन भी पैदा कर रही है। यही वजह है कि सेहत का ध्यान देने वालों के लिए थोड़ी मुश्किल खड़ी हो चुकी है। यह मुश्किल सुबह जल्दी उठकर वॉक करने की है। सुबह के कोहरे और ठंड के कारण अब इवनिंग वॉकर्स बढ़ चुके हैं। इसके लिए उन्होंने सुबह के शेड्यूल को रात में शिफ्ट कर लिया है।



## सुबह के कोहरे और ठंड से घूमने वालों की समस्या हुई जटिल

### शाम 5 से 6 का समय

शहरवासियों का कहना है कि इवनिंग वॉक के लिए उन्होंने जहां पहले सुबह पांच से 6 का समय फिक्स करके रखा हुआ था, वहीं अब यह समय शाम को पांच से 6 का चुना जा रहा है।

महिलाएं और बुजुर्ग इस समय फिटनेस फ्रेंडली बनना अधिक पसंद कर रहे हैं।

### धूप के बाद ही वॉक

विंटर सीजन में डॉक्टर्स भी यह सुझाव देते हैं कि सुबह धूप के बाद ही वॉक के लिए निकला जाए। खासतौर पर डाइबिटीज, हार्ट, ब्लड प्रेशर से ग्रसित लोगों को डॉक्टर यह सलाह जरूर रहे हैं, ताकि बॉडी में फ्रेश एयर के साथ-साथ विटामिन डी की कमी भी पूरी हो सके।

### यहां बढ़ रही वॉकर्स की संख्या

- कचनार
- सदर
- नयागांव
- सिविल लाइंस
- गोलबाजार
- राइट टाउन

# एसएमवी बैंगलुरु-दानापुर के लिए चलेंगी एक तरफा स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से एसएमवी बैंगलुरु-दानापुर के मध्य एक तरफा (सिंगल ट्रिप) स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ये स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 06597 एसएमवी बैंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 19 दिसम्बर को एसएमवी बैंगलुरु स्टेशन से रात्रि 23.25 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन प्रातः 06.35 बजे इटारसी, जबलपुर 10.10 बजे, सतना दोपहर 13.05 बजे और रात्रि 23.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**- रास्ते में यह गाड़ी बंगारपेट जंक्शन, जोल्लारपेट्टई, काटपाडी, पेरम्बूर, विजयवाडा, वारंगल, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्यय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच कंपोजीशन- इस ट्रेन में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित 23 कोच रहेंगे। रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से जानकारी प्राप्त कर सकते है।



# भीमलाल गुप्ता बने प्रांतीय कसौधन वैश्य महासभा समिति के उपाध्यक्ष

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रांतीय कसौधन वैश्य महासभा समिति मध्यप्रदेश का शपथ ग्रहण समारोह 17 दिसम्बर को शहडोल के मानस भवन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रांतीय कसौधन वैश्य महासभा समिति मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस समारोह में प्रांतीय कसौधन वैश्य महासभा समिति मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों में शहडोल के ब्रज किशोर गुप्ता ने अध्यक्ष के रूप में शपथ ली वहीं जबलपुर के भीमलाल गुप्ता ने उपाध्यक्ष के रूप में शपथ ली। इसके अलावा सतना के श्रीनाथ गुप्ता उपाध्यक्ष, बिरसिंगपुर पाली के घनश्याम गुप्ता महामंत्री ने शपथ ली। जबलपुर की श्रीमति ज्योति गुप्ता ने जिला संयोजक के रूप में शपथ ली । आशीष गुप्ता युवा संगठन मंत्री बनाए गये। भीमलाल गुप्ता के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर गीतेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता व जबलपुर कसौधन वैश्य समाज की ओर से कमलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, जमना प्रसाद गुप्ता, राम सुहावन गुप्ता सहित इष्ट मित्रों आदि ने बधाई दी।

# मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने निगरानी दल गठित

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुक्त खाद्य सुरक्षा तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के साथ ही खुले में तथा बिना अनुमति पत्र अथवा लायसेंस के नियमों का उल्लांघन करते हुए मांस एवं मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने जिला स्तवरीय विशेष निगरानी दल गठित किया है।

चौदह सदस्यों के विशेष निगरानी दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजय कुमार गुप्ता, माधुरी मिश्रा, सारिका दीक्षित एवं विनोद धुर्वे, मुख्यर कार्यपालन अधिकारी दुग्धम संघ डी.बी. सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे एवं अनीता सोरते, नगर निगम के स्वा,स्थ्ीव अधिकारी भूपेन्द्रम सिहं, प्रभारी आयुक्तख नगर निगम पी.एन. सनखेरे, उपनिरीक्षक सुरेश आर्मो एवं आर. बी. शर्मा तथा नापतौल निरीक्षक रंजीत धोके एवं किरन लता सैयाम को शामिल किया गया है। कलेक्टकर सुमन ने विशेष निगरानी दल को दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले व्याशपारियों तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों का निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध आकस्मि क निरीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंदने जिले में बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुये खुले में अवैध एवं नियम विरूद्ध संचालित पशु मांस तथा मछली के विभिन्न प्रतिष्ठानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश विशेष निगरानी दल को दिये हैं।

कलेक्टर ने विशेष निगरानी दल का नोडल अधिकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव को नियुक्त किया है। आदेश में नोडल अधिकारी से कहा गया है कि खुले में तथा बिना लायसेंस अथवा लायसेंस की शर्तों का उल्लंहघन करते मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की गई कार्यवाही से कलेक्टरर कार्यालय को अवगत कराया जाये।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन भी सैंकड़ों हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का मिला लाभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भी शहर के दो विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के गुलौआ चौक और उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के राजीव गांधी बस्ती चन्द्रशेखर पार्क के पास शिविर का आयोजन किया गया। जहॉं पर सैकड़ों हितग्राहियों ने नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, और क्षेत्रीय पार्षद अतुल जैन दानी, पूर्व पार्षद संजय तिवारी, दिलीप पटैल, एवं सैंकड़ो क्षेत्रीय जनों की उपस्थित में हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला।

शिविर का निरीक्षण के उपरांत नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने रथ को वार्ड के कॉलोनियों में रवाना किया जहॉं पर लोगों को जागृति रथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी घर-घर दी जायेगी। इस संबंध में नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने सभी हितग्राहियों से चर्चा की और जन-जन तक केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुँचाने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभांवित कराने का संकल्प लिया।

## गुलौआ चौक और राजीव गांधी बस्ती चन्द्रशेखर पार्क के पास आयोजित हुये शिविर

आयोजित शिविरों के संबंध में निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने आज जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में आज सैकड़ों हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य योजना, वृद्धापेंशन योजना, आदि का लाभ एक साथ दिया गया। इसके लिए उन्होंने अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन, श्रीमती शिवांगी महाजन, एवं वेदप्रकाश, सहित सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों का संचालन बेहतर ढंग से हो और सभी पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभांवित कराने की दिशा में स्वयं सभी लोग पहल करें। निगमायुक्त ने उक्त सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों के सम्माननीय प्रतिनिधियों से सम्पर्क स्थापित करें और उन्हें शिविरों की जानकारी देकर शिविरों में उन्हें आमंत्रित करें। आज आयोजित शिविरों में संभागीय अधिकारी सुदीप पटैल, के.के. रावत, एवं उनकी टीम के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### आज यहां लगेगें शिविर

निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि आज धनवंतरी नगर एवं मोतीनाला मैदान में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

# भविष्य की ऊर्जा के लिए आज बचत जरूरी है




**जबलपुर, देशबन्धु।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह की जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला में नगर दक्षिण संभाग के अंतर्गत रामपुर क्षेत्र के स्कूलों में ऊर्जा रथ के माध्यम से विद्यार्थियों को ऊर्जा बचत बिजली के सदुपयोग एवं सौर ऊर्जा के संबंध में जानकारी दी गई जिसे विद्यार्थियों ने अच्छी तरह से समझा कार्यपालन अभियंता नगर संभाग दक्षिण नवनीत राठौर द्वारा स्मार्ट मीटर से ऊर्जा खर्च पर नियंत्रण एवं कार्बन प्रदूषण में कमी लाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया बच्चों ने ऊर्जा बचत के प्रश्नों का जवाब दिया, ऊर्जा रथ की जानकारी बालक मंदिर स्कूल रामपुर शासकीय हाई स्कूल रामपुर खालसा स्कूल पोली पाथर के विद्यार्थियों को दी गई एवं स्कूल प्रबंधन का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर रत्नदीप गजभिए सहायक अभियंता मनोज वैद्य कनिष्ठ अभियंता ईशान चंद्र कनिष्ठ अभियंता ने अपने विचार रखें ऊर्जा रथ में इंजीनियर महेश दुबे द्वारा बिजली बचत ऊर्जा बिजली चोरी के विषय में कार्टून प्रदर्शित किए गए जो की सराहे गए।

# जहर से मिट्टी को बचाने की जरूरत



**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्राम मेरे गांव तहसील शाहपुरा जबलपुर मध्यप्रदेश में एक दिवसीय प्राकृतिक जैविक कृषि पर कार्यशाला संपन्न हुई। यह कार्यशाला क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र नागपुर एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सयुक्त तत्वावधान की गई कार्यशाला का उद्घाटन गौ पालन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष प्रदेश महामंडलेश्वर स्वामी अख्लेश्वरानन्द गिरी महाराज, मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र जामदार, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद एवं नवनिर्वाचित विधायक नीरज सिंह जी रहे। डॉ. अमित त्रिपाठी सीईओ साइटोलाइफ़ मुंबई, डॉ ए एस राजपूत रीजनल डायरेक्टर नेचुरल एंड आर्गेनिक फार्मिंग एवं डॉ प्रवीण के वुटला के मार्गदर्शन किया गया ! इस कार्यशाला में 500 से ज़्यादा दूर दूर से आये किसान भाई बहन शामिल हुए !

किसानों को प्राकृतिक जैविक मल्टीलेयर कृषि मॉडल की चर्चा प्रख्यात जैविक खेती विशेषज्ञ आकाश चौरसिया सागर के द्वारा,गई किसानों को स्लाइड के माध्यम से विभिन्न मॉडल बताये। गये उसके फ़ायदे बताए गये एवं कृषि के संपूर्ण विकास मॉडल पर अपने विचार और नवाचार रखे ! कार्यशाला में डॉ जामदार ने मिट्टी को ज़हर से बचाने का आग्रह किया,महामंडलेश्वर स्वामी जी ने किसानों को भारतीय गाय के फ़ायदे बताया और किसानों को समझाया की वो गौ पालन कर खेती शुरू करे यह खेती का हिस्सा है । डॉ त्रिपाठी ने किसानों को मिट्टी का विज्ञान बताया और ज़हर से बचाकर उसे स्वस्थ बनाने का फार्मूला भी समझाया डॉ राजपूत ने किसानों भारत सरकार की तरफ़ से चलाई जा रही अनेक लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया।

कार्यशाला में शहपुरा क्षेत्र के जैविक खेती करने वाले कृषक विनय सिंह ठाकुर फुलर ने जैविक आदान सामग्री बनाने की विधियां बतलाई।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में जन अभियान परिषद के प्रदीप तिवारी,जय नारायण जी एवं प्रस्फुटन समिति, नवांकुर समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

जैविक किसान सम्मेलन कार्यक्रम का संचालन रजनीश दुबे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों व वरिष्ठ सहयोगियों को सम्मानित किया गया।

अंत में वरिष्ठ समाजसेवी ग्राम मेरेगांव के साहब सिंह राजपूत ने आयोजकों व आमंत्रित कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनेकृविवि ने किया धान की सीधी बुआई हेतु नई मशीन का अविष्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कृषि यंत्र एवं शक्ति अभियांत्रिकी विभाग तथा इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईआरआरआई) फिलीपिन्स के अनुसंधान के अंतर्गत धान की सीधी बुआई के लिये एक नई मशीन का अविष्कार किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, आईसीएआर अटारी निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह, डिपटी रजिस्टार डॉ. टी.आर. शर्मा एवं आईआरआरआई फिलीपिन्स से आमंत्रित वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. राबे यहाया और डॉ. सूर्यकांत खंडाई, डॉ. प्रभात कुमार गुरू की उपस्थिति में उक्त तकनीकी को कर्मर्शिलयाज कर किसानों तक पहुंचाने के लिये कृषि यंत्र निर्मातों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जनेकृविवि एवं अंतर्राष्टीय धान अनुसंधान फिलीपिन्स के साथ शिक्षण, प्रशिक्षण एवं रिसर्च के लिये एमओयू हुआ। इस दौरान जनेकृविवि एवं आईआरआरआई फिलीपिन्स के वरिष्ट कृषि वैज्ञानिकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और कैसे धान के साथ दूसरी फसलों एवं उनके संवर्धन, उत्पादन, उपयोगी प्रोद्योगिकी को किसानों के साथ मिलकर कार्य करेंगे ऐसे विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने आईआरआरआई फिलीपिन्स के वरिष्ट कृषि वैज्ञानिकों को आश्वासन दिया है कि किसानों के हितार्थ कृषि को बढ़ावा देने के लिये जनेकृविविअधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि यह स्वचलित मशीन धान के बीजों को बराबर कतार तथा बराबर 4-5 बीजों की बुआई करती है।



साथ ही उर्वरक को मिट्टी के अंदर डालती है। इस मशीन द्वारा कम समय, कम लागत एवं क्षमता के साथ धान की बुआई की जा सकती है।

इस मशीन को डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में डॉ. प्रभात कुमार गुरू, वैज्ञानिक, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान द्वारा विकसित किया गया है।

# लोकतंत्र के मंदिर में राम मंदिर लेकर पहुंचे डॉ. अभिलाष



**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा के सत्र में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय राम मंदिर की प्रतिकृति लेकर सदन में पहुंचे और साथ ही शपथ के दौरान देवनागरी भाषा संस्कृत में युवा मोर्चे मप्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने शपथ ली।

# राष्ट्रीय साहसिक शिविर पोंगडेम हिमाचल के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का दल हुआ रवाना




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा अटल बिहारी बाजपेई माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट पोंगडेम हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर जो कि 19 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से चयनित 5 स्वयं सेवक 1 कार्यक्रम अधिकारी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय साहसिक शिविर में चयनित होने पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफ. कपिल देव मिश्र, कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक कुमार मराठे मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए शिविर के लिए रवाना किया।

साहसिक गतिविधि शिविर में प्रदेश का नेतृत्व करने का दायित्व मातागुजरी महाविद्यालय जबलपुर की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनजीत कौर साहनी को मिला है तथा स्वयंसेवकों में तुषा मेहरा, रोहित ठाकुर, पुष्पराज साकेत, अनामिका शुक्ला, सरोज कुमरे, प्रेरणा जैसवाल,मान्यता द्विवेदी, तारेंद्र जामरे, सूरज कुमार बैस,अतुल पाण्डेय शिविर में सहभागीता करेंगे।एवं शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को साहसिक गतिविधियों के अंतर्गत वॉटर राफ्टिंग रिवर राफ्टिंग वॉटर स्पोर्ट्स सहित माउंट क्लाइंबिंग ट्रैकिंग इत्यादि संस्कृत गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। स्वयंसेवकों के चयन पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर टीम को विदा किया जिनमें वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रशांत कुमार चापेकर, सुबेन्दु मन्ना, सुयश श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, अंकित लखेरा, स्मृति चतुर्वेदी, अनुश्री श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, गनेश प्रजापति, आशुतोष मेहरा, रोहित सिंह गौड़ आदि उपस्थित थे।

# महापौर की अध्यक्षता में बी.व्ही.एल.एफ. और डब्लू.आर.आई. इंडिया के प्रतिनिधियों की बैठक




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान नर्चरिंग नेबरहुड चैलेन्ज के अंतर्गत जबलपुर शहर का चयन पूर्व में भारत के टॉप 10 में हुआ था, जिसका उद्देश्य 0-6 वर्ष के बच्चों के लिए ऐसे स्थानों को चयन कर विकसित करना था जहाँ जाकर वे आसानी से सुरक्षित वातावरण में खेल कूद सके, जिससे उनका मानसिक विकास किया जा सके। इसी के अंतर्गत जबलपुर द्वारा किड्स प्ले मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है जिसमें शहर के गार्डन, आँगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र आदि को बच्चों के हिसाब से विकसित किया जायेगा। इस कार्य हेतु बी.व्ही.एल.एफ. संस्था के वर्ल्ड के प्रतिनिधि एवं डब्लू.आर.आई. इंडिया के प्रतिनिधियो ने जबलपुर में किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया, साथ ही साथ आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किड्स प्ले मास्टर प्लान हेतु सुझाव भी लिए गये। महापौर अन्नू ने शहर की आँगनबाड़ियो एवं गार्डन के विकास के लिए सर्वप्रथम प्राथमिकता देने के लिए दिया ताकि उद्देश्य की प्राप्ति आसानी से किया जा सके। बैठक में निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, सहायक आयुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री आदित्य शुक्ला, आलोक शुक्ला एवं स्मार्ट सिटी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




**खुले बोरवेल और गडढों को बंद कराने निगमायुक्त ने दिखाई सख्ती**- शहर के नागरिकों के आवागमन को सुरक्षित एवं सुदृढ करने की दिशा में नगर निगम सीमा अंतर्गत सभी खुले बोरवेलों एवं गडढों का सर्वे कराकर उसे बंद कराने के कार्यो के लिए निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने निगम के सभी संबंधित कार्यपालन यंत्रियों, संभागीय अधिकारियों, एवं स्मार्ट सिटी के प्रशासकीय अधिकारी को तीन दिन की मोहलत देते हुए सख्त निर्देश जारी किया है कि जितने भी शहर में खुले बोरवेल एवं गडढे हैं उनका सर्वे कराकर उन्हें तत्काल बंद कराया जाये।

**हितग्राही 7 दिवस के अंदर अपना आधार ई-के वाय सी कराएॅं**- पेंशनर्स को नियमित रूप से पेंशन की राशि प्राप्त हो इसके लिए शासन के निर्देशानुसार समग्र आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ई-के वाय सी संबंधी कार्य विगत 6 माह से किया जा रहा है, इसके बाद भी सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स के द्वारा समग्र ई-के वाय सी नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स अपना ई-के वाय सी 7 दिवस के अंदर अनिवार्य रूप से करा लें, उन्होंने बताया कि ई-के वाय सी न कराने की स्थिति में पेंशन बंद हो सकती है।

## खुले में मॉंस मछली विक्रय करने वालों के विरुद्ध की गयी बड़ी कार्रवाई

प्रदेश शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार संभाग क्रमांक 10 रॉंझी के अंतर्गत खुले में मॉंस मछली विक्रय करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई गी गयी। कार्यवाही के दौरान 15 दुकानदारों के चालान काटे गये और इनसे स्पॉट फाइन के रूप में जुर्माने की रीशि भी वसूल की गयी।

## चंपा षष्ठी पर मल्हारी मार्तण्ड खंडोबा महाराज को लगे 56 भोग,तली भंडार पूजन महाआरती



**जबलपुर, देशबन्धु।** मराठी भाषी भक्तों के कुलदेवता श्री मल्हारी मार्तण्ड खंडोबा महाराज के अवतरण दिवस मार्ग शीर्ष चंपा षष्ठी के पावन अवसर पर सोमवंशी मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में पूर्व महापौर डॉ स्वाति सदानंद गोडबोले, पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, गोर्वधन कश्यप की उपस्थिति में चंपा षष्ठी पर 56 भोग , महाभिषेक,तली भंडार पूजन अर्चन महाआरती श्री शिव मंदिर,हनुमान ताल थाने के पीछे संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अनिल गायकवाड़, प्रवीण सालुंके, दादा पांडुरंग गायकवाड़,विजय जाधव, विध्येश भापकर,बबलू कामले, दिनेश जाधव, रिंकू सुर्वे, पुरूषोत्तम भालेराव, विनीत सिरसाठ, पवन जाधव,राजा कांटे, विवेक गायकवाड़, संजय भगरे,नीरज मगरे, तरूण सोनोने, अनिल शिंदे, डा श्रीकांत कदम, अरूण गायकवाड़, अनिल जाधव सहित क्षत्रिय मराठा समाज,३सोमवंशी मराठा समाज जबलपुर के सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लमेटाघाट सरस्वती घाट के पुल को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संभागीय आयुक्त को 25000 हस्ताक्षरों का ज्ञापन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति ने तय किया है की प्रति मंगलवार सरस्वती घाट एवं लामेटा घाट पुल के लिए कार्यरत विभिन्न विभागों में ज्ञापन दिया जाएगा।संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा को संभागीय कार्यालय डिलाइट टॉकीज के सामने 19 दिसंबर मंगलवार प्रात: 11:00 बजे 25000 हस्ताक्षरों का ज्ञापन लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल को पायलेक्ट प्रोजेक्ट में रखकर शीघ्र तैयार कराया जाए इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट मार्ग में पढ़ने वाले लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल को पायलो प्रोजेक्ट की तरह जल्दी बनाया जाए। कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली गई हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में भक्तों की विशाल भीड़ को देखते हुए 2024 नवंबर माह में पढ़ने वाली कार्तिक पूर्णिमा में होने वाली परिक्रमा के पहले दोनों पुल समय सीमा अनुसार बन जाए ज्ञात हो दोनों पुल 2017 में मुख्यमंत्री जी के द्वारा पास कराए गए थे जो अभी तक तैयार नहीं हुए। समिति द्वारा 400 बार से अधिक ज्ञापन सौंप जा चुके हैं 6 कलेक्टर 6 एसपी 5 आईजी 5 कमिश्नर को अभी तक ज्ञापन देकर अपनी बात रखी है। नर्मदा महाआरती संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिवशंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे आदि ने भक्तों से की है।

## सालाना न्याज़ आज



**जबलपुर।** पीरे तरीकत,हज़रत,मौलाना, महमूद अहमद कादरी महमूदे मिल्लत अलैहिर्रहमां की सालाना न्याज़ फातिहा ख्वानी का एहतेमाम बाद नमाज़ मगरिब पांच जमादी-उल-आखिर 19 दिसम्बर मंगलवार को मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी साहब की सरपरस्ती मे हाजी मक़बूल अहमद रज़वी के निवास नालबंद मुहल्ला मे किया गया है। सालातो सलाम दुआ के बाद तबर्रूक तक़सीम किया जाएगा। मशहूद अहमद रज़वी, मसरूर अहमद रज़वी, रिज़वान अहमद, फ़ैज़ान अहमद ने अकीदतमंदों से शिरकत फरमाने की गुज़ारिश की है।



## जायरीन का जत्था: मक्का मदीना रवाना

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले के 50 उमराह यात्रियों का जत्था डुमना एयर पोर्ट से जेददाह के लिए रवाना हुआ। जिन्हें उनके परिजन ने फूल माला पहनाकर बिदाई दी। समस्त उमराह यात्री अलमदीना टूर्स के हाजी फराज के नेतृत्व में पवित्र स्थलों का भ्रमण कर पन्द्रह दिन बाद लौटेगें। उमराह पर जाने वालों में मुस्तका खान, खलील अहमद, खुर्शीद अंसारी, वासिक अंसारी, अब्दुल निज़ाम, खैरून निशा आदि प्रमुख हैं। इस अवसर पर हाजी छिददी, हाजी अमर आलम, हाजी सलीमुददीन, हाफिज अशफाक, साबू भाई उपस्थित थे।

## अभिनय से समझाया तांत्रिक से नहीं डॉक्टर की दवाओं से ठीक होते हैं मरीज

### उन्मेष-ज्ञान विज्ञान संगठन के जिज्ञासा कार्यक्रम में 12 स्कूलों से शामिल हुए छात्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** अभिनय से स्टूडेंट्स ने अंधविश्वास के खेल से पर्दा उठाया। मंचन में उन्होंने बताया कि लोगों के किसी भी दर्द और बीमारी का इलाज तांत्रिक के पास नहीं, बल्कि डॉक्टर की दवाओं के पास होता है। विज्ञान के ज्ञान का भंडार बढ़ाने के लिए उन्मेष संगठन के तत्वावधान में जिज्ञासा विज्ञान मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 12 स्कूलों से विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

**रंगों में पर्यावरण की चिंता**-कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जहां रंगों और ब्रश के जरिए छात्रों ने पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त की। इसमें छात्रों ने ग्लोबल वार्मिंग के कारण और बचने के उपाय भी बताए। प्रतियोगिता के लिए छात्रों को सतत विकास, शुद्ध एवं हरित उर्जा स्त्रोतों की आवश्यकताएं, राष्ट्र की समृद्धि के लिए हरित ऊर्जा थीम प्रदान की गई थी।

**विज्ञान नाटिका ने किया जागरुक**-कार्यक्रम में हमारे अस्तित्व के लिए पर्यावरण का संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता हुई, वहीं विज्ञान नाटक से अंधविश्वास के प्रति जागरुक किया गया। इसके साथ ही अक्षय विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वत: नष्ट होने वाली पर्यावरण मित्र सेनेटरी नेपकिन का प्रयोग, रसायनिक तत्वों का व्यवहार, विज्ञान व अंधविश्वास का व्यवहार जैसे विषयों को मंचन में उजागर किया गया।

**यह रहे विजेता**-प्रतियोगिता में प्रथम बिन्नी बाई जैन स्कूल पनागर विजेता रहा। कार्यक्रम में मंगलवार को विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता और सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विज्ञान मेला में पीएसएम प्राचार्य डॉ. राम कुमार स्वर्णकार, प्रो. आशा खन्ना, डॉ. अनिल वाजपेयी, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. दिनेश चित्रेव, डॉ. आशीष माथुर, डॉ. तरूण गुहा नियोगी, डॉ. ज्योति कारलेकर, आशीष शुभम शर्मा, संयोजक डॉ. संजय अवस्थी मौजूद थे।






## मंच पर छाया विशेष हुनर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंच पर दिव्यांगों ने हुनर का ऐसा रंग दिखाया कि हर कोई उनकी प्रस्तुति का कायल हो गया। संगीतमय धुनों के बीच सजीले परिधानों में दिव्यांगों ने एक के बाद से मनोरंजक प्रस्तुति से समां बांधा। सोमवार को मानस भवन में ऊर्जा महिला संगठन के तत्वावधान में दिव्यांगों के लिए उत्साह हुनर का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में दिव्यांगों के इस हुनर की सभी सराहना की। **कविता पाठ, नृत्य**-कार्यक्रम में दिव्यांगों ने कविता पाठ से लेकर नृत्य प्रस्तुतियों में बेमिसाल जुगलबंदी दिखाई। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह, आशीष दीक्षित, नीता रजक, निशी सेठी, रूपाली मिश्रा, अंजू मिश्रा, अध्यक्ष अर्चना सिंह, काजल तलरेजा, पारुल अग्रवाल, दिव्या दिवाकर, पल्लवी पाठक, सुरभि मिश्रा, शीतल गुप्ता का सहयोग रहा।





## चित्रों में समाया प्रकृति का सौंदर्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती संग्रहालय में पाथेय संस्था के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन किया गया। प्रदर्शनी में कलाकार प्रमोद कुशवाहा के 80 चित्र शामिल किए गए। कार्यक्रम में कलाकार के बनाए हुए प्रकृति और अध्यात्म से जुड़े हुए प्रयोगधर्मी चित्रों ने दर्शकों को मोहा। इस मौके पर गजलकार यूनुस अदीब, समाजसेवी कमलकांत दुबे, रश्मि पाठक, राजेश पाठक प्रवीण, मधुबाला दुबे, रुद्राक्ष उपाध्याय, अमित बाबा मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 19 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन शुक्ल पक्ष सप्तमी। नक्षत्र-पू.भा.।**

**मेष**
आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों।

**वृषभ**
अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा।

**मिथुन**
मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा।

क.

**कर्क**
कर्क - आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**सिंह**
आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कन्या**
आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

**तुला**
शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी।

**वृश्चिक**
आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

**धनु**
आज धार्मिक कारणों से कहीं जाना पड़ सकता है। आप निर्धारित कामों को आज पूरा कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के कारण ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**
आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे।

**कुंभ**
नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा।

**मीन**
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।

मा.

## विश्व शांति हेतु विधान एवं हवन सम्पन्न



**जबलपुर।** जबलपुर से लगभग 25 कि.मी.स्थित बिजोरी, चरगवां रोड़ पर , दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर का माह दिसंबर 2023 का विश्व शांति हेतु श्री अभिषेक,पूजन पाठ अतिशयकारी दिगंबर जैन मंदिर,बिजोरी,(चरगवां) में सम्पन्न किया गया।

लगभग 45 दम्पति सदस्य सुबह 7.45 बजे बस पर सवार होकर बिजोरी पहुँचे एवं पुरातनकालीन व अतिशय युक्त श्री 1008 चंद्राप्रभु जैन मंदिर में आयोजित विश्व शांति हेतु श्री अभिषेक,पूजन पाठ,शांति विधान एवं हवन स्थानीय धर्मिक जनसमूह की उपस्थिति में किया गया,1008 तीर्थंकर भगवान को पांडुकशिला पर विराजमान करने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र पद पर चयनित भाई पंकज प्रतिभा जैन,भाई नीलेश श्वेता जैन, भाई विनोद पद्मा जैन,भाई विवेक शिल्पी जैन द्वारा किया गया, वही शांति धारा भाई सुधीर जैन लक्ष्मी द्वारा पूर्ण भक्ति भाव से सम्पन्न हुई, इस कार्यक्रम के धार्मिक प्रभारी अंकित अनामिका जैन,भाई अशोक दानी जी ने अपने दायित्व का निर्वाहन सफलता पूर्वक किया।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर परिवार के अवकाशलेता पदाधिकारी गण, पंकज प्रतिभा जैन अध्यक्ष , सचिव शरद (सोनू) शिखा जैन एवं कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल रीता जैन द्वारा सक्रियता से दायित्व निर्वाहन कर परम्परागत वर्ष का अंतिम धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न किया। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर जी का जिणोउद्धार स्व.देवकुमार जी जैन सर्वोत्तम दाल मिल जबलपुर द्वारा करवाया गया था, वर्तमान में इसकी सपूर्ण मन्दिर व्यवस्था ग्राम बिजौरी के ही निवासी जयकुमार जैन रिन्कू गारमेंट जबलपुर परिवार सहित कर रहे है।




## हनुमान मंदिर परिसर सुपाताल में अक्षत कलश की स्थापना

**जबलपुर, देशबन्धु।** रामेशठ हनुमान मंदिर परिसर सुपाताल में अयोध्या से आये अक्षत कलश का विधिवत स्थापना हुई। अक्षत कलश राम दरबार से शोभायात्रा के रुप में गढ़ा बाजार से होते हुए। सुपाताल स्थित रामेशठ हनुमान मंदिर परिसर लाया गया देखने लायक द्रष्टांत था उपरांत आरती कि गई व भजन गाये गये। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांतअध्यक्ष परविनदर जीत सिंह बिंद्रा,संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह.प्रांत कोषाध्यक्ष मंजु वैश्य, महानगर सचिव गोवर्धन लाल मलहोत्र, कार्यालय सह प्रमुख शक्ति शुक्ल, उपाध्यक्ष अरविंद पटेल,नवीन वैश्य,इन्द्रा दुबे,उषा राजपूत,रमा वैश्य,एवं क्यों गणमान्य लोग शामिल हुए.

## वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर संगठन के पदाधिकारी कलेक्टर को देंगे ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण आज दोपहर 1.00 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर से भेंट करके डेरी वाली के मनमानी के विरूद्ध दूध के रेट के संबंध में एक मांग पत्र प्रस्तुत करेंगे। जिसमें मांग की जा रही है कि डेरी वालों की मनमानी पर तत्काल रोक लगाते हुए दूध के रेट पूर्वानुसार रूपये 66/- रूपये लीटर कराये जाने की व्यवस्था तत्काल की जाये। जबकि इस बीच न तो डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़े ना ही खादय सामग्री में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी की गई। तब डेयरी वालों के द्वारा बिना जिला प्रशासन के स्वीकृति प्राप्ति अप्रत्साहित ढंग से वृद्धि कर ली गई जो कि किसी भी रूप में न्याय संगत नहीं है। अत: इस प्रकार की मनमानी पर तत्काल रोक लगाते हुए शहर के उपभोक्ताओं के हित में बढ़ी मूल्य वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापिस कराने की कृपा करें ताकि शहर के नागरिकों को उचित दर पर दूध उपलब्ध हो सके साथ ही यह भी अनुरोध है कि यह भी सुनिश्चित किया जाये कि दूध एवं दूध से निर्मित सामग्री गुणवत्ता युक्त उपभोक्ता को मिले एवं समय समय पर डेरी वालों के द्वारा विक्रित सामग्री की जांच भी कराई जाये।

इस अवसर पर एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डे, मोहन अग्रवाल, उमेश दुबे, गौरीशंकर पाण्डेय, आर.के. श्रीवास्तव, एसके श्रीवास्तव, ए.के. पिल्ले, आनंद कुमार शुक्ला, एस पी शुक्ला, आर एस साहू, राधा रमण तिवारी आदि ने पदाधिकारियों उपस्थित की अपील की है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती लवलीन कौर**- मनप्रीत अपार्टमेंट फेस 2 मदनमहल निवासी श्रीमती लवलीन कौर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा बाई यादव**- शंकर नगर करमेता निवासी श्री राजाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा बाई यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजू क्षीरसागर**- प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री राजू क्षीरसागर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता पटेल**- सिद्धबाबा वार्ड पटेल मोहल्ला निवासी श्री राम प्रकाश पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती गीता पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई गोस्वामी**- लेखानगर रिज रोड केंट निवासी श्री सुखदेव गिरी गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई गोस्वामी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्लू प्रसाद**- गोपाल होटल सिद्धबाबा रोड निवासी श्री लल्लू प्रसाद (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. साक्षी राजपूत**- रानीताल शक्ति कॉलोनी निवासी श्री खेलन सिंह राजपूत की पुत्री कु. साक्षी राजपूत (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला बाई रैकवार**- समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री गज्जू लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई रैकवार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोदा बाई राय**- शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री भगवानदास राय की धर्मपत्नी श्रीमती गोदा बाई राय (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूजा रैकवार**- गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के पास निवासी श्री नितिन रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा रैकवार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक मलिक**- एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी श्री अशोक मलिक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री नरसिंह राम यादव**- उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री नरसिंह राम यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील अहिरवार**- मड़ई वाला बगीचा ग्वारीघाट निवासी श्री खेमलाल अहिरवार के पुत्र श्री सुनील अहिरवार (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## आतंक फैलाने से पहले ही पिस्तौल और कारतूस के साथ आरोपी पकड़ा

**जबलपुर,देशबन्धु। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पिस्टल, कारतूस के साथ दबोच लिया।**

थाना प्रभारी गोरखपुर एम.डी. नागोतिया ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एफ सीआई गोदाम के सामने पंचर बनाने वाला एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 35 साल है। अपने पास एक देशी पिस्टल रखे हुये है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गोररखपुर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान एफसीआई गोदाम के सामने दबिश दी जहॉ मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पंचर दुकान के पास खड़ा था जो पुलिस को आता देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम नाम लक्ष्मीनारायण बिसेन उर्फ संतोष



उम्र 36 वर्ष निवासी बृजमोहन नगर टेण्डर-2 रामपुर हाल निवासी नयागांव गेट नं. 02 थाना गोरखपुर बताया, जिसे सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर संतोष बिसेन अपनी कमर में पीछे तरफ एक देशी पिस्टल खोंसे एवं पेंट की दाहिनी जेब में 2 नग जिंदा कारतूस रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत कार्यवाही करते हुये उक्त पिस्टल कहॉ से और कैसे प्राप्त की के सम्बंध में पूछताछ जारी है।

आरोपी को पकड़ने में उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह, प्रधान आरक्षक अच्छेलाल झारिया, आरक्षक मनोज उपाध्याय तथा क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक अजय पाण्डे, प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा, आरक्षक मोह. इस्माईल, रंजीत, की सराहनीय भूमिका रही।

## सवर्ण होना क्या अभिशाप है, राना ठाकुर

### राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया गया



**जबलपुर,देशबन्धु।** आरक्षण विरोधी आंदोलन की स्थानीय अग्रणी संस्था समानता परिषद रजि, के आमंत्रण पर संस्कार धानी पहुँचे, आरक्षण विरोधी आंदोलन के र संयोजक यूंएस राना ठाकुर द्वारा राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया गया परिषद कार्यालय में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए राना ने कहा कि सवर्ण होना तो अब लगता है कि अभिशाप बन गया है कोई व्यक्ति कोई दल ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य समाज हित के लिए बोलने को तैयार नहीं है, सभी को दलित पिछड़ा सोषित वंचित की सेवा ही परम धर्म लगती हैं पर हैरानी की बात है कि दलित पिछड़ा सोषित वंचित की परिभाषा क्या है क्या इसकी परिभाषा जाति हो सकती है यदि ऐसा है तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में सवर्ण समाज का स्सतित्व समाप्त हो जाएगा राना ने कहा कि विगत कई वर्षों से हमने सरकारों को जगाने का काम किया है आगे भी करते रहेंगे, आरक्षण और एससी एसटी एक्ट मुक्त समाज के साथ ही देश में समानता की बात की जा सकती है आखिरकार आरक्षण की जगह संरक्षण क्यों नहीं दिया जाता है।

जहाँ जाति नहीं बल्कि जरूरत मंद को हर सुविधा मुहैया कराई जाए पर प्रतिशत की छूट देकर देश के योग्यता की हत्या कम से कम आजादी के 76 वर्षों के बाद तो बंद होना चाहिए। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष पं,रावेन्द्र तिवारी एंव कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष पं,धनंजय वाजपेयी ने भी अपने विचार रखे।



## मजदूरों की जान बचाने व बहादुरी के काम के लिए अंशु मनीष हुए सम्मानित

### एनएचआईडीसीएल निदेशक अंशु मनीष खलको का जबलपुर में हुआ स्वागत

**जबलपुर,देशबन्धु।** उत्तराखण्ड की एक सुरंग में फंसे 41 मजदूरों का जीवन बचाने वालों की टीम में अहम भूमिका अदा करने वाले एनएचआईडीसीएल निदेशक अंशु मनीष खलको व बेटी मन्नत खलको का जबलपुर आगमन हुआ। जिनके आगमन पर थैलेसीमिया जन जागरण समिति व जबलपुर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने उनका स्वागत होटल सत्य अशोका में किया और देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। अंशु मनीष खलको ने शिक्षा और दीक्षा जबलपुर में ही अर्जित की है और वह यहां पर कुछ वर्षों तक प्रशासनिक पद रहकर अपनी सेवाएं दी हैं।

इस दौरान एनएचआईडीसीएल निदेशक अंशु मनीष खलको ने उत्तराखण्ड की सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए किए गए तमाम प्रयासों से अवगत कराया और किन-किन तरहों की चुनौतियों का सामना करना पड़ा और फिर मिशन सुरंग में फंसे मजदूरों का किस तरह से जीवन बचाकर सफलता अर्जित की, इससे सभी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि जरूर नहीं कि देश की सेवा के लिए आप किसी सरकारी नौकरी या फिर सेना में जाए, बल्कि देश के नागरिक के रूप में और अपने पेशे के माध्यम से भी आप पीड़ित मानवता की सेवा कर मातृभूमि के लिए परोपकारी कार्य कर सकते हैं, बस जरूरत होती है अंदर से कुछ कर दिखाने की। इस मौके पर थैलेसीमिया जन जागरण समिति के विकास शुक्ला, सरबजीत सिंह नारंग, नरेश ग्रोवर, अजय घोष, डॉ संजय असाटी, आशीष विश्वकर्मा, विकास खण्डेलवाल, राहुल तिवारी, कपिल थडानी, अतुल केवट, दिव्यांशु विश्वकर्मा, डॉ सरिता साहू, रूपाली सिंघई, शिवांजली, विशाली जैन, सोनिया बडकुल, सुखद नारंग, ज्ञान मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## अरुण सिंह से मिले डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह से युवा आर्थिक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के ई.सी. मैम्बर एवं मध्यप्रदेश प्रभारी डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा ने भेंट की, साथ ही डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा लिखित शोध पुस्तक का संकलन भेंट किया गया। उक्त अवसर पर डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य की सराहना की गई एवं बधाई दी गई।

## अवैध शराब की तस्करी मे लिप्त 1 आरोपी गिरफ्तार, 60 लीटर कच्ची शराब जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी बेलबाग प्रवीण कुमार कुम्हरे ने बताया कि देर रात विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि गुरंदी बजार शौचालय के पास एक व्यक्ति 4 डिब्बो मे शराब बेचने के लिये रखा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई गुरंदी बजार शौचालय के पास मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति प्लास्टिक के 4 डिब्बे रखे दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम आशीष ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम लोहकरी थाना बरेला बताया जिसके कब्जे में रखे प्लास्टिक के चारों डिब्बों को चैक करने पर लगभग 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदनमहल अनिल कुमार मिश्रा उम्र 48 वर्ष निवासी वायपेयी का बाड़ा राईट टाउन बताया कि उसका लड़का राज मिश्रा उम्र 19 वर्ष गत दिवस अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था, रात लगभग 11:50 बजे बेटे के कमरे में जाकर रात हो गयी है, सो जाओ कहकर अपने कमरे में जाकर सो गया, सुवह लगभग 5 बजे उठकर देखा तो घर के सामने कनेर के पेड़ में उसका बेटा राज मिश्रा साड़ी की एक छोर कनेर के पेड़ में गले में फांसी का फंद्दा लगाकर मृत अवस्था में लटका था।

## केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

**जबलपुर,देशबन्धु।** गुरु गोविंद सिंह खालसा उत्तर माध्यमिक विद्यालय विज्ञान भारती और एन सी ईआर टी के तत्वाधान में विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023 के राज्य स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया, कैंप में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी जबलपुर के दो छात्रों अरिंजय गौतम और अजिंक्य गौतम ने प्राचार्य श्री वाय के सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रतिभाग किया, अरिंजय गौतम ने अपने वर्ग (कक्षा सातवीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अरिंजय को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं ? 3000 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, अरिंजय राष्ट्रीय स्तर पर महाकौशल प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे, वहीं दूसरे विद्यार्थी अजिंक्य गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, अजिंक्य को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा ? 2000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## जुए के फड़ों पर छापा, 14 जुआडी गिरफ्तार, 4430 रूपये जप्त


**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर में को मुखबिर से सूचना मिली कि रद्दी चौकी शिवमंदिर के पीछे कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमश: दीपक चक्रवर्ती निवासी पन्नी मोहल्ला सुहागी अधारताल, अभिषेक चौधरी निवासी रद्दी चौकी शिव मंदिर के पीछे, विशाल चौधरी निवासी रद्दी चौकी शिव मंदिर के पास गोहलपुर बताये जुआरियों के पास से ताश के 52 पत्ते एवं नगद 2 हजार 400 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

वहीं थाना लार्डगंज पुलिस ने एमएच अस्पताल के पास दबिश देते हुये प्रदीप सोंधिया एवं अन्य 2 को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा, जुआरियों के पास से ताश के 52 पत्ते एवं नगद 830 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी तरह थाना ग्वारीघाट पुलिस ने गली न. 5 एवं संजय नगर में दबिश देते हुये नवल चौधरी एवं सुरेन्द्र चौधरी तथा अन्य 6 को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा, जुआरियों के पास से ताश के 52-52 पत्ते एवं नगद 1600 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपर,देशबन्धु।** दिव्यांग बच्चों ने दिखाया अपना सामर्थ्य जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चों का खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन रानीताल खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ. कार्यक्रम में रंगोली , मेहंदी , चित्रकला , कुर्सी दौड़, दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.दिव्यांग बच्चों ने बड़े उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में सहभागिता की. प्रतियोगिता आरएस



ठाकुर सहायक संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग , डीपीसी योगेश शर्मा जिला शिक्षा केंद्र एवं डॉ रामनरेश पटेल नोडल अधिकारी एपीसी प्रेम नारायण तिवारी के आतिथ्य में संपन्न हुई.कार्यक्रम में एपीसी तरुणराज दुबे , बीआरसी डीसी अहिरवार, आशीष श्रीवास्तव सुरेंद्र जैन बीएसी अजय रजक ,चंद्रभान शिल्पकार सहित समस्त एमआरसी उपस्थित रहे. कुर्सी दौड़ में कार्तिक, मनीष गौड़ , अभिषेक कुमार ने क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया.मेहंदी प्रतियोगिता में फिजा नाज , पूनिया मरावी ,राधिका ने क्रमश:प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया. चित्रकला प्रतियोगिता में हर्ष, आरती यादव, मोहम्मद फैजान ने क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया .रंगोली प्रतियोगिता में आर्या लोधी, शिवानी पटेल , दीपाली गौड़ ने क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया. दौड़ प्रतियोगिता में निष्कर्ष चढ़ार, साहिल,अमर कोल,ने क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया. बालिका वर्ग में राधिका पुट्टे,दीपाली गौड,गीता लोधी ने क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया.कार्यक्रम का संचालन अजय रजक ने किया।

## सूने मकान में चोरो का धावा कीमती आभूषणों की चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु। विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदात की घटना हुई। इसमें सूने मकान चोरो ने धावा बोल दिया और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिये।**

थाना संजीवनीनगर में तेजलाल डेहरिया उम्र 64 वर्ष निवासी एलआईजी 36 धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सहायक यंत्री पद से रिटायर है, गत दिवस उसकी पत्नी की तबियत अचानक खराब होने से सभी लोग जबलपुर अस्पताल इलाज हेतु लेकर गये जहां पत्नी को भर्ती कराये थे हम लोग भी वहीं रूके थे, पुरानी मेडिकल रिपोर्ट लेने घर आया और रिपोर्ट लेकर घर का ताला लगाकर पुन: वापस अस्पताल चला गया था छुट्टी होने पर अपनी रिश्तेदारी में सिविल लाईन चले गये थे, गत शाम लगभग 6-30 बजे घर वापस आया मेन गेट का ताला लगा था घर के दरवाजे का ताला नहीं दिखा दरवाजा खुला था अंदर जाकर देखा पूजा वाले कमरे में सामान बिखरा पड़ा था आलमारी के पल्ले खुले थे लाकर खुला था साईड वाला दरवाजा भी खुला था उसने एवं उसकी पत्नी ने सामान चैक किया तो आलमारी के लाकर मे रखा सोने का लम्बा वाला मंगलसूत्र जिसमें पेंडल लगा था, 1 अंगूठी, 3 लेडिज अंगूठी एवं चांदी के 17 सिक्के, तथा 40 हजार रूपये गायब थे कोई



अज्ञात चोर नगदी सहित लगभग 2 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

वहीं संजीवनीनगर में सोमवार को शशिकांत श्रीवास्तव उम्र 55 वर्ष निवासी सदानंद सोसायटी साई फर्नीचर के सामने गंगानगर ने बताया कि सुवह लगभग 9 बजे अपने परिवार के साथ अपने घर का ताला लगाकर उसके पड़ौसी सतीश निगम को बताकर ग्वारीघाट वैशाली परिसर शादी के कार्यक्रम में गया था। सोमवार सुवह लगभग 9 बजे घर वापस आये तो घर के सामने का ताला टूटा था घर के अंदर जाकर देखा तो आलमारी का ताला टूटा था आलमारी के अंदर का लॉकर भी टूटा था लॉकर के अंदर रखा सोने का गले का सेट, 2 अंगूठी, 1 चैन एवं नगदी रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर जेवर एवं नगदी रूपये चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आपसी विवाद में मारपीट की घटनाएं हुई। इस दौरान आरोपियों ने नुकीली चीज से हमला कर पीड़ित को घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत मामले को जांच में लिया।

थाना रांझी में छोटे पाल उम्र 35 वर्ष निवासी शारदा नगर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आटो चलाता है उसका बड़ा भाई बबलू पाल आये दिन गाली गलौज करता है, बड़ा भाई बबलू पाल उसके घर के पास उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालिया देने से मना किया तो बबलू पाल ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर वायें पैर की जांघ में चोट पहुँचा दी उसकी पत्नी एवं भाभी ने बीच बचाव किया तो बबलू पाल जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। मामले को जांच में लिया है।

वहीं थाना संजीवनीनगर में दिनेश चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी शांतिनगर धनवंतरीनगर ने बताया कि ड्रायवरी करता है, बीती रात जब वह अपने भतीजे आशीष अहिरवार को आटो मे बैठाकर अपनी पत्नी कोशल्या चौधरी को धनवंतरीनगर चौराहा लेने जा रहा था नाला के ऊपर वीरू के टपरा के पास 3-4 लड़के खड़े थे उनके साथ छुद्दू बर्मन भी खड़ा था। उसने उन लोगों से आटो निकालने के लिये साईड में होने के लिये कहा इसी बात पर छुटटू बर्मन गाली गलोज करते हुये बोला कि इधर से आटो नहीं जायेगा इधर जब हम लोग खड़े हैं तो वह अपना आटो पीछे करने लगा तभी छुद्दू बर्मन ने आकर उसके भतीजे को गाल में 2 चांटे मार दिया , उसने मना किया तो छुद्दू बर्मन ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर उसके पेट में चोट पहुँचा दी उसका भांजा संदीप चौधरी बीच बचाव करने आया तो संदीप के साथ भी छुद्दू बर्मन ने हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दिया।

पुलिस ने एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

इधर थाना गोरखपुर में शाम मारपीट में घायल के उपचार हेतु मेडिकल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को प्रथलेश दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी विजयनगर रामपुर छापर बोलने की हालत में नहीं था, प्रथलेश दुबे के भाई प्रदीप दुबे उम्र 42 वर्ष निवासी विजयनगर रामपुर छापर ने बताया कि उसका छोटा भाई प्रथलेश दुबे रामपुर छापर में मोटर सायकल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है, शाम लगभग 4-30 बजे वह तथा प्रथलेश दुबे दोनों दुकान पर थे उसी समय रामपुर छापर निवासी अमन जैन दुकान में आकर अपनी मोटर सायकल उठाकर ले जाने लगा उसके छोटे भाई प्रथलेश ने पैसे मांगे तो बोला कि काहे के पैसे और गाली गलौज करने लगा, प्रथलेश दुबे ने गालियां देने से मना किया तो अमन जैन ने अपनी पेंट की जेब से चाईना मेड चाकू निकालकर चाकू से हमलाकर भाई प्रथलेश दुबे के हाथ कंधे में चोट पहुँचा दी चाकू प्रथलेश के कंधे में घुसा रह गया, वह बचाने गया तो अमन जैन जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## राष्ट्रीय स्तर की ब्रिज चैंपियनशिप

**जबलहपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर में 3 से 9 जनवरी 2024 तक 65 वीं विंटर नेशनल ब्रिज चैंपियनशिप, ब्रिज फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में, जबलपुर डिस्ट्रिक्ट ब्रिज एसोसिएशन द्वारा पसरीचा बेंक्वे एवं लान्स में आयोजित की जा रही है जिसमें सम्पूर्ण देश से लगभग 80 टीमों के 400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावनाएं हैं। जेडीबीए अध्यक्ष मधुसूदन दुबे ने बताया कि *एशियन गेम्स 2023 में सिल्वर मेडल जीतने वाली टीम, जूनियर वर्ल्ड यूथ ब्रिज चैंपियनशिप जीतने वाली टीम, विश्व की नं 1 प्रतियोगिता एच. सी. एल. जीतने वाली फोर्मिडेबल्स (श्रीमती किरण नाडार की टीम), मुंबई की मार्वेरिक्स, फोनिक्स मिल्स, धामपुर शुगर मिल्स, इंडियन रेलवे, श्री सीमेंट एवं अन्य अनेक भारत की एक्सपर्ट टीमों* ने अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया है।

जेडीबीए सचिव पीयूष कान्त अग्रवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट में *5 तरह की प्रतियोगिताएं होंगी, रूईया गोल्ड डुप्लीकेट, रूईया सिल्वर डुप्लीकेट, वी जी केनी मैमोरियल आई एम पी पेयर, सीमेंट गोल्ड मैच पाइंट पेयर एवं अशोक रूईया सीनियर, संरक्षक डॉ अनुपम राय एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र सचदेवा जी के कुशल मार्गदर्शन में एसोसिएशन के सभी सदस्य चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु जोर शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए बी एफ आई सेक्रेटरी सी एम कुलकर्णी, बैंगलुरू एवं टेक्निकल एडवाइजर श्रीनिवास आयंगर, अहमदाबाद का सहयोग अत्यंत सराहनीय है।

## कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ आगामी आदेश तक कार्रवाई पर रोक

### एक ही मामले को लेकर पांच राज्यों में दर्ज की गई थी एफआईआर

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को राहत मिली है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सरकार को आगामी आदेश तक दर्ज एफआईआर पर किसी प्रकार की कार्रवाई न किये जाने के निर्देश दिये है। दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुरू गोलवलकर के विचारों को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। जिस पर पांच राज्यों में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

उल्लेखनीय है कि दिग्विजय सिंह ने गुरू गोलवलकर के विचारों को लेकर अपने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट की थी। जिसके संबंध में उनके विरुद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों ने भारतीय दंड संहिता की धारा 15ए, 469, 505 सहित अन्य गैर जमानती धाराओं में पुलिस शिकायत की गई थी। पुलिस थाना तुकोगंज, इंदौर में दर्ज पहली शिकायत को छोड़कर अन्य सभी शिकायतों को दिग्विजय सिंह की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। मामले में दिग्विजय सिंह की ओर से कहा




गया कि एक ही कृत्य के लिए दो या अधिक एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती। इसके बावजूद सरकार द्वारा उनके पक्षकार के विरुद्ध दुर्भावनापूर्वक कार्यवाही की गई है। बहस के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत प्रस्तुत करते हुए हाईकोर्ट से दिग्विजय सिंह को अंतरिम राहत दिए जाने की प्रार्थना की गई। मामले में शासन की ओर से जवाब पेश करने समय की राहत चाही गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालयने आगामी आदेश तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी। दिग्विजय सिंह की ओर से अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल ने पक्ष रखा।

## तेंदुए की खाल तस्करी करने वाले दो को तीन-तीन साल की सजा

### अदालत ने दोनों पर दस-दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनमोहन सिंह कौरव की अदालत ने तेंदुए की खाल तस्करी करने वाले दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी रतन सिंह व भोला सिंह को तीन-तीन साल के कठोर कारावास व दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 4 जून 2011 को मदनमहल पुलिस को फोन पर सूचना मिली थी। जिसमें बताया गया था कि राईट टाउन स्टेडियम के पास दो व्यक्ति तेंदुए की खाल लेकर बेचने के लिये व्यापारी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने आरोपी भोला सिंह व रतन सिंह को पकड़ा। जिनके पास से मिली सफेद रंग की बोरी से पुलिस ने तेदुए की खाल बरामद की। मदनमहल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। सुनवाई पश्चात् अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं कल्पना मुवेल ने पक्ष रखा।

# रामपुर से गांधीग्राम तक हाईवे पर धूल के गुबार, लोगों की परेशानी बढ़ी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर-कटनी हाईवे फोरलेन सड़क पर गांधीग्राम से आगे रामपुर से धमधा तक लगभग 2 किलोमीटर के रास्ते मे सड़क किनारे ब्लूडस्ट, आयरन ओर, मैगनीज,लेटराइट,मुरम आदि का दिनरात उत्खनन होने के बाद प्रतिदिन व रात्रि के समय हाइवे के रास्ते सैकड़ों डम्फर,हाइवा,दस चक्का,ट्राला आदि में परिवहन भी होता है।अत्याधिक खनिज भारवाहक वाहनों के दबाव के कारण हाईवे सड़क की पटरी पर बिछी हुई मुरम मिट्टी धूल की गर्द में तब्दील हो गई है, साथ ही गीली ब्लूडस्ट, लेटराइट आदि वाहनों से सड़क पर गिरते हुए जाती है जो सड़क पर ही चिपक जाती है,महीनों बीत जाने के बाद भी हाईवे पर उड़ रही धूल को लेकर प्रशासन बेसुध है।राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर कटनी फोरलेन सड़क मार्ग पर गाँधीग्राम बाईपास से रामपुर ग्राम से नर्सरी के सामने सड़क की पटरी पर ,धमधा तक हाईवे सड़क के दोनों ओर में सड़क की पटरी पर सड़क पर मिट्टी व धूल की गर्द फैली हुई है। वाहनों के निकलने पर धूल की गर्द उड़ कर हवा में फैल जाती है जिसे हाईवे पर अंधेरा छा जाता है इन जिससे ना केवल वाहन चालकों अपितु राहगीरों के लिए बहुत बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है।

**पटरी व आधी सड़क धूल की गर्द से कवर**- नियमित रूप से ब्लू डस्ट,मेगनीज,मुरम आदि के परिवहन होने से मिट्टी व मुरम फोरलेन सड़क की पटरी व आधी सड़क धूल की गर्द से आच्छादित हो चुकी है।रात्रि के समय तो हाइवे की धूल की वजह से हाईवे पर अंधेरा छा जाता है। *सड़क पर गर्द की वजह से नही दिखते वाहन- मुरम और मिट्टी की गर्द फैली होने व वाहनों के निकलने से हवा में गर्द उड़ने की वजह से सामने के वाहन नहीं दिखते है।



## दोपहिया वाहन चालकों व राहगीरों का घुट रहा दम

इसी प्रकार सड़क पर खड़े होकर राहगीर दोनों और वाहनों का इंतजार करते हैं किंतु अत्यधिक मात्रा में धूल उड़ने से उनका दम घुटने लगता है। दो पहिया वाहन चालकों व राहगीरों को धूल की वजह से बहुत अधिक परेशानी हो रही है राहगीरों का खड़े होना या निकलना भी बहुत मुश्किल हो गया है।रात्रि में यह परेशानी दुगनी हो जाती है।

**प्रशासन व अधिकारियों को नही है परवाह**- प्रशासन की गाड़ियां व अधिकारियों का इसी मार्ग से प्रतिदिन आना जाना होता है किंतु उनके द्वारा इस संबंध में कार्यवाही नहीं किया जाना बड़े ही हश्र का का विषय है। ग्राम वासियों की मांग है कि हाईवे के उक्त स्थान से धूल को तुरंत हटवाया जावे जिससे राहगीरों व वाहन चालकों की परेशानियां दूर हो सके वा अनचाहे दुर्घटनाएं घटित ना हो सके।

# दिनभर चली शीतलहर, ठंड के सामने धूप भी दिखी लाचार

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वर्तमान में धूप निकलने के बाद भी चल रही शीतलहर व हाड़ कपाऊ वाली ठंड से सोमवार को लोग काँप उठे।धूप निकलने पर ही लोगों की हिम्मत घर से बाहर निकलने की हो सकी। मौसम का मिजाज दिनों-दिन ठंडा होता जा रहा है। आसमान में बादलों की दस्तक व सर्द हवा से ठंड में इजाफा होता जा रहा है।रात में आसमान से बरसी बर्फीली ठंड व सुबह की शीतलहर से बढ़ी ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।

सुबह धूप निकलने के बाद दिन में ठंड से हल्की राहत जरूर मिली परन्तु शाम ढलते ही ठंड से लोग ठिठुर गए। गलाव वाली शीतलहर से बढ़ी ठंड के सामने खिली धूप लाचार नजर आई। ठंड से राहत पाने को लोग धूप में बैठे रहे। लेकिन शीतलहर से लोग जमकर ठिठुरते रहे। वर्तमान में पड़ रही गलाव वाली शीतलहर से लोग कांपने को विवश हैं। पिछले दिनों ठंड की गति काफी मंद था लेकिन अब शीतलहर के साथ सर्दी ने रफ्तार पकड़ लिया है। शीतलहर के कारण सुबह घर से बाहर निकलने वाले स्टैंडों पर काम के लिए जाने लोगों, अपडाउनर्स को व रेलवे स्टेशनों पर पहुंचे यात्रियों को कड़ाके की ठंड की वजह से परेशानियां झेलनी पड़ रही है। तिराहों-चौराहों पर खड़े लोग भी चाय की भट्टियों से चिपके रहे। शीतलहर से बढ़ी ठंड के चलते शाम ढलते ही बाजारों में सन्नाटा पसरने लग जा रहा है।



## बर्फीली ठंड से घरों में दुबके लोग

दिन भर सर्द हवा चलने से ठंड का सितम बढ़ता जा रहा है। सर्दी के मौसम में बाजारों में चाय-काफी, व चाट की बिक्री बढ़ गई है। रेलवे स्टेशनों पर ठंड के बीच ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्री चाय का सहारा लेते हुए ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं।

**नहीं है अलाव की व्यवस्था**- गांधीग्राम से जुड़े हुए आसपास के 10 से 15 गांव के लोग गांधीग्राम आकार नियमित रूप से जबलपुर की यात्रा करते हैं।इनमें मुख्य रूप से कर्मचारी, अप डाउनर्स, पान कृषक, आदि जब यह सुबह के वक्त गांधीग्राम आते हैं तो यहां पर कूड़ा कंजई तिराहा,बस स्टैंड आदि में अलाव की व्यवस्था नहीं रहती। लोग ठंड में ठिठुरते रहते हैं।लोगों का ग्राम पंचायत से निवेदन है कि ठंड के मिजाज को देखते हुये अलाव की व्यवस्था की जाए।

## सार-समाचार

### दादा ठन-ठन पाल जी पर प्रवचन

**बरेला, देशबन्धु।** ग्राम लहंगी में नर्मदा खंड के सिद्ध संत परमहंस अनंत श्री दादा ठन ठन पाल जी महाराज जमुनिया वालों का सत्संग सत्य कथा पर प्रवचन हुए गांव के राम मंदिर मैं सर्वप्रथम भगवान श्री राम, हनुमान जी, शंकर जी का पूजन अर्चन किया गया।दादा भक्त समर सिंह पटेल ने श्री दादा जी की चमत्कारी लीलाएं सत्य कथा पर आधारित प्रवचन प्रारंभ किया (श्री दादाजी का प्रथम आगमन 1932 में हुआ नारायणगंज के जंगल से बैल गाड़ी में आए थे। बैरागी गांव में तेज बारिश और गिरे ओले गिरे थे। दादाजी मैदान पर बैठे थे। भक्तों ने जाकर देखा दादा जी के चारों तरफ एक बूंद पानी ना ही ओले गिरे थे। इस प्रकार अनेक चमत्कारी लीलाओं का वर्णन किया गया। इस अवसर पर समिति के कृष्ण कुमार, राम रतन, मानक लाल लोधी, ईश्वरी प्रसाद, रामदास पटेल, कैलाश केसरवानी, राजेश सोनी गड्डू, दुलीचंद साहू, एवं भारी तादात में भक्त उपस्थित रहे!। श्री दादाजी की आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में आरती भूमिया ने प्रस्तुत की 'मेरी कहानी मेरी जुबानी'




**गांधीग्राम, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम गांधीग्राम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत में आदिवासी वार्ड निवासी आरती भूमिया ने कहा कि में आंगनबाड़ी केंद्र गांधीग्राम चार से हूं। हमारी शादी 2017 में हुई। हम एक गरीब परिवार से हैं। जैसे ही मैं पहली बार गर्भवती हुई, वैसे ही आंगनबाड़ी से मुझे आंगनबाड़ी की दीदी घर पर मिलने आई

और उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में बताया। मुझसे कागज लिए और फॉर्म भर के सिहोरा में जमा करके आईं। मुझे गर्भावस्था में 3000 रुपए मिले, जिससे कि में अपनी गर्भावस्था में उन पैसों में अपने खान-पान पर ध्यान दिया जो मेरे परिवार से मुझे नहीं मिलता। अगर मेरा स्वस्थ बच्चा पैदा हुआ और बच्चे को टीका लगने पर मुझे 2000 रुपए फिर मिले। उससे भी मैंने अपने खानपान का इंतजाम किया, जिससे कि मेरा बच्चा अच्छा है और हम हमेशा आंगनबाड़ी जाते हैं और हमारे बच्चों को पोषण आहार मिलता है। मेरी दूसरी लड़की हुई है और मुझे 6000 रुपए प्रधानमंत्री के द्वारा प्राप्त हो गए हैं, जिससे मैं अपनी बच्ची के भविष्य के लिए खर्च करूंगी।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने नृसिंह मंदिर के महंत गोविंद दास जी को भी निमंत्रण आया



**सिहोरा, देशबन्धु।** आयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए सम्पूर्ण भारत में साधू संतो को निमंत्रण भेजा जा रहा उसी के अंतर्गत महाकौशल प्रांत में लगभग 150 संतों को आमंत्रण भेजा गया है। लेकिन इस आयोजन में सिहोरा क्षेत्र की भी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रण भेजा गया है जो सिहोरा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने श्री नृसिंह मंदिर खितौला के महंत गोविंद दास जी महाराज को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, जिला कार्यवाह विनोद खत्री,जिला अध्यक्ष संत पटेल,जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा, जिला सेवा प्रमुख अमित कुशवाहा, सहदेव पटेल आदि ने सा सम्मान महाराज जी को निमंत्रण प्रदान किया एंव उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# खुले में मांस-मछली बेचने व लाउडस्पीकर बजाने को लेकर पाटन निकाय में हुई बैठक

**पाटन, देशबन्धु।** नगर परिषद पाटन के द्वारा नगर के धार्मिक स्थलों पर तेज ध्वनि में लाउड-स्पीकर एवं खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने संबंधी सरकार ने आदेश जारी किए थे। आदेश के परिपालन में नगर परिषद पाटन में बैठक आयोजित की गई जिसमें पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह राजपूत, निकाय सीएमओ नीलम गोवर्धन सिंह चौहान, पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य, निकाय अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रीमती शक्ति देव कुमार यादव सहित सभी धार्मिक कमेटी और नगर के वरिष्ठ लोगों और व्यापारियों की उपस्थिति में सीएम के प्रथम आदेश, धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउड- स्पीकर बजाने और खुले में मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने एवं आदेश के उलंघन करने पर जुर्माना लगाने की बात कही गई थी। आदेश का पालन कराने नगर के अण्डा, मांस, मछली विक्रय करने वाले दुकानदारों को बताया गया की खुले में विक्रय न करे एवं नगर के मुख्य मार्गो पर लगने वाली अण्डा एवं मांस, मछली की दुकानें एक स्थान पर हो इसके लिए स्थान का चयन भी किया गया इसके अलावा दुकानदारों ने बताया कि दो दिनों का समय दीजिए जिससे दुकान में रखा



सामान बिक जाए। वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति से सभी व्यापारियों को दो दिन का समय दिया गया। उक्त समय बीत जाने के दौरान यदि फिर भी नगर के मुख्य मार्गो पर खुले में मांस मछली अंडे का विक्रय किया जाता है तो उन पर सक्त कार्यवाही की जाएगी।

# कड़कड़ाती ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने से जरूरतमंद परेशान

**पाटन, देशबन्धु।** नगर में तीन-चार दिन से कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। नगर में सुबह चार बजे से चहल पहल शुरू हो जाती है। पाटन चौराहा, बस स्टेंड, सरकारी अस्पताल के सामने, सिद्धेश्वरी माता मंदिर के समीप अलाव की व्यवस्था बहुत जरूरी है लेकिन नगर परिषद के ज़िम्मेदार और नगर के जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है जबकि इस



कड़कड़ाती सर्दी में लोगों को अलाव की बहुत जरूरत हैं। यदि नगर परिषद के द्वारा इन सभी प्वाइंट में अलाव लगा दिए जाते है तो नगर के लोगों को इस कपकपाती ठंड से काफ़ी राहत मिलेगी। नागरिकों ने बताया की सुबह 4 बजे से नगर के बहुत सारे लोग मॉर्निंग वॉक पर जाते है वही अलाव की व्यवस्था न होने से उन्हें काफी प्रॉब्लम हो रही है। नगर परिषद के द्वारा यदि अलाव की व्यवस्था हो जाती हैं तो गरीब असहाय लोगो को भी ठंड से कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

इस संबंध में सीएमओ नगर परिषद पाटन नीलम गोवर्धन सिंह चौहान का कहना है कि करीब एक सप्ताह से निकाय क्षेत्र में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है और अलाव के लिए वन विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से बात की है जल्द ही नगर के जरूरी प्वाइंटो पर अलाव की व्यवस्था निकाय प्रशासन के द्वारा की जाएगी।

# महिला ने पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की

## एसपी कार्यालय के सामने आत्मदाह की कोशिश

**शहडोल, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने आज एक महिला ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। लेकिन वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की निगाह इस महिला पर पड़ गई और उन्होंने दौड़कर उसे आग लगाने से रोक लिया। बाद में महिला को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास ले जाया गया जहां महिला ने अपनी पूरी आपबीती अधिकारियों को बताई।

अपने ऊपर जलनशील पदार्थ डालने वाली गीता सिंह परिहार निवासी एसपी बंगला के पीछे का आरोप है कि अभिषेक मिश्रा नामक व्यक्ति ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। उसके पट्टे की जमीन उसे नहीं मिल पा रही है, जबकि इसके पहले भी उसने शिकायत की है। लगातार इस मामले को लेकर वह प्रशासन और पुलिस के पास जा रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मजबूर होकर उसे अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का निर्णय लेना पड़ा।



**आपसी लेन-देन का है विवाद**-वही इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आवेदिका गीता सिंह परिहार एवं अनावेदिका अभिषेक मिश्रा विगत 5-6 वर्षो से एक-दूसरे से परिचित हैं। आवेदिका पूर्व में अनावेदक के साथ काम करती थी। अब दोनों पक्षों के बीच जमीन एवं पैसों के लेन-देन संबंधी विवाद है। आवेदिका गीता सिंह परिहार ने अनावेदक अभिषेक मिश्रा से कुछ जमीन खरीदी थी। आवेदिका के अनुसार उस जमीन का कब्जा उसे नही मिला है, जबकि अनावेदक के अनुसार आवेदिका को कब्जे दिया जा चुका है और आवेदिका दूसरी जमीन को भी अपना बताकर कब्जा लेना चाहती है।

**पुलिस ने दिलाए थे 13 लाख रुपए**- दी गई जानकारी के अनुसार 21 जून 2023 को थाना कोतवाली में आवेदिका गीता सिंह परिहार एवं अनावेदक अभिषेक मिश्रा के मध्य आपसी राजीनामा हुआ था जिसके अंतर्गत अभिषेक मिश्रा द्वारा 13 लाख रूपये गीता सिंह परिहार को दिया गया था । उक्त पैसे भी पुलिस के हस्तक्षेप से ही आवेदिका को मिल पाए । पुनः दोनों के मध्य जमीन संबंधी विवाद होने पर दिनांक 12 सितंबर 2023 को तहसीलदार द्वारा पुलिस की उपस्थिति में आवेदिका के पट्टे के प्लाट के संबंध में सीमांकन की कार्यवाही की गई थी । आवेदिका गीता सिंह परिहार की रिपोर्ट पर अनावेदक अभिषेक मिश्रा के विरूद्ध महिला थाना शहडोल में धारा 294, 323, 506 भादवि कायम किया गया था।

## किसानों ने थाने पहुंचकर की शिकायत

# ट्रैक्टरों को अवैध रूप से गिरवी रखकर की गई ठगी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** ट्रैक्टर किराए पर लेकर एक-दो माह भुगतान करने के बाद उन्हें गिरवी रखने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। आसपास के पांच जिलों के किसानों ने गोटेगांव थाने में पहुंचकर स्थानीय कतिपय लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आवेदन दिया है। दावा किया जा रहा है कि करीब 200 ट्रैक्टरों को अवैध रूप से गिरवी रखकर ठगी की गई है। शनिवार शाम से देर रात तक जबलपुर, दमोह, सागर, सिवनी जिले से तीन दर्जन किसान गोटेगांव थाने पहुंचे। यहां उन्होंने अलग-अलग दीपेशपुरी गोस्वामी, दीपक पुरी गोटेगांव, सर्वेश पटेल, रोहित, राधेन्द्रपुरी खमरिया व देवेंद्र चक्रवर्ती बैलहाई गोटेगांव के विरुद्ध धोखाधड़ी की शिकायत की। इसमें बताया कि उक्त लोगों द्वारा उनसे ट्रैक्टर-ट्राली किराए पर लेकर मासिक किराया देने का अनुबंध किया। दो माह भुगतान देने के बाद तीसरे माह से ये कन्नी काटने लगे।

गोटेगांव आकर पता किया तो जानकारी लगी कि उनके ट्रैक्टरों को आरोपियों ने गिरवी रख दिया है। इस मामले में किसानों के आवेदन लिए जा रहे हैं। वहीं कुछ संदिग्धों को भी पकड़ा गया है। हालांकि ठगी के मामले में ट्रैक्टर ट्रालियों की संख्या बढ़ने की बात कही जा रही है। विवेचना के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# ट्रॉला ने मारा कट, बोलेरो डिवाइडर पार कर पलटी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर बेलगाम दौड़ रहे भारी वाहन छोटे वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। राजमार्ग चौराहा पर ट्रक की टक्कर से बोलेरो पलटने की घटना को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि रविवार की दोपहर फिर एक हादसा कोतवाली क्षेत्र में हुआ। जिसमें ट्राला ने कट मारा तो बोलेरो कार उछलते हुए डिवाइडर पार दूसरी ओर पलट गई, कार सवार. बाल-बचे। दोपहर में हुई घटना की शिकायत शाम तक कोतवाली में दर्ज नहीं हो सकी थी। घटना में बताया जाता है कि बोलेरो कार क्रमांक एमपी 49 टी 1158 करेली से नरसिंहपुर की ओर आ रही थी।

जिसके पीछे चले आ रहे एक ट्राला ने कार को कट मारा तो बोलेरो अनियंत्रित होकर उछली और डिवाइडर को पार कर नरसिंहपुर से करेली जाने वाली लाइन पर पलट गई। जैसे ही कार पलटी तो उसमें सवार 4 से इ लोग घबराए हुए बाहर निकले और काफी देर तक बदहवास जैसे रहे। वहीं हाइवे से निकल रहे वाहन चालकों, राहगीरों ने हादसे को देखा तो वह इस आशंका में रूक गए कि कोई बड़ी अनहोनी हो गई लेकिन जब कार सवार लोगों का सुरक्षित देखा तो राहत की सांस ली।

# लड़की को बेचने व दुष्कर्म करने पर कठोर कारावास

**शहडोल, देशबन्धु।** शादी एवं अच्छी नौकरी का प्रलोभन देकर लड़की को ले जाकर बेचने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को कोर्ट ने कठोर कारावास की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री संदीप कुमार सोनी (विशेष न्?यायालय पॉक?सो अधिनियम) जिला शहडोल ने आरोपी सचिन जाटव उम्र 23 वर्ष पिता राम सिंह जाटव निवासी ग्राम भगोनिया थाना परवलिया जिला सिहोर को भादवि0 की धारा 370 में सात वर्ष का कठोर कारावास, धारा 376(2)(एन) में दस वर्ष का कठोर कारावास एवं 1-1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया, अभियुक?त पूजा जाटव को धारा 366 भादवि में तीन वर्ष एवं धारा 370/34 भादवि में सात वर्ष एवं क्रमशः 500 तथा 1000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। रघुनाथ जाटव को धारा 366 भादवि में 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 का अर्थदंड तथा धारा 370 भादवि में 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। अन्य आरोपी शांती गुड्डा उर्फ काजल, देववती, गणेश को धारा 366 भादवि में तीन वर्ष का कठोर कारावास एवं 500-500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन अधिकारी की विशेष अनुरोध पर न्?यायालय द्वारा पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत प्रतिकर प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है। शासन की ओर से प्रकरण में श्रीमती सुषमा सिंह ठाकुर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी शहडोल द्वारा पैरवी की गई ।

संभागीय जनसंपर्क अधिकारी (अभियोजन) नवीन कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि फरियादिया 06 अगस्त 2020 को रिपोर्ट लिखाई कि एक वर्ष पूर्व अभियुक?त देववती सिंह, सीमा सिंह, गणेश सिंह एवं काजल उसके घर आकर बोले कि वह उनके साथ चले तो उसकी शादी अच?छे घर में करा देगें और नौकरी देगें मजे से रहेगी। कहकर ट्रेन से विदिशा ले गये और वहां पर रघुनाथ जाटव व उसकी पत्नी के घर ग्राम बंधिया पहुंचाकर वापस आ गये। अभियुक्त रघुनाथ जाटव एवं पूजा जाटव उसे अपने घर में रखकर ईटा-भट्ठा में मजदरी करवाते थे। उक्त दौरान भूरी जाटव नाम की एक महिला रघुनाथ के घर आती थी और कहती थी कि उसका देवर सचिन अच्छा है वह उससे शादी कर ले। एक दिन रघुनाथ जाटव ने सचिन जाटव से बीस हजार रूपये लेकर सचिन के साथ भेज दिया। सचिन जाटव उसके साथ लगातार बलात?कार करता था। एक दिन वह मौका पाकर किसी तरह भाग कर अपने घर आ गई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन आज पहुंचेंगे इजराइल

**तेल अवीव, ( आईएएनएस )।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की हालिया हाई-प्रोफाइल इजरायल यात्रा के बाद, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन सोमवार को यहां पहुंचेंगे। यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इजराइल और हमास के बीच भीषण युद्ध 73वें दिन में प्रवेश कर गया है, कई नागरिकों के हताहत होने के बाद गाजा में संघर्ष रोकने के लिए यहूदी राष्ट्र पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि ऑस्टिन लाल सागर में एक नए समुद्री सुरक्षा बल की घोषणा करेंगे, क्योंकि यमन में ईरान समर्थित हौथी मिलिशिया ने लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमला किया है और उनका अपहरण भी कर लिया है। रक्षा सचिव इज़राइल और हमास के बीच मध्यस्थता वार्ता के एक बड़े ढांचे के हिस्से के रूप में कतर का भी दौरा करेंगे। उनका बहरीन में रुकने का भी कार्यक्रम है।

# न्यूजीलैंड में महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप में भारतीय को सजा

**वेलिंगटन, ( आईएएनएस )।** न्यूजीलैंड के समुद्र तट पर अलग-अलग मौकों पर तीन महिलाओं के साथ सेल्फी लेने के बहाने उन पर हमला करने वाले 67 वर्षीय भारतीय नागरिक को सोमवार को पीड़ितों को तीन हजार न्यूजीलैंड डॉलर देने का आदेश दिया गया। समाचार वेबसाइट स्टफडॉटको-डॉटएनजेड की रिपोर्ट के अनुसार, जवाहर सिंह को पहले नेल्सन के ताहुनानुई समुद्र तट पर तीन घटनाओं से संबंधित, छेडडखानी के तीन आरोपों और अशोभनीय कृत्य के एक आरोप में दोषी ठहराया गया है ।

सोमवार को नेल्सन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जज जो रीली ने कहा कि सिंह ने खुद को और अपने बेटे को शर्मिंदा किया है, जिससे वह न्यूजीलैंड में मिलने गया था। वेबसाइट ने बताया,सिंह को दोषी ठहराया गया और उसे अपने तीन पीड़ितों में से प्रत्येक को भावनात्मक क्षति के मुआवजे के रूप में एक-एक हजार न्यूजीलैंड डॉलर का भुगतान करने की सजा सुनाई गई। स्टफ को उपलब्ध कराए गए तथ्यों के पुलिस सारांश के अनुसार, 28 सितंबर को एक महिला सुबह लगभग 9.15 बजे अपने कुत्ते को समुद्र तट पर घुमा रही थी। तभी सिंह उसके साथ एक तस्वीर लेने के बहाने उसके पास आया। वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, जब महिला ने सिंह की तस्वीर लेने के लिए उसका फोन उठाया, तो वह उसके बगल में चला गया, अपना हाथ उसके कंधों पर रख दिया और पीड़िता द्वारा चेतावनी दिए जाने के बावजूद अपना हाथ उसकी पीठ के करीब रख दिया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वह 30 सितंबर को सुबह 8.45 बजे समुद्र तट पर दूसरी पीड़िता के पास पहुंचा और उसके साथ सेल्फी लेने का अनुरोध किया। उसके साथ तस्वीर लेने के बाद सिंह ने पीड़िता की जांघ पकड़ ली और चुंबन के लिए कहने लगा। दूसरी पीड़िता सिंह से दूर जाने में कामयाब रही। सिंह ने 1 अक्टूबर को तीसरी पीड़िता को पकड़ लिया, जो समुद्र तट पर कचरा इकट्ठा कर रही थी। महिला ने सिंह को दूर धकेल दिया और कहा कि वह उसके चारों ओर एक हाथ रखकर एक सेल्फी ले सकता है। इसके बाद उसने पीड़िता की पीठ पर हाथ डालकर उसे चूमने की कोशिश की, तभी वह बचकर झाड़ियों में छिप गई। पूछताछ के दौरान, सिंह ने पुलिस को बताया कि वह समुद्र तट पर महिलाओं से मिला लेकिन उनसे बात नहीं की।

सज़ा सुनाते समय, न्यायाधीश रीली ने कहा कि महिलाएँ अलग-अलग स्तर पर प्रभावित हुईं और वे क्रोधित, परेशान और डरी हुई हैं। स्टफ ने रीली के हवाले से कहा, इसने समुदाय में उनकी सुरक्षा की भावना को काफी प्रभावित किया है। सिंह के वकील, टोनी बैमफोर्ड ने अदालत में एक पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें न्यूजीलैंड में एक पशु कल्याण संगठन में उनके द्वारा किए गए 190 घंटे के सामुदायिक कार्य की पुष्टि की गई। रीली ने कहा कि सिंह के बेटे ने भारत लौटने पर उनके लिए काउंसलिंग की व्यवस्था की है, और उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पिता के लिए न्यूजीलैंड में रहना अब उचित नहीं है। सिंह, जो मंगलवार को भारत के लिए रवाना होने वाले हैं, को उनके पश्चाताप, उनके शीघ्र दोषी स्वीकारोक्ति के लिए श्रेय दिया गया। न्यायाधीश ने स्वीकार किया कि तीनों पीड़ितों में से प्रत्येक को माफी के सावधानीपूर्वक लिखे गए पत्र पढ़ने के बाद उन्हें पछतावा हुआ।

## डेलावेयर अभियान मुख्यालय के बाहर बाइडेन के काफिले में घुसी कार

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** व्हाइट हाउस की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक कार ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के काफिले में शामिल खड़ी एसयूवी को उस समय टक्कर मार दी जब वह डेलावेयर प्रांत में अपने अभियान मुख्यालय से निकल रहे थे।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की में कहा गया है कि राष्ट्रपति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति और प्रथम महिला जिल बाइडेन रविवार रात लगभग आठ बजे डेलावेयर के डाउनटाउन विलमिंगटन में 2024 के पुन: चुनाव अभियान मुख्यालय से निकले। प्रथम महिला ने कर्मचारियों को हैप्पी छुट्टियां कहते हुए सबसे पहले वाहन में प्रवेश किया। इसके बाद राष्ट्रपति बाहर निकले लेकिन उनका निकास एक कार द्वारा बाधित हो गया जिसने एक काफिले में एक एसयूवी को टक्कर मार दी।

रिपोर्ट में कहा गया है, डेलावेयर प्लेटों वाली एक सिल्वर कॉपर रंग की सेडान ने अभियान मुख्यालय के प्रवेश द्वार के सामने चौराहे पर काफिले की रक्षा कर रही एक एसयूवी को टक्कर मार दी। इसमें कहा गया, एक जोरदार धमाका हुआ और आश्चर्यचकित भाव के साथ राष्ट्रपति वाहन के बाहर खड़े थे। इसमें कहा गया है कि एजेंट तुरंत हरकत में आ गए, उन्होंने कार को घेर लिया और ड्राइवर पर हथियार तान दिए, जिसने अपने हाथ ऊपर कर लिए थे। गर्मियों के दौरान कर्मचारियों द्वारा विलमिंगटन कार्यालय से बाहर काम करना शुरू करने के बाद बाइडेन दम्पति की अभियान मुख्यालय की पहली यात्रा है।

## आज का इतिहास

1842–अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी।
1919–भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का जन्म।
1927–महान स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला ख़ां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।
1934–भारत की पहली और अब तक की इकलौती महिला राष्टपति प्रतिभा पाटील का जन्म।
1937–भारत के भूतपूर्व 32वें मुख्य न्यायाधीश जी. बी. पटनायक का जन्म।
1941–जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली और जर्मन सेना का कमांडर इन चीफ बना।
1961–गोवा को पुर्तग़ाल की गुलामी से आजादी मिली। ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सैनिकों ने गोवा, दमन और दीव को पुर्तग़ाल से मुक्त कराया।
1974–ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग का जन्म।
1984–भोपाल गैस शताव्दी में 2500 लोगों की मौत।
1997–इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक टाइटैनिक रिलीज हुई। फिल्म में लियोनार्डो डि कैप्रियो और केट विंसलेट मुख्य भूमिका में थे।

## आम चुनाव से पहले सेना तैनात करेगा बांग्लादेश

**ढाका, (आईएएनएस)।** लगातार तनाव के बीच, बांग्लादेश में 7 जनवरी 2024 को होने वाले आम चुनावों से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना के जवानों को पूरे देश में तैनात किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेशी चुनाव आयोग के सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को आगामी आम चुनाव के दौरान सेना की तैनाती को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। जहांगीर आलम ने कहा कि सेना के जवान किसी भी आकस्मिक स्थिति में कड़ी प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहेंगे। यह निर्णय रविवार को राष्टपति और मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के बीच एक बैठक में लिया गया। इससे पहले, आयोग ने बढ़ते राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण चुनावों की तैयारी के लिए 29 दिसंबर से 13 दिनों के लिए देश भर में सैनिकों को तैनात करने की अपनी योजना की घोषणा की थी। अक्टूबर के अंत से, देश की विपक्षी पार्टियों ने सत्तारूढ़ बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) पार्टी सरकार पर सत्ता छोड़ने और गैर-पक्षपातपूर्ण प्रशासन के तहत अगला चुनाव कराने के लिए दबाव बनाने के लिए 11वें चरण में नाकेबंदी की है। कथित तौर पर विपक्षी आंदोलन के कारण वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी हुई है। अक्टूबर के अंत से लगभग हर दिन ढाका और दक्षिण एशियाई देश में अन्य जगहों पर पुलिस और श्रमिकों के बीच घातक झड़पें हुई हैं। इस बीच, 12वें राष्ट्रीय चुनाव से उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई। प्रधानमंत्री शेख हसीना की एएल और उसकी प्रमुख सहयोगी जातीय पार्टी और स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे लोगों सहित 28 राजनीतिक दलों के 2,260 उम्मीदवारों को मंजूरी दी गई। सत्तारूढ़ आवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर ने रविवार को कहा कि वह जातीय पार्टी और अन्य गठबंधन सहयोगियों के साथ कुछ सीटें साझा करेंगे और ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के उम्मीदवारों को वापस ले लेंगे।

## फ़िलिस्तीन, अमेरिका ने इज़रायल द्वारा रखे गए पीए फंड के समाधान के लिए समझौता किया

**रामल्ला, (आईएएनएस)।** फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) ने इजरायल द्वारा रोके गए फिलिस्तीनी फंड के मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिका के साथ एक समझौता किया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने बताया कि समझौता एक ऐसी प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करता है जिसमें इजरायली सरकार पट्टी में पीए के कर्मचारियों की सूची की जांच करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसमें कोई हमास सदस्य शामिल नहीं है। इस समझौते का प्रस्ताव अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की ओर से आया था, जिन्होंने हाल ही में रामल्ला में फिलिस्तीनी राष्टपति महमूद अब्बास से मुलाकात की थी। समझौते के तहत, इजरायल सरकार से इजरायल और फिलिस्तीन मुक्ति संगठन के बीच आर्थिक समझौते के अनुसार तीन प्रतिशत कमीशन के बदले में इजरायली क्रॉसिंग के माध्यम से फिलिस्तीनी वस्तुओं पर कर राजस्व हस्तांतरित करने की उम्मीद है। पहले, इजरायली सरकार ने दावा किया था कि पीए गाजा में हमास के अधिकारियों को वित्त पोषण कर रहा है। इस दावे की आड़ में वह क्षेत्र के लिए निर्दिष्ट धन में कटौती कर रहा है।

# गाजा में चार और इजरायली सैनिक मारे गए



**तेल अवीव, ( आईएएनएस ) ।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार को गाजा में चार और सैनिकों के मारे जाने की घोषणा की। इससे मौजूदा जमीनी हमले में मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 126 हो गई है।

सेना के अनुसार, सार्जेंट प्रथम श्रेणी के उरीजा बायर (20), उत्तरी शहर मालोट-तारशिहादीद के मैगलन यूनिट के एक कमांडो, ने 14 दिसंबर को दक्षिणी गाजा में युद्ध के दौरान लगी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। इस बीच सार्जेंट प्रथम श्रेणी लियाव अलौश (21) और मास्टर सार्जेंट (रेस.) डुवदेवन इकाई से एतान नाएह (26) और मास्टर सार्जेंट. (रेस.) कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की याहलोम यूनिट के ताल फ़िलिबा (23), रविवार को दक्षिणी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। आईडीएफ ने यह भी कहा कि भीषण लड़ाई में कुछ सैनिक घायल हो गए, इनमें डुवदेवन यूनिट का एक सैनिक भी शामिल है। आतंकवादी समूह द्वारा 7 अक्टूबर को यहूदी राष्ट्र के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शुरू करने के 20 दिन बाद -इज़राइल ने 27 अक्टूबर को हमास-नियंत्रित क्षेत्र में अपना जमीनी आक्रमण शुरू किया है।

# क़तर ने हमास-इज़राइल बंधक सौदे पर नए प्रस्ताव किए पेश

**गाजा, ( आईएएनएस )।** कतर ने भीषण युद्ध के बीच गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए इजरायल और हमास के बीच बंधक समझौते को फिर से शुरू करने के लिए नए प्रस्ताव पेश किए हैं। एक फिलिस्तीनी सूत्र ने यह जानकारी दी।

सूत्र ने रविवार को शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि एक उच्च स्तरीय कतरी प्रतिनिधिमंडल 16 दिसंबर से नॉर्वे में आयोजित अघोषित बैठकों में इजरायली अधिकारियों के साथ प्रस्तावों पर चर्चा कर रहा है, यह देखते हुए कि वार्ता खोजपूर्ण थी। सूत्र ने कहा, मिस्र के साथ समन्वय में, कतर गाजा में मानवीय युद्धविराम के लिए नई समझ तक पहुंचने के लिए इजरायल और हमास के बीच अदला-बदली समझौते को पुनर्जीवित करना चाहता है। सूत्र ने बताया कि चर्चा में गाजा में कई दिनों के मानवीय संघर्ष विराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए शेष इजरायली बंधकों को रिहा करने के साथ-साथ इजरायल से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर भी चर्चा हुई। सूत्र के अनुसार, कतर इजरायली जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कई फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में तीन वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों को रिहा करने की मांग कर रहा है। कतर के नए कूटनीतिक प्रयास हमास द्वारा पकड़े गए तीन इजरायली सैनिकों के गाजा में इजरायली सेना द्वारा दुर्घटनावश मारे जाने के बाद आए। इस अभूतपूर्व घटना ने इजरायलियों के बीच विवाद को जन्म दिया और शेष 129 बंधकों को रिहा करने के लिए इजरायली सरकार पर दबाव तेज हो गया। इस बीच, युद्धग्रस्त इलाके के वास्तविक शासक हमास ने इजराइल के साथ किसी भी नई बातचीत में शामिल होने से इनकार कर दिया, जब तक कि इजराइल गाजा पर अपना आक्रमण समाप्त नहीं कर देता। शिन्हुआ को भेजे गए एक बयान में, आतंकवादी समूह ने कहा कि हमने सभी मध्यस्थों को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है कि जब तक गाजा में इजरायली आक्रामकता बंद नहीं हो जाती, हम किसी भी प्रस्ताव पर अपना दिमाग नहीं खोलेंगे।

कतर और मिस्र ने पिछले महीने के अंत में सात दिवसीय मानवीय संघर्ष विराम की मध्यस्थता की थी, जब हमास ने गाजा से लगभग 86 इजरायली बंधकों और 24 विदेशी बंधकों को रिहा कर दिया था। यह ताज़ा घटनाक्रम तब हुआ है, जब इज़रायल ने गाजा पट्टी पर बमबारी तेज़ कर दी है।

## विवेक रामास्वामी ने एक सप्ताह में 40 से अधिक प्रचार अभियानों में लिया भाग

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस ) ।** भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने पिछले सप्ताह 42 प्रचार अभियानों में भाग लिया, जो 2024 के किसी भी अन्य उम्मीदवार से अधिक है। यूएसए टुडे अखबार के अनुसार, 38 वर्षीय बायोटेक उद्यमी को उम्मीद है कि वह इस सप्ताह 38 आयोजनों में भाग लेंगे।



शुक्रवार को आयोवा में एक अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि उनके अभियान के दौरान जुट रही भीड़ उन्हें इसके लिए प्रेरित करती है। लगभग 630 मिलियन डॉलर की संपत्ति वाले येल लॉ स्कूल के स्नातक ने कहा कि कठोर परिश्रम उन्होंने अपने माता-पिता से सीखा है। उन्होंने यूएसए टुडे से कहा, कठोर परिश्रम से आप हर कामयाबी हासिल कर सकते हैं। पिछले साल की शुरुआत में रामास्वामी के साथ स्ट्राइव एसेट मैनेजमेंट कंपनी की -स्थापना करने वाले एनसन फ्रेरिक्सकी ने यूएसए टुडे को बताया कि रामास्वामी के कार्यक्रम में आराम के लिए कोई समय नहीं है।

## सुडोकू 6410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | 7 | 6 | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | | 3 | | | | 9 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| 2 | | | | 6 | | 5 | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 7 |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| 7 | 8 | 6 | | | 5 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6410

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**
१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए नि:शुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

## वर्ग पहेली-6409

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रा | णा | २ धा | र | ■ | ■ | ३ ख | ल | ४ ब | ली |
| तः | ■ | रा | ■ | ५ वि | क | ट | ■ | ल | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ प | रि | वा | ८ र |
| ल | ■ | हि | ■ | ९ ल | ला | ट | ■ | ■ | ति |
| ■ | १० नि | क | ११ ट | ता | ■ | ■ | १२ औ | जा | र |
| ■ | र्भी | ■ | ह | ■ | १३ प | र | ला | ■ | म |
| १४ नौ | क | १५ रा | नी | ■ | हे | ■ | १६ द | १७ क्षि | ण |
| ज | ■ | ज | ■ | १८ कु | ली | १९ न | ■ | ति | ■ |
| २० वा | र्षि | क | ■ | सु | ■ | २१ व | न | जा | २२ त |
| न | ■ | २३ र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | रू |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

**संकट** *झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार बेशुमार*

# सरकारी नौकरियों के नाम पर युवाओं को मिलती है तारीख पर तारीख

**रांची, (एजेंसियां)। झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के बेशुमार रिकॉर्ड हैं। यहां किसी नियुक्ति परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से एक-दो नहीं, चार-पांच दफा फॉर्म भरवाए जा सकते हैं। किसी परीक्षा की तारीखें छह-सात बार टाली जा सकती हैं। मुमकिन है कि कई बार तारीखें तय करने के बाद परीक्षा ले ली जाए तो नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होते-होते सात-आठ-पंद्रह साल भी गुजर सकते हैं।**



परीक्षा पास करने के बाद नियुक्ति के लिए अदालतों के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। ऐसे में रह-रहकर युवाओं और अभ्यर्थियों के सब्र का बांध छलक उठता है। वह सड़कों पर उतरते हैं तो उनके हिस्से कभी आश्वासन की घुट्टियां आती हैं तो कभी उनकी देह पर पुलिस की लाठियां बरसती हैं। इन दिनों झारखंड के युवा एक बार फिर आंदोलित हैं। बीते शुक्रवार को राज्य के हजारों युवाओं ने झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन का दफ्तर आठ घंटे तक घेरे रखा।

परिसर में घुसकर हंगामा किया और इसी बीच एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये युवा झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तारीख छठी बार स्थगित किए जाने से नाराज थे। इस परीक्षा के लिए झारखंड सरकार में 2000 पदों पर नियुक्ति की जानी है और इसके लिए करीब साढ़े छह लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इस परीक्षा के लिए पहली बार आठ साल पहले विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद किसी न किसी गड़बड़ी या पॉलिसी में बदलाव के कारण इसके लिए कुल चार बार आवेदन मंगाए गए। अब परीक्षा के लिए नयी तारीखें 21 व 28 जनवरी घोषित की गयी हैं। छात्रों की मानें, तो सातवीं बार तय इन तारीखों में भी परीक्षाएं मुमकिन नहीं लग रहीं, क्योंकि ये दूसरी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों से टकरा रही हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से राज्य में नगर पालिका सेवा संवर्ग के 921 पदों पर नियुक्ति के लिए बीते 29 अक्टूबर को ली गई परीक्षा भी विवादों के घेरे में फंस गई। रांची, जमशेदपुर, धनबाद में कई केंद्रों पर ली गई इस परीक्षा में कई जगहों पर क्वेश्चन पेपर का सील टूटा होने, कुछ केंद्रों पर परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट न मिलने, बुकलेट पर सीरियल नंबर प्रिंट न होने या मार्कर-पेन से लिखे होने जैसी शिकायतें मिली थीं। इसे लेकर कई केंद्रों पर छात्रों ने हंगामा किया था। कमीशन ने पहले छात्रों की शिकायतों को खारिज कर दिया था और हंगामा करने वाले कई छात्रों पर एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में छात्रों की शिकायतें सही पाई गईं और कमीशन ने अब पांच केंद्रों की परीक्षाएं रद्द कर दीं। रद्द केंद्रों की परीक्षा के लिए अब 24 दिसंबर की तारीख तय की गई है। झारखंड लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी की ओर से ली जाने परीक्षाओं की भी यही कहानी है।

# खेल जगत

## नवीन उल हक आईएलटी20 से 20 महीने के लिए बैन



**दुबई।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने प्लेयर एग्रीमेंट का उल्लंघन करने के लिए यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 से 20 महीने के लिए बैन कर दिया गया है। दूसरे सीज़न से पहले नवीन को नौ मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लेने के बाद टीम द्वारा रिटेंशन नोटिस दिया गया था। हालांकि, नवीन ने इस पर साइन करने से इनकार कर दिया। समस्या हल करने का प्रयास करने के लिए शारजाह वारियर्स इंटरनेशनल लीग टी20 तक गए। नवीन ने जब नोटिस पर साइन करने से मना कर दिया, तब टीम ने लीग के अधिकारियों से संपर्क किया। इंटरनेशनल लीग टी20 ने नवीन से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों के बीच कोई हल नहीं निकला। लीग की डिसिप्लीनरी कमेटी में चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट, सिक्योरिटी और एन्टी-करप्शन प्रमुख कर्नल आजम और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे।

# भारत की निगाहें द. अफ्रीका से दूसरा वन डे भी जीत सीरीज कब्जा करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के गेंद से पंजे और आवेश खान के चौके की बदौलत केएल राहुल की अगुआई वाली भारतीय टीम की निगाहें मेजबान दक्षिण अफ्रीका को जोहानिसबर्ग मे पहला मैच आठ विकेट से हराने के साथ आगाज कर अब सेंट जॉर्ज पार्क, क्वेबेहरा में मंगलवार को दूसरा मैच भी जीत कर 2-0 की अजेय बढ़त के साथ तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज अपने नाम करने पर लगी है। भारत ने इस साल वन डे विश्व कप सहित दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोनों मैच सहित अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। भारत ने 2022 में अपने घर में मेहमान दक्षिण अफ्रीका को तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज 2-1 से जीती है और अब उसकी निगाहें उसे उसी के घर में हराने पर लगी हैं। भारत ने सेंट जॉर्ज पार्क, क्वेबेहरा में अब तक खेले अपने छह मैचों में से मात्र एक ही जीता जबकि पांच हारे हैं। दोनों टीमों के लिए एक अच्छी खबर है कि इस मैदान पर मंगलवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद है और मैच में बारिश की कोई आशंका नहीं है और पिच से तेज गेंदबाजों और स्पिनरों, दोनों को ही समान रूप से मदद मिलने की उम्मीद है। सई सुदर्शन के साथ अर्द्धशतक जड़ पहला वन डे जिताने वाले श्रेयस अय्यर के टेस्ट टीम से जुडने़ के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भारत सीरीज के दूसरे वन डे मैच में उनकी जगह टी -20 सीरीज के दूसरे मैच में अर्द्धशतक जडने़ वाले बेहतरीन फिनिशर रिंकू सिंह को मंगलवार को अपनी



एकादश में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौका देगा। जब कप्तान केएल राहुल विकेटकीपिंग भी कर रहे हैं तो ऐसे में रिंकू सिंह बेशक संजू सैमसन से कम से कम बतौर बल्लेबाज अपनी मौजूदा फॉर्म के आधार एकादश में दूसरे वन डे में भारत की एकादश में जगह के मजबूत दावेदार हैं ही। श्रेयस के टेस्ट की तैयारियों के लिए भारतीय टीम से जुडने़ के कारण उपलब्ध न होने को छोड़ कर भारत दूसरे वन डे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी एकादश में कोई और बदलाव करती नहीं दिखाई देती है। आईसीसी वन डे विश्व कप के उपविजेता भारत की पहले मैच में रविवार को दक्षिण अफ्रीका पर जीत इसलिए बेहद अहम है कि क्योंकि उसने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे अपने नियमित धुरंधर तेज गेंदबाजों और विराट कोहली व रोहित शर्मा जैसे अपने धुरंधर क्रिकेटरों के बिना अर्शदीप, आवेश खान और मुकेश कुमार जैसे एकदम नए तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति की बदौलत हासिल की। भारत को अर्शदीप, आवेश व मुकेश से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फिर रफ्तार के साथ धार दिखाने की उम्मीद है।

भारत ने कप्तान एडन मरक्रम सहित वन डे विश्व कप 2023 में खेलने वाले आधा दर्जन से ज्यादा खिलाडियों से सज्जित दक्षिण अफ्रीका को उसके घर में 116 रन के उसके सबसे कम स्कोर पर समेटने के बाद अपने पदार्पण वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में अविजित अर्द्धशतक के साथ आगाज करने वाले सलामी बल्लेबाज सई सुदर्शन और अनुभवी श्रेयस अय्यर के अर्द्धशतकों की बदौलत हासिल की। भारत जीत के साथ आगाज करने के बावजूद अपने खतरनाक पलटवार के लिए ख्यात दक्षिण

■ **अर्शदीप, आवेश व मुकेश से भारत को फिर रफ्तार के साथ धार की आस**

अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता है। एक दिलचस्प बात यह है कि दक्षिण अफ्रीका ने इसी मैदान सीरीज के दूसरे वर्षा से प्रभावित टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में वर्षा से प्रभावित मैच में भारत के हराने के बाद1-0 की बढत हासिल की और मेजबान टीम अपनी इसी जीत से प्रेरणा लेकर भारत को दूसरे मैच में हराकर तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज में एक-एक की बराबरी करन को बेताब होगी। दूसरे वन डे टॉनी डी जॉर्जी (28 रन)जैसे नवोदित सलामी बल्लेबाज व ऑलराउंडर एंडल फेलुकवायो (32 रन) को छोड़ दक्षिण अफ्रीका के बाकी बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए थे। दक्षिण अफ्रीका को भारत से मंगलवार को जीतना है तो फिर अर्शदीप , आवेश और मुकेश की त्रिमूर्ति के खिलाफ खासपर मध्य क्रम में पहले वन डे मैच नाकाम रहने वाले विस्फोटक हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को सकारात्मक अंदाज में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी । दक्षिण अफ्रीका मेहमान भारतीय टीम के खिलाफ हार से आगाज करने के बावजूद मंगलवार को दूसरे वन डे मैच के लिए भी अपनी एकादश में कोई बदलाव करनी नहीं दिखाई देती है। भारत को जीत के साथ आगाज करने के बावजूद कप्तान मरक्रम, रेजा हैंड्रिक्स, रॉसी वान डेर दुसों , हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर से चौकस रहना होगा क्योंकि दक्षिण अफ्रीका पलटवार करने का कोई मौका नहीं चूकना चाहेगी।

# भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साई सुदर्शन



**जोहान्सबर्ग।** आईपीएल 2023 और इमर्जिंग मेन्स एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के दम पर साई सुदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। इस बांए हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 55 रन बनाकर नाबाद रहे।

बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में साई सुदर्शन ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर किसी का सपना है। इसलिए, मैं अपने प्रदर्शन से खुश था और यह एक बहुत ही खूबसूरत एहसास है।

एक संस्कृति जो मुझे पसंद है, वह है डेब्यू कैप मिलना जिसे मैं तमिलनाडु के दिनों से देखना पसंद करता हूं। राष्ट्रगान के दौरान मैं थोड़ा भावुक था। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया। 117 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, साई सुदर्शन ने एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी और अपने पहले वनडे मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला।

इतना ही नहीं सुदर्शन ने स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क का इस्तेमाल करने के तरीके से प्रभावित करना जारी रखा। उन्होंने 41 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जबकि श्रेयस अय्यर के साथ 88 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 52 रन बनाए।

साईं सुदर्शन को वनडे टीम में शामिल होने से पहले दक्षिण अफ्रीका %ए% के खिलाफ भारत %ए% के लिए चार दिवसीय रेड-बॉल मैच खेलने के अनुभव से भी मदद मिली।

उन्होंने कहा, मैंने बस इस बारे में जितना संभव हो सके उतनी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की। मुझे एहसास था कि दक्षिण अफ्रीका में हालात कैसे होंगे। मैंने यहां आने से पहले भारत %ए% मैच खेला था, इसलिए इससे मुझे परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में मदद मिली।

साईं सुदर्शन चेन्नई स्थित एक परिवार से आते हैं, जिसका खेल से जुड़ाव है। उनके पिता आर. भारद्वाज ने 1993 में ढाका में हुए सैफ गेम्स में 100 मीटर स्प्रिंटिंग स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी मां उषा भारद्वाज वॉलीबॉल खिलाड़ी रही हैं और अब वो अपने बेटे की स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग ट्रेनर हैं। उषा को दिनेश कार्तिक, दीपिका पल्लीकल, जोशना चिनप्पा और अभिनव मुकुंद जैसे अन्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए भी जाना जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने की पाकिस्तान के साथ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनकैप्ड पेसर लांस मॉरिस घरेलू टी20 के लिए घर लौटने के लिए बाहर हो गए हैं। बॉक्सिंग टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाला है।

मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेताओं ने प्रतिष्ठित एमसीजी टेस्ट मैच के लिए अपने प्लेइंग ग्रुप को 14 से घटाकर 13 करने का विकल्प चुना, जिसमें मॉरिस को बाहर करना पर्थ में पाकिस्तान पर उनकी जीत के

■ **बॉक्सिंग टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा**

बाद टीम में एकमात्र बदलाव था। मॉरिस को पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद बीबीएल में खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। पर्थ में शुरुआती मैच में पाकिस्तान पर 360 रनों की जीत से ऑस्ट्रेलिया के फ्रंट-लाइन आक्रमण ने अच्छी तरह से सुधार किया है, जिससे संभावना बढ़ गई है कि वे एमसीजी टेस्ट के लिए उसी प्लेइंग-11 के साथ मैदान में उतरे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, लांस मॉरिस को मेलबर्न मैच के लिए रिलीज कर दिया गया है, लेकिन वह टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार रहेंगे, क्योंकि मौका मिलने पर वह गर्मियों के लिए हमारी योजनाओं में मजबूती से शामिल रहेंगे।

इसका मतलब है कि मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी तिकड़ी मेलबर्न में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा कर सकती है, जबकि स्थानीय तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 13-खिलाड़ियों के समूह में एकमात्र अन्य सीम विकल्प बचे हैं।

ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन टीम में अपनी जगह बनाए रखने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन कमिंस का मानना है कि पर्थ में इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली टीम में कोई भी बदलाव करना मुश्किल होगा।

स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दौरान चोट लगी उंगली में किसी भी गंभीर क्षति से मुक्त कर दिया गया है और उम्मीद है कि मेलबर्न में टीम में उनकी जगह बरकरार रहेगी।

### ऑस्ट्रेलिया टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

# मुंबई में रोहित का कद सीएसके में धोनी के समान है : इरफान

**रोहित शर्मा का टीम में बहुत बड़ा कद है। मेरे लिए, मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा का कद सीएसके में धोनी के कद के समान है। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में खून-पसीने से टीम बनाई है। उन्होंने हमेशा बहुत योगदान दिया है। वह एक अद्भुत कप्तान हैं : इरफान पठान**



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की विरासत की सराहना की है और इसकी तुलना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में एमएस धोनी के कद से की है। जैसे ही मुंबई इंडियंस के साथ रोहित की कप्तानी के युग का अंत हुआ, एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। 15 दिसंबर को फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पांड्या को रोहित का उत्तराधिकारी घोषित किया।

यह परिवर्तन न केवल नेतृत्व में बदलाव का प्रतीक है बल्कि एक ऐसे युग का अंत भी है, जहां रोहित ने टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के कद और महान एम.एस. के बीच समानताएं बताईं। पठान के अनुसार, टीम पर रोहित का प्रभाव सीएसके में धोनी के प्रभाव जैसा ही है। इन दोनों दिग्गजों ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए टीम को सफलता दिलाई है।

इरफ़ान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, रोहित शर्मा का टीम में बहुत बड़ा कद है। मेरे लिए, मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा का कद सीएसके में धोनी के कद के समान है। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में खून-पसीने से टीम बनाई है। उन्होंने हमेशा बहुत योगदान दिया है। वह एक अद्भुत कप्तान हैं। पिछले साल जोफ्रा आर्चर की फॉर्म और जसप्रीत बुमराह के नहीं होने के बावजूद, रोहित के लिए एक कप्तान के रूप में आईपीएल सीजन शानदार रहा था। आईपीएल इतिहास में रोहित और धोनी सबसे सफल कप्तानों का खिताब साझा करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। 2013 सीज़न के बीच में कप्तानी संभालने वाले रोहित ने मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक फाइनल में सीएसके के खिलाफ अपनी पहली चैंपियनशिप जीत दिलाई। 2015, 2017, 2019 और 2020 के बाद के वर्षों में रोहित की कप्तानी की क्षमता देखी गई, जिसने मुंबई इंडियंस को आगे की जीत के लिए प्रेरित किया। इरफान ने कहा, अब, सूर्यकुमार यादव, बुमराह और रोहित के साथ जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाई है, यह हार्दिक के लिए एक चुनौती होगी। परिणाम एमआई और हार्दिक के प्रबंधन में है। हार्दिक के लिए यह आसान नहीं होगा।

## सार संक्षेप

### रॉयल रेंजर्स और वाटिका की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयल रेंजर्स और वाटिका ने अपने-अपने मुकबालों में जीत दर्ज की है। पहले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारन्यु बंसल की शानदार तिकड़ी से रॉयल रेंजर्स ने दिल्ली एफसी को 4-1 से पीट कर आसान जीत दर्ज की। वहीं आज दिन के दूसरे मुकाबले में पहली प्रीमियर लीग के विजेता वाटिका एफसी ने रेंजर्स एफसी को प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पंत, आयुष बिष्ट और अर्जुन शरीन के शानदार गोलों से 3-0 से परास्त किया। रॉयल रेंजर्स ने खेल पर मजबूत पकड़ बनाते हुए दनादन तीन गोल जमाकर दिल्ली एफसी को रक्षात्मक खेलने के लिए विवश कर दिया। डीएफसी का गोल 13 वें मिनट में कृष्ण पंडित ने किया। उसके बाद खेल पर रॉयल रेंजर ने पकड़ बना ली। बंसल के सभी गोल दर्शनीय रहे। एक गोल शुभम राम ने किया। 70 मिनट तक उतार चढ़ाव के चलते अंतिम पंद्रह मिनट में वाटिका ने खेल पर पकड़ बनाई और तीन गोल दाग दिए।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड और लिवरपूल के बीच मैच 0-0 से ड्रा

**लिवरपूल।** प्रीमियर लीग के टॉप पर लौटने के लिए लिवरपूल को और इंतजार करना होगा। मैनचेस्टर यूनाइटेड के दमदार डिफेंस ने मेजबान को एनफील्ड में 0-0 से ड्रा पर रोक दिया। रविवार रात को लिवरपूल के सीजन के पांचवें ड्रा का मतलब है कि वे 38 अंकों के साथ आर्सेनल से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जिनसे उनका अगले हफ्ते सामना होगा। मैनचेस्टर यूनाइटेड 28 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। जबकि न्यूकैसल युनाइटेड एक अंक की बढ़त के साथ छठे और वेस्ट हैम युनाइटेड एक अंक कम आठवे स्थान पर है। आंद्रे ओनाना ने एक मैच में अपने लीग-उच्च आठ बचाव किए, जबकि उनके टीम के साथी घरेलू दर्शकों को निराश करने के लिए सीज़न के अब तक केवल चौथे गोल रहित ड्रॉ के लिए कड़ी टक्कर दे रहे थे।

# हमने अच्छी गेंदों पर बल्लेबाजों को चैलेंज किया : अर्शदीप



**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को पहले वनडे से पहले भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम इस प्रारूप में कोई विकेट नहीं था। लेकिन प्रोटियाज़ के खिलाफ अर्शदीप ने दस ओवरों में मात्र 37 रन देकर 5 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। अर्शदीप के अलावा दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आवेश खान ने भी दक्षिण अफ्रीका पर कहर बरपाते हुए शानदार गेंदबाजी की और मात्र 27 रन देकर 4 विकेट लिए। दोनों तेज गेंदबाजों के दम पर भारत ने पहले 17 ओवरों के अंदर प्रोटियाज के नौ विकेट ले लिए। जिससे मैच का नतीजा भारत के पक्ष में आना तय हो गया। अर्शदीप ने अपनी सफलता का श्रेय वांडरर्स की इस्तेमाल की गई पिच पर अपनी योजनाओं की सरलता और बल्लेबाजों को कठिन गेंदों पर रन बनाने की चुनौती देने को दिया।

मैच के बाद अर्शदीप ने कहा, हम जानते थे कि अगर हम बल्ले के अंदर या बाहर मूवमेंट पा सकते हैं, तो हम आउट या एलबीडब्ल्यू कर सकते हैं। इसे सरल रखना और बल्लेबाजों को कठिन गेंदों पर रन बनाने की चुनौती देना ही हमारी योजना थी। अर्शदीप सिंह के 4 विकेट मैच के पहले 10 ओवर में आए। इस गेंदबाज ने रीजा हेंड्रिक्स, टॉनी डी जोर्जी, रासी वान डर डुसने और हेनरी क्लासेन को आउट किया। अर्शदीप ने स्वीकार किया कि पहले दस ओवरों में जो हुआ वह मैच से पहले की योजनाओं में बताई गई बातों के बिल्कुल विपरीत था। हम मैच से पहले रात में डिनर के लिए गए थे। मैंने, अक्षर और आवेश से इस बारे में बात की। हमें पता था कि जब प्रोटियाज़ गुलाबी जर्सी पहनते हैं तो वे कितने खतरनाक फॉर्म में होते हैं।

# आईपीएल के अगले सत्र के लिए आज से होगी नीलामी

**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए मंगलवार को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होगी।

बीसीसीआई की जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस साल की नीलामी के लिए कुल 1166 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया था जिसमें से 333 नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। 116 खिलाड़ी ऐसे हैं जोकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं, जबकि 215 खिलाड़ी अनकैप्ड हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। इस नीलामी के जरिए 10 टीमों में कुल 77 खिलाड़ियों लिया जायेगा। 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। यह छोटी नीलामी है। इसके बाद अगले साल बड़ी नीलामी होगी, जिसमें आईपीएल 2025 के लिए टीमें बनेंगी।

हाल ही में गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पंड्या को खरीदा कर टीम का कप्तान बनाया है। गुजरात के पास सबसे अधिक 38.15 करोड़ रूपये है, जिसमें उन्हें दो विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल आठ जगहों को टीम में शामिल करना है।




- इस साल की नीलामी के लिए कुल 1166 खिलाड़ियों ने कराया था अपना पंजीकरण
- पंजीकरण कराने वाले खिलाड़ियों में से 333 नामों को किया गया शॉर्टलिस्ट
- 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी की लगेगी बोली

आईपीएल की दूसरी सबसे नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के पास 13.15 करोड़ रूपये है और उसे दो विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल छह जगहों को भरना है। इस नीलामी में अधिकतम 262.95 करोड़ रूपये खर्च किए जा सकते हैं। 333 खिलाड़ियों को 19 अलग-अलग सेट में बांटा गया है, जिसमें बल्लेबाज़, ऑलराउंडर, तेज गेंदबाज, स्पिनर, विकेटकीपर के सेट और कैप्ड व अनकैप्ड खिलाड़ियों के सबसेट शामिल हैं। 23 खिलाड़ियों ने अपने आपको अधिकतम दो करोड़ के आधार मूल्य वाले सेट में रखा है, इसमें मिचेल स्टार्क, ट्रैविस हेड, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर का नाम प्रमुख है। 13 खिलाड़ियों का अपना आधार मूल्य 1.5 करोड़ रूपये रखा है। बेन स्टोक्स, जो रूट और जोफ्रा आर्चर की इंग्लिश तिकड़ी ने इस बार स्वयं को अनुपलब्ध बताया है। वहीं केदार जाधव, लिटन दास और शाकिब अल हसन का भी नाम नीलामी सूची में शामिल नहीं है।

इस सूची में स्टार्क का नाम संभवत: सबसे ऊपर हो सकता है। वह आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं और उन पर बड़ी बोलियां लग सकती है। इस साल के विश्व कप के उभरते सुपरस्टार रचिन रविंद्र का आधार मूल्य 50 लाख है, लेकिन उनके लिए इससे कई गुना अधिक की बोली लग सकती हैं। भारत से शार्दुल ठाकुर, हर्षल पटेल और शाहरूख खान का नाम इस सूची में शामिल हो सकता है। अर्शीन कुलकर्णी, कुमार कुशाग्र, मुशीर ख़ान, समीर रिज़वी और कुछ अन्य युवा अनकैप्ड चेहरे इस नीलामी में हो सकते हैं।

आईपीएल नियमों के अनुसार नीलामी के एक दिन बाद से खिलाड़ियों का 'ट्रेड' फिर से हो सकता है और यह आईपीएल सत्र शुरू होने से एक सप्ताह पहले तक चल सकता है। लेकिन अमूमन ऐसा होता नहीं है और टीमें नीलामी के बाद अपने एकादश की तैयारी में लग जाती हैं और खिलाड़ियों के प्री-सीजन कैंप लगने शुरू हो जाते हैं।

## सुडोकू 6410 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |

| SENSEX | BSE | 71315.09 ▼ 168.66 | 21418. 65 ▼ 38.00 | MCX | Gold 62151 ▼ 41 | silver 74532 ▲ 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.05 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई ।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.05 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के रुख के अनुरूप रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेश की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने तथा विदेशी निवेशकों की निरंतर लिवाली के कारण रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.97 प्रति डॉलर पर मजबूती का रुख लिए खुला। कारोबार के दौरान 82.90-83.06 प्रति डॉलर के दायरे में रहने के बाद अंत में 83.05 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।






## आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी पर 40.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 के दौरान मानदंडों के उल्लंघन के लिए बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और अन्य संस्थाओं पर 40.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया.वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने सोमवार को लोक सभा में एक लिखित उत्तर में ये बात कही. 14.04 करोड़ रुपए के जुर्माने वाले इनमें से 176 मामले सहकारी बैंकों से संबंधित थे. निजी क्षेत्र के बैंकों पर 12.17 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर 3.65 करोड़ रुपए, विदेशी बैंकों पर 4.65 करोड़ रुपए और एनबीएफसी पर 4.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया.मंत्री ने कहा, आरबीआई ने सूचित किया है कि उसके लिए विभिन्न कानूनों और निर्देशों के उल्लंघन के लिए विनियमित संस्थाओं पर मौद्रिक दंड लगाने के रूप में प्रवर्तन कार्रवाई जरूरी है. उन्होंने कहा कि आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी और एचएफसी द्वारा अपनाए जाने वाले उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश जारी किए और इनमें ऋण देने के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया.

## चालू मार्केटिंग ईयर में एक अक्टूबर से 15 दिसंबर के बीच चीनी उत्पादन 11 प्रतिशत घटा : इस्मा

### यूपी में उत्पादन बढ़ा लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक में घटा



*__नयी दिल्ली__ । चालू मार्केटिंग ईयर की एक अक्टूबर से 15 दिसंबर की अवधि में भारत में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 11 प्रतिशत घटकर 74.05 लाख टन रह गया। इसका मुख्य कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन है। उद्योग संगठन इस्मा ने यह जानकारी दी।*

चीनी मार्केटिंग ईयर अक्टूबर से सितंबर तक होता। भारतीय चीनी मिल संघ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चालू मार्केटिंग ईयर 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन तक रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था। चालू कारखानों की संख्या सालाना आधार पर 497 ही है। इस्मा के अनुसार, ''इस वर्ष महाराष्ट्र और कर्नाटक की चीनी मिल में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद काम शुरू हुआ।'' उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन मार्केटिंग ईयर 2023-24 के 15 दिसंबर तक बढ़कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था। इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन रह गया। कर्नाटक में उत्पादन 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन हो गया। उद्योग संगठन इस्मा ने पिछले हफ्ते अनुमान लगाया था कि मार्केटिंग ईयर 2023-24 में कुल चीनी उत्पादन 325 लाख टन (एथनॉल के लिए उपयोग के बिना) होने की उम्मीद है। देश के पास 56 लाख टन का भंडारण है। खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने चालू मार्केटिंग ईयर में चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। मार्केटिंग ईयर 2022-23 में भारत ने 64 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

## धोखाधड़ी वाले 2500 लोन एप गूगल प्ले स्टोर से हटाए गए, वित्त मंत्री ने लोकसभा में दी जानकारी

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा बताया कि गूगल ने अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण एप को निलंबित कर दिया है या हटा दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार धोखाधड़ी वाले ऋण एप को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य नियामकों तथा संबंधित हितधारकों के साथ लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर पर ऋण देने वाले एप को शामिल करने के संबंध में अपनी नीति को अद्यतन किया है और संशोधित नीति के अनुसार, प्ले स्टोर पर केवल उन्हीं ऐप को जारी करने की अनुमति दी गई है जो या तो विनियमित संस्थाओं (आरई) की ओर से जारी किए गए हैं या आरई के साथ साझेदारी में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अप्रैल 2021 और जुलाई 2022 के बीच, गूगल ने लगभग 3,500 से 4,000 ऋण देने वाले एप की भी समीक्षा की और 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण एप को अपने प्ले स्टोर से निलंबित कर दिया या हटा दिया ।

## देश के सर्राफा बाजारों में गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

*__नई दिल्ली__ । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को देश के सर्राफा बाजारों में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार में सोने के भाव में 250 से 400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है।*

आज आई गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर बाजारों में सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे लुढ़क गया है। इसी तरह चांदी में भी आज नरमी नजर आ रही है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में आज चांदी करीब 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 78 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,4000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के



सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## कोलकाता में अंडे की कीमत आसमान पर क्या दूसरे राज्यों में भी महंगा होगा ?

*__नयी दिल्ली__ । पिछले कुछ दिनों में, चक्रवात मिचौंग के प्रभाव के चलते तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से पश्चिम बंगाल को आपूर्ति प्रभावित हुई, जिसके कारण कोलकाता के खुदरा बाजारों में अंडों की कीमत बढ़ गई है।*

इसके चलते कोलकाता के अधिकांश खुदरा बाजारों में औसतन एक अंडे की कीमत 7.50 रुपये है और शहर के पॉश इलाकों स्थित कुछ बाजारों में पिछले कुछ हफ्तों से कीमत लगभग 8 रुपये पहुंच गई है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या देश के दूसरे राज्यों में भी अंडे की कीमत बढ़ेगी? पोल्ट्री फॉर्म उद्योग से जुड़े जानकारों का कहना है कि भारत में अंडे का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य आंध्र प्रदेश है। देश के कुल प्रोडक्शन में आंध्र प्रदेश का योगदान 20.41प्रतिशत है।

इसके बाद तमिलनाडु का नंबर है। अंडा उत्पादन में तमिलनाडु का योगदान 16.08प्रतिशत है। तीसरे नबंर पर तेलांगना है। अंडा उत्पादन में तेलांगना का योगदान 12.86प्रतिशत है।

ऐसे में इन राज्यों में आए चक्रवाती तूफान से अंडा का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसका असर देशभर में अंडे की आपूर्ति पर आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब में अंडे का उत्पादन कम है। ऐसे में इन राज्यों से आपूर्ति प्रभावित होने पर यहां भी कीमत में बढ़ोतरी हो सकती है।

## शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला



*__मुंबई__ । स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 168.66 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। एशिया के अधिकांश बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों के मुनाफावसूली करने से यह गिरावट आई।*

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 168.66 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,315.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.46 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 38 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,418.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और मारुति शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सविर्सेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में शुरूआत गिरावट के साथ हुई। लाल सागर के जरिये तेल आपूर्ति बाधित होने को लेकर चिंता और शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन ने निवेशकों की धारणा प्रभावित की। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकां का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाभ में रहे थे।

## टीएमटी सरिया की मांग अगले तीन से चार महीनों में बढ़ेगी : टाटा स्टील

**नयी दिल्ली ।** देश में टीएमटी सरिया की मांग अगले तीन से चार महीनों में बढ़ती रहेगी। उद्योग जगत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। टाटा स्टील लिमिटेड के उपाध्यक्ष आशीष अनुपम ने कहा कि निर्माण, आवास और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों से अच्छी मांग देखी जा रही है। इन क्षेत्रों में पूरे देश में नई परियोजनाएं लाई जा रही हैं। साथ ही सरकारी नीतियों में भी एकरूपता है। इसलिए निवेशकों की भावनाओं को बल मिला है। अनुपम ने मीडिया से कहा, मैं तीन कारणों से बहुत आशावान हूं। सबसे पहले त्योहार खत्म हो गए हैं, कर्मचारी काम पर वापस आ गए हैं। मानसून भी खत्म हो चुका है। यह निर्माण के लिए सबसे अच्छा समय है क्योंकि इस वक्त गर्मी भी नहीं होती है। मैं अगले तीन से चार महीनों में मांग की दृष्टि से अधिक उत्साहित हूं। मैं कीमतों पर कुछ नहीं कह सकता क्योंकि यह कच्चे माल पर निर्भर करता है।

## अरबों डॉलर का व्यापार खतरे में! 4000 किमी दूर हो रहे संघर्ष ने बढ़ाई भारत की चिंताए

*__नयी दिल्ली__ । यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे दुनिया की कई बड़ी कंपनियों ने फिलहाल उस रूट पर अपना ऑपरेशन रोक दिया है। लाल सागर यूरोप और एशिया के बीच व्यापार का मुख्य समुद्री रास्ता है। इससे स्वेज नहर के रास्ते होने वाले कारोबार पर भी खतरा पैदा हो गया है। 193 किमी लंबी इस नहर का ग्लोबल ट्रेड में 12 फीसदी योगदान है।*

दुनिया का 30 प्रतिशत कंटेनर मूवमेंट इसी रास्ते से होता है। हूती विद्रोही अब तक 13 जहाजों पर ड्रोन और एंटी.शिप मिसाइलों से हमला कर चुके हैं। इन जहाजों को बाब अल.मंदेब में निशाना बनाया गया है। इसे लाल सागर का गेटवे कहा जाता है और यह हॉर्न ऑफ अफ्रीका और अदन की खाड़ी के बीच स्थित है। दुनिया की बड़ी शिपिंग कंपनियों एमएससी, सीएमए, एचएपीएजी, लॉयड और मेयरसक ने लाल सागर के रास्ते अपने ऑपरेशन रोक दिए हैं। ग्लोबल मेरिटाइम ट्रेड में इन चार कंपनियों की ग्लोबल मेरिटाइम ट्रेड मे 53 फीसदी हिस्सेदारी है।

मार्च 2021 में जब एक बड़ा जहाज छह दिन तक स्वेज नहर में अटक गया था तो ग्लोबल सप्लाई चेन पर संकट खड़ा हो गया था। यह नहर एशिया और यूरोप की लाइफलाइन है। यूरोप को तेल और डीजल की सप्लाई इसी



रास्ते होती है। इसके साथ ही पाम ऑयल और अनाज की सप्लाई भी इसी रास्ते होती है।

**भारत पर असर** -2021 में स्वेज नहर में जहाज फंसने से भारत भी प्रभावित हुआ था। तब भारत का करीब 200 अरब डॉलर का समुद्री व्यापार इसी रास्ते होता था। लेकिन कोरोना महामारी के बाद इसमें काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत स्वेज नहर के रास्ते यूरोप को फूड प्रॉडक्ट्स अप्रैल और इलेक्ट्रॉनिक सामान एक्सपोर्ट करता है। लेकिन इस रास्ते बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है। अगर यह संकट गहराता है तो खासकर रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ सकता है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नौ परसेंट बढ़कर 17-3 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंच गया है। रूस से आ रहा तेल स्वेज नहर के रास्ते आ रहा है। अगर वहां संघर्ष बढ़ता है तो भारत को वैकल्पिक रास्ता खोजना होगा। हालांकि दोनों देशों ने नंवबर में संकेत दिए थे कि वे ईस्टर्न मेरिटाइम कॉरिडोर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह चेन्नई को रूस के व्लादीवोस्तोक पोर्ट से जोड़ता है। लेकिन अब यह ऑपरेशनल नहीं हुआ है। ग्लोबल ऑयल मार्केट ने शुरुआत में हूती विद्रोहियों की करतूत को हल्के में लिया था लेकिन इस कारण कच्चे तेल की कीमत में करीब एक फीसदी उछाल आ चुकी है।

## एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पर छात्रों को किया जागरूक

*__जबलपुर__ । डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के एक भाग के रूप में एचडीएफसी बैंक ने कटनी और नागदा में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की मेजबानी की।*

इन कार्यशालाओं का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं पर आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना था। एचडीएफसी बैंक ने राजकीय तिलक कॉलेज कटनी, राजकीय गर्ल्स कॉलेज कटनी, डायमंड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल कटनी, शेषशायी कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (नागदा), आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी जबलपुर और राजकीय कॉलेज नागदा में धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाओं की इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, 950 से अधिक छात्रों और कर्मचारियों ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर बहुमूल्य जानकारी हासिल किया । कार्यशाला में डिजिटल सुरक्षा की व्यापक समझ सुनिश्चित करते हुए कई प्रासंगिक विषयों को शामिल किया इस पर टिप्पणी करते हुए मनीष अग्रवाल, कार्यकारी उपाध्यक्ष - क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल -एचडीएफसी बैंक ने कहा, जैसे-जैसे बैंक अधिक डिजिटल होते जा रहे हैं, अपराधी भी नए तरीकों की तलाश कर रहे हैं जिनके द्वारा वे ग्राहकों को धोखा दे सकें।

आज युवा पीढ़ी तकनीक प्रेमी है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अधिक लेनदेन कर रही है। इसलिए उनमें जागरूकता पैदा करना जरूरी है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा साझा न करें या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। इन कार्यशालाओं के माध्यम से हम स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर जागरूकता फैलाने की योजना बना रहे हैं ।

## महिंद्रा ने एक्सकॉन 2023 में उत्कृष्ट ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युर टिपर और विनिर्माण उपकरण की बीएसवी रेंज को लॉन्च किया




*__बेंगलुरू__ । महिंद्रा ग्रुप की सहायक कंपनी, महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी), और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन ने नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, एक्सकॉन 2023 में अपनी नवीनतम पेशकश लॉन्च की।*

नया इंडिया का नया टिपर महिंद्रा ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युरा और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज, उद्योग के नवीनतम मानकों के अनुरूप उन्नत फीचर्स एवं अनुपालन प्रदान करते हुए अपनी-अपनी श्रेणियों में मानकों को नए सिरे से प्रभावित करने के लिए तैयार है। बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में एमटीबी स्टॉल ओडी67 पर, महिंद्रा की रोडमास्टर और अर्थमास्टर जैसे बीएस निर्माण उपकरणों की पूरी श्रृंखला, साथ ही ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युरा 35 टिपर, ब्लेज़ो एक्स 28 ट्रांजिट मिक्सर, फ्यूरियो जैसी व्यापक ट्रक रेंज 6केएल के साथ 10 फ्यूल बाउसर और लोडकिंग ऑप्टिमो टिपर डिस्प्ले पर थे। महिंद्रा ने लोडिंग और ढुलाई क्षमता वाली नई कंसेप्ट - लिफ्टमास्टर कॉम्पैक्ट क्रेन को भी प्रदर्शित किया, जिसका उद्देश्य निर्माण आवश्यकताओं के लिए बहुपयोगी समाधान प्रदान करना है। इस अवसर पर बोलते हुए, जलज गुप्ता, बिजनेस हेड - कॉमर्शियल व्हीकल, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा, स्थानीय विनिर्माण पर जोर देने के साथ-साथ अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने के हमारे निरंतर प्रयास, मेक इन इंडिया पहल हेतु कंपनी के मजबूत समर्थन का उदाहरण हैं। एक्सकॉन में ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युरा टिपर और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज को लाया जाना वाणिज्यिक वाहन और विनिर्माण उपकरण खंड के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, और अपने नवोन्मेषी एवं ग्राहकोन्मुखी दृष्टिकोण को लगातार जारी रखने के लिए तैयार है। जबकि एम-ड्युरा टिपर अपने प्रामाणिक और मजबूत एग्रेगेट्स के साथ हमारे ग्राहकों के बीच सबसे विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए तैयार है। नई सीईवी5 रेंज हमारे इंजीनियरों की कुशलता का परिणाम है ।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 14000-15000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62450 चांदी रिफाइन - 75300

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62450 चांदी रिफाइन - 75300


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.06 |
| एक यूरो | 90.77 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105 .23 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55.55 |
| एक जापानी येन | 00.79 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-124 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# प्रदेश में शीत लहर, जबलपुर का पारा 7.9 डिग्री पर पहुंचा

## आने वाले अगले कुछ दिन रिकॉर्ड ठंड की चेतावनी



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में इन दिनों शीत लहर चल रही है। नगर के साथ ही सोमवार सीजन की अब तक सबसे दूसरी सर्द सुबह रही। स्थानीय मौसम वेधशाला में सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री कम 23.3 जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम था। मौसम विदों की मानें तो अगले कुछ दिन तापमान में और उतार आने की संभावना है।

यह क्रम 22 जनवरी तक जारी रह सकता है, 22 से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। यदि पश्चिमी विक्षोभ प्रभावशाली रहा तो बड़े दिन तक बादल-पानी की स्थिति बन सकती है, और यदि यह कमजोर रहा तो तापमान में हल्की बढ़त के साथ बड़े दिन के आसपास पारा 2 से 3 डिग्री के बीच तक नीचे जाने की आशंका है। स्थानीय मौसम वेधशाला के अधिकारी के अनुसार हिमालय की बर्फीली वादियों से टकराकर आ रहीं सर्द उत्तरी हवाओं से सूबे को ठंड से जकड़ लिया है। यह क्रम अगले कुछ दिन जारी रहने के आसार हैं। इस दौरान तापमान और नीचे जा सकता है।

हवाओं की दिशा अभी उत्तर और उत्तर-पश्चिमी चल रही है। सोमवार सुबह 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तरी हवाएं आ रहीं थीं, जिससे ठंड ज्यादा महसूस की गई। सोमवार सुबह सीजन का दूसरा सबसे कम तापमान 7.9 डिसे दर्ज हुआ। गत वर्ष 18 दिसंबर को दिन न्यूनतम तापमान 8.6 डिसे रिकॉर्ड हुआ था।

**बचाव के लिये एडवाइजरी जारी**

प्रदेश में जारी शीतलहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने उपयोगी जानकारी दी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शीतघात व शीतलहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है। जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है।

### विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए निर्देश

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इसी को ध्यान में रखते हुये विकास खंड चिकित्सा अधिकारियों को जरूरी टिप्स जारी किये हैं। प्रभावी शीतलहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें, कपड़ों की कई परतें होती है, वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जनजागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाइजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# पति की जमानत के लिये हाई कोर्ट से लगाई गुहार

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में संतान पैदा करने के लिए पति की रिहाई के लिए लगाई गई याचिका पर सुनवाई टल गई. आज लंच के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई शुरु हुई। शासन की ओर से उपस्थित हुए अधिवक्ता से महिला की मेडिकल रिपोर्ट मांगी गई, लेकिन फाइल में रिपोर्ट नहीं थी।

खंडवा निवासी महिला ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि एक आपराधिक केस में दोषी पाए जाने पर पति को कारावास की सजा मिली है। मौजूदा समय में पति इंदौर जेल में बंद है। उसने इच्छा जाहिर की थी कि वह मातृत्व सुख पाना चाहती है, जिसके लिए पति को एक महीने के लिए अस्थायी जमानत दी जाए। खंडवा की महिला ने राजस्थान हाईकोर्ट के जिस फैसले को अपनी याचिका में संलग्न किया है। उसमें एक महिला ने गर्भधारण करने के लिए अपने पति को रिहा करने की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने जेल में बंद उसके पति को 15 दिन की पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया था। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता व जस्टिस फरजंद अली की युगलपीठ ने यह फैसला सुनाया था।

कोर्ट ने कहा था कि पैरोल नियम 2021 में कैदी को उसकी पत्नी से संतान पैदा करने के आधार पर पैरोल पर रिहा करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। सुनवाई के दौरान जस्टिस फरजंद अली ने कहा कि हिंदू दर्शन के अनुसार गर्भाधान यानी गर्भ का धन प्राप्त करना 16 संस्कारों में से एक है। कोर्ट ने कहा कि यहूदी धर्म, ईसाई धर्म व कुछ अन्य धर्मों में जन्म को ईश्वरीय आदेश कहा गया है. इस्लामी शरिया व इस्लाम में वंश का संरक्षण माना गया है।

# मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 05293/05294 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 05293 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 19.12.2023 एवं 26.12.2023 को मुजफ्फरपुर स्टेशन से दोपहर 13-00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मध्य रात्रि 00-30 बजे सतना, 01-30 बजे कटनी, 03:00 बजे जबलपुर, 06:30 बजे इटारसी और रात्रि 22:00 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05294 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 21.12.2023 एवं 28.12.2023 को सिकंदराबाद स्टेशन से 10-00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मध्य रात्रि 01.10 बजे इटारसी, 04-30 बजे जबलपुर, 06-15 बजे कटनी, 07-50 बजे सतना और रात्रि 21:00 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी के हाल्ट- हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, रामागुंडम, पेड्डापल्ली, काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

# कटनी-सिगरौली के बीच मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, यातायात प्रभावित



**जबलपुर, देशबन्धु।** सोमवार तड़के कटनी-सिंगरौली रेलखंड के बीच कोयले से लदी मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। जिससे इस सिंगल रेलखंड में रेल संचालन ठप्प हो गया है।

घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर व कटनी से रेल अधिकारी दुर्घटना राहत गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचकर रेल यातायात को सामान्य करने में जुटे हुए हैं। इस घटना के चलते कई गाड़ियों को निरस्त कर दिया गया है।

वहीं हावड़ा से जबलपुर आने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस को डायवर्ड करके प्रयागराज-मानिकपुर-सतना-कटनी होकर जबलपुर लाया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा हेल्प लाइन नंबर - 0761 - 2677751 जारी किया गया है। इस हादसे के चलते कई ट्रेनों को जहां निरस्त किया गया है वहीं कुछ के मार्गों में परिवर्तन किये गये हैं।

जबलुपर मंडल के अधीन कटनी - सिंगरौली रेल खंड में ब्यौहारी स्टेशन और छितेनी स्टेशन के मध्य गत रात एक मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए जिससे की उसमे लोड कोयला ट्रैक पर फ़ैल जाने से रेल यातायात प्रभावित हुआ. इस दुर्घटना की खबर लगते ही शक्तिपुंज एक्सप्रेस को उक्त मार्ग के स्थान पर कटनी से सतना मानिकपुर प्रयागराज छिवकी मार्ग से होते हुए हावड़ा की ओर रवाना किया गया इसी तरह जबलपुर की दिशा में आती शक्तिपुंज एक्सप्रेस नंबर 11448 को मार्ग बदलकर धनबाद, चौपन, चुनार, प्रयागराज छिवकी, सतना मार्ग से जबलपुर लाया गया. इसी तरह अजमेर-संतरागाछी ट्रेन न. 18010 को भी उक्त मार्ग से चलाया गया।

उक्त दुर्घटना के कारण कटनी से बरगावां जाने वाली एवं वापसी मेमू ट्रेन न.06623/24 एवं जबलपुर- सिंगरौली - जबलपुर इंटरसिटी ट्रेन न.11651/52 को भी निरस्त किया गया है। रेल प्रशासन द्वारा ट्रैक सुधार के चलते 18 दिसम्बर को जबलपुर से हावड़ा जाने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस नंबर 11447 को इसके निर्धारित रेल मार्ग के स्थान पर जबलपुर से चलकर कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी मार्ग से होते हुए हावडा की ओर दो घंटे तीस मिनट देरी से रवाना किया.।

### दो जोड़ी ट्रेने रद्द और शक्तिपुंज का मार्ग बदला

उक्त दुर्घटना की सूचना मिलते ही रेलवे की दुर्घटना राहत ट्रेन तुरंत स्थल की ओर रवाना हुई तथा मंडल के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत कंट्रोल रूम पहुचे और दुर्घटना एवं ट्रैक के सुधार कार्य हेतु समुचित निर्देश दिए। मालगाड़ी के डिब्बो के पटरी से उतरने की घटना की रेलवे द्वारा जांच भी प्रारंभ कर दी गयी है।

# 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते असिस्टेंट इंजीनियर रंगे हाथ दबोचा गया



**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी स्थित छपारा में सोमवार को जबलपुर से पहुंची लोकायुक्त टीम ने असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ को 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ द्वारा ट्रांसफर हैंडओवर लेने व फाइल पर साइन करने के एवज में उक्त रिश्वत ले रहा था।

इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि ग्राम कंजई जिला सिवनी निवासी कलीम पिता इकबाल खान ने ठेकेदार की ओर से ग्राम टाकला में किसान संत कुमार सहित अन्य किसानों के खेत में 11 केवी लाइन एवं ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया था।

उक्त कार्य पूर्ण होने के बाद 11 केवी लाइन-ट्रांसफार्मर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के हैंडओवर होना था। इस मामले में असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ ने 11केवी लाइन व ट्रांसफारमर हैंडओवर लेने व फाइल पर साइन करने के लिए एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर शैलेन्द्र नाथ द्वारा साइन नही किए जा रहे थे।

जिस पर कलीम खान ने एसपी लोकायुक्त से शिकायत की। इसके बाद रिश्वत की राशि 60 हजार रुपए लेकर आफिस पहुंचा। जहां पर असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ ने रिश्वत की रकम कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर आपरेटर मयंक कुमार साहू को देने के लिए कहा, कलीम खान ने जैसे ही मयंक साहू को रुपए दिए तभी लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े, इंस्पेक्टर स्वप्रिलदास, एसआई शिशिर पांडे सहित 4 सदस्यीय दल ने दबिश देकर रंगे हाथ पकड़ लिया। असिस्टेंट इंजीनियर शैलेन्द्र नाथ व कम्प्यूटर आपरेटर मयंक साहू के पकड़े जाने की खबर से आफिस में हड़कम्प मच गया, देखते ही देखते आफिस के अन्य कर्मचारी व अधिकारी एकत्र हो गए।

# कांग्रेस विधायक का बेटा गिरफ्तार, पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया में कांग्रेस विधायक सोहनलाल बाल्मीक के बेटे आदित्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आदित्य पर पत्नी मोनिका को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पिछले दिनों मोनिका की बहन रितिका ने भी जीजा आदित्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। यहां तक कि परिजनों ने चांदामेटा थाना में शिकायत भी की थी।

बताया गया है कि परासिया विधायक सोहनलाल के बेटे आदित्य की शादी करीब दो साल पहले इटारसी निवासी मोनिका से हुई थी। 14 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे के लगभग मोनिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोनिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की खबर भी उस वक्त पता चली जब आदित्य टिफिन लेने के लिए घर आया, देखा कि कमरे का दरवाजा बंद है, भाई की मदद से दरवाजा तोड़ा तो देखा कि मोनिका फांसी के फंदे पर झूल रही है। मोनिका की मौत की खबर मिलते ही मायके से बहन सहित अन्य परिजन भी पहुंच गए। मोनिका की बहन रितिका ने कहा कि मोनिका पिछले कुछ दिनों से मायके इटारसी में थी।

जीजा आदित्य ने उसे फोन करके कहा कि पापा सोहन वाल्मीकि विधायक बन गए हैं इसलिए तुम भी बधाई देने आ जाओ, मोनिका



अपनी मां के साथ परासिया पहुंच गई। बेटी मोनिका को छोड़कर मां वापस इटारसी पहुंची तो मोनिका का फोन आया कि पति आदित्य द्वारा मारपीट की जा रही है। मारपीट की बात सुनकर जब मां वापस परासिया पहुंची तो पता चला कि मोनिका की मौत हो गई है। पुलिस द्वारा मोनिका की बहन व अन्य परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच में जुटी हुई है।

# क्रिसमस की तैयारियां हुईं तेज, बाजारों में बढ़ने लगी रौनक

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्रिसमस पर्व की नजदीकी को लेकर देश सहित जबलपुर में भी तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। ना सिर्फ नगर के गिरजा घरों को सजाया जा रहा है बल्कि कॉफी हाउस और स्कूल संस्थानों में भी तैयारियों का दौर तेज हो गया है।

क्रिसमस मनाने के लिए बाजार में जगह-जगह सांता क्लॉज़ की पोशाकों की दुकानें सज गई हैं, इन दुकानों में लाल कलर की कैप सहित अन्य खूबसूरत ड्रेस लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इसके अलावा क्रिसमस ट्री, स्टार व अन्य सजावटी सामग्री की खरीददारी बाजार में तेज होती जा रही है। बाजार में भी छोटी साईज से लेकर बड़ी साईज तक के क्रिसमस-ट्री पेश किये गए हैं। इस बार भी क्रिसमस पर्व को लेकर लोगों और बाजार में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

ईसाई धर्म के लोगों ने घरों की साफ-सफाई के साथ रंग रोगन व सजाने का कार्य भी तेज कर दिया है वहीं कपड़ा, ज्वेलरी के साथ-साथ अन्य चीजों की खरीददारी जोरशोर से कर रहे हैं। केक की दुकानों में भी क्रिसमस को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विशेषकर स्कूलों में भी क्रिसमस सेलीब्रेशन की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं वहीं कई संस्थानों में कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने लगे हैं। बाजार में गिफ्टों की दुकानों में भी रौनक तेज होने लगी है।

इस बार क्रिसमस और न्यू-ईयर को देखते हुए एक से बढ़कर एक गिफ्ट आईटम बाजार में उतारे गए हैं। चॉकलेट गिफ्ट पैक से लेकर कॉफी मग, वॉच, ब्रासलेट, फोटो फ्रेम आदि ढेरों गिफ्ट आईटमों की वैयरॉटियों को सजोया गया है।

**क्रिसमस में केक का विशेष महत्व**

जानकारों का कहना है कि क्रिसमस में केक का विशेष महत्व होता है। 25 दिसम्बर क्रिसमस के दिन केक काटकर प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां बांटी जाती है, क्रिश्चियन कम्यूनिटी में प्लम केक का विशेष महत्व होता है लेकिन जब बात सेलीब्रेशन की आती है तो प्लम केक के साथ-साथ तरह तरह के



केक परोसे जाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शहर के लगभग सभी केक दुकानों में नए तरीके के केक बनाए जा रहे हैं और सजाए जा रहे हैं।

# विकास कार्यों को पूर्ण कराने आज 4 घंटे विद्युत व्यवस्था रहेगी बाधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आई.टी. पार्क रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत 33 फीडर एनटीपीसी 1 फीडर, एनटीपीसी 2 फीडर, आई.टी. पार्क फीडर, एवं रमनगरा प्लांट फीडर का शटडाउन 19 दिसम्बर 2023 दिन मंगलवार को सुबह 9: 00 बजे से 01: 00 बजे दोपहर तक लगभग 4 घंटे के लिए शट डाउन लिए जाने की आवश्यकता है। जिसके अंतर्गत भेड़ाघाट सब स्टेशन की विद्युत सप्लाई एवं संबंधित सभी एच.टी. कनेक्शन की विद्युत सप्लाई एवं रमनगरा प्लांट की पानी की सप्लाई भी बंद रहेगी।

उक्त आई.टी. पार्क रोड निर्माण कार्य में विद्युत सप्लाई में की गई कटौती के लिए जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सी.ई.ओ.प्रताप चंद्र सिंह गोहल द्वारा खेद व्यक्त किया गया है।

# महाधिवक्ता पद पर बने रहेंगे प्रशांत सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के महाधिवक्ता पद पर प्रशांत सिंह बने रहेंगे। इस संबंध में सोमवार को विधि और विधायी कार्य विभाग के सचिव उमेश पांडे ने राज्यपाल के आदेशानुसार निर्देश किये है। उल्लेखनीय है कि प्रशांत सिंह को पूर्व में 13 अक्टूबर 2021 को मप्र का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व वे अतिरिक्त महाधिवक्ता पद की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। उन्होंने 1992 में पूर्व महाधिवक्ता रविनंदन सिंह के मार्गदर्शन में वकालत की शुरुआत की थी। 1996 से स्वतंत्र वकालत करते आ रहे है। राष्ट्रीय स्वतंत्र सेवक संघ के संकल्प महा शिविर की जिम्मेदारी निभाने के कारण उन्होंने अतिरिक्त महाधिवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया।

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 92
मीडियम ब्रॉयलर - रु.110
छोटा ब्रॉयलर - रु. 120
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 124
मुर्गा मीडियम - रु. 114
मुर्गा बड़ा - रु. 96
मुर्गा जम्बो - रु. 96
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888,89
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
TUESDAY SHOW OFFER
RS. @ 120/-
16 seater Recliner Theatre Available for Private Screening for Families and Groups
BOOK NOW. 6232124487
ANIMAL: 09:15 AM, 10:30 AM, 01:00 PM, 02:30 PM, 03:30 PM, 05:00 PM, 06:30 PM, 07:15 PM, 09:00 PM, 09:45 PM, 10:30 PM
SAM BAHADUR: 10:00 AM, 12:45 PM, 04:00 PM, 07:00 PM, 11:00 PM
12TH FAIL: 10:30 AM, 01:15 PM

**आसान किस्तों में उपलब्ध**
**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496